सुप्रभात
रांची, गुरुवार
14.03.2024
* * नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ



khabarmantra.net फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 241

06 संस्थापक के सपनों को उड़ान : एक कदम और...







### गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | : 61500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : 76000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




# भारत को आत्मनिर्भर और आधुनिक बनायेगा चिप मैन्युफैक्चरिंग : पीएम

## पीएम मोदी ने सेमीकंडक्टर के तीन बड़े प्रोजेक्ट का किया ऑनलाइन शिलान्यास

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भारत ने सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री में नई शुरूआत की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को 'इंडियाज टेकेड : चिप्स फॉर विकसित भारत' कार्यक्रम में लगभग 1.25 लाख करोड़ रुपये के तीन सेमीकंडक्टर परियोजनाओं का ऑनलाइन शिलान्यास किया। इनमें से 2 प्रोजेक्ट गुजरात और एक असम में है। इस प्रोजेक्ट की नींव रखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा-हम उज्जवल भविष्य की ओर एक बड़ा कदम उठा रहे हैं। चिप मैन्युफैक्चरिंग भारत को आत्मनिर्भरता, आधुनिकता की ओर ले जाएगा। आपको बता दें कि पिछले महीने केंद्रीय कैबिनेट ने तीन सेमीकंडक्टर यूनिट की स्थापना की मंजूरी दी थी। तीनों फैसिलिटीज की मैन्युफैक्चरिंग का काम 100 दिनों के अंदर काम शुरू होगा।

### प्रधानमंत्री मोदी के विजन से ये काम हो रहा : एन चंद्रशेखरन

टाटा ग्रुप के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने कहा कि मेड इन इंडिया सेमीकंडक्टर चिप की मैन्युफैक्चरिंग पीएम मोदी के विजन से पूरी हो रही है। यह सभी डिजिटल प्रोडक्ट के लिए फाउंडेशनल इंडस्ट्री है। टाटा संस के चेयरमैन ने कहा कि हम इस क्रम में 50,000 नौकरियां सृजित करेंगे और यह सिर्फ एक शुरूआत है। आज सेमीकंडक्टर बनाने की हमारी यात्रा शुरू हो गई है।


### निवेश की जगह और लागत

**गुजरात के धोलेरा में :** कुल 91,000 करोड़ रुपये के निवेश के साथ यह देश का पहला कॉमर्शियल सेमीकंडक्टर फैब होगा।

**गुजरात के साणंद में :** गुजरात के साणंद में कुल निवेश लगभग 7,500 करोड़ रुपये होगा।

**असम के मोरीगांव में :** असम के मोरीगांव में सेमीकंडक्टर असेंबली, टेस्टिंग, मार्किंग और पैकेजिंग के लिए प्लाँट स्थापित किया जायेगा। कुल निवेश लगभग 27,000 करोड़ रुपये है।

### जानें क्या होता है सेमीकंडक्टर चिप



सेमीकंडक्टर चिप सिलिकॉन से बनी होती है और सर्किट में इलेक्ट्रिसिटी कंट्रोल करने के काम आती है। ये चिप एक दिमाग की तरह इन गैजेट्स को ऑपरेट करने में मदद करती है। इसके बिना हर एक इलेक्ट्रॉनिक आइटम अधूरा है। कंप्यूटर, लैपटॉप, कार, वॉशिंग मशीन, एटीएम, अस्पतालों की मशीन से लेकर हाथ में मौजूद स्मार्टफोन तक सेमीकंडक्टर चिप पर ही काम करते हैं।

## मुख्यमंत्री ने अधिकारियों के साथ की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक, कहा

# अवैध खनन रोकें, चिह्नित 369 बालू घाट के संचालन का जिम्मा ग्राम पंचायतों को दें

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने बुधवार को प्रोजेक्ट भवन में राज्य में विधि व्यवस्था, रांची में यातायात व्यवस्था, सड़क सुरक्षा एवं अपराध नियंत्रण को लेकर बैठक की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अपराध की घटनाओं पर लगाम लगाएं। उन्होंने कहा कि अपराध मुक्त झारखंड का निर्माण उनकी सरकार की प्राथमिकता है। जमीन खरीद-बिक्री से जुड़े अपराधिक मामलों में संलिप्त लोगों पर कड़ी कार्रवाई करें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि अफीम की खेती रोकने के लिए जंगल बचाओ ग्राम समितियों को साथ लेकर लोगों को जागरूक करें। पेज 2 भी देखें...



**अवैध खनन में संलिप्त लोगों पर कार्रवाई करें :** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में अवैध खनन एक बड़ा मुद्दा है। अवैध खनन को लेकर राज्य की छवि धूमिल हो रही है। अवैध खनन की रोकथाम के लिए गठित टास्क फोर्स को सक्रिय करें। अवैध खनन रोकने के नाम पर सिर्फ वाहनों को पकड़ कर एफआईआर दर्ज करने की खानापूर्ति न करें, बल्कि बिना चालान के वाहनों में कैसे कोयला लोडिंग की जाती है, इसकी भी जांच सुनिश्चित करें।

**अपराध मुक्त झारखंड का निर्माण उनकी सरकार की प्राथमिकता**

**धनबाद में विधि व्यवस्था का संधारण दुरुस्त करें**

**जमीन खरीद-बिक्री से जुड़े अपराधिक घटनाओं की जांच कर दोषियों पर करें कार्रवाई**

### बालू की उपलब्धता सुनिश्चित करायें अधिकारी, टेंडर प्रक्रिया तेज करें

मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों से राज्य में बालू घाटों की टेंडर प्रक्रिया में तेजी लाने को कहा। जनता को आसानी से बालू उपलब्ध हो, यह सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि कैटिगरी-2 वाले चिन्हित 369 बालू घाटों को ग्राम पंचायत स्तर पर संचालित करने की प्रक्रिया शीघ्र पूरी करें। राज्य में 369 बालू घाटों का संचालन ग्राम पंचायत करेगी तभी ग्रामीण क्षेत्र के अलावा शहरी क्षेत्र में भी बालू की मांग को पूरा किया जा सकेगा। मौके पर सीएम को जानकारी दी गयी कि 369 बालू घाटों का संचालन पंचायत स्तर पर किए जाने का निर्णय लिया जा चुका है। संचालन की सभी प्रक्रिया जल्द पूरी कर ली जाएगी। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि राज्य में कैटिगरी-2 की 444 बालू घाटों का टेंडर फाइनल कर दिया गया है। वहीं 444 बालू घाटों में 241 घाटों का एमडीओ एजेंसी फाइनल कर लिया गया है। 116 एमडीओ एजेंसियों के साथ एग्रीमेंट कर लिया गया है, पर्यावरण स्वीकृति मिलते ही इन सभी 116 घाटों में बालू का उठाव कार्य प्रारंभ किया जा सकेगा।

# इडी को 10 कंपनियों के बारे में पता चला, मनी लाउंड्रिंग के साक्ष्य मिले

## विधायक अंबा प्रसाद के दूसरे आवास पर भी पहुंची इडी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/हजारीबाग।** बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद के आवास पर 40 घंटे छापेमारी हुई। विधायक और सीओ शशिभूषण सिंह के रांची, हजारीबाग, मुंबई, धनबाद में छापेमारी की गयी। छापेमारी के दौरान कंपनी के दस्तावेज और महत्वपूर्ण दस्तावेज को इडी जब्त कर चुकी है। बुधवार सुबह करीब 11 बजे इडी की टीम ने दूसरे घर पर भी छापेमारी शुरू की। पहले आवास के स्टॉफ को बुलाया गया। इसके बाद विधायक अंबा प्रसाद की मां निर्मला देवी को भी लाया गया। निर्मला देवी करीब आधे घंटे तक वहां मौजूद रहीं। इसके बाद उन्हें उनके पुराने घर भेज दिया गया।

**इडी के हाथ लगे कई सबूत :** जिस घर में छापेमारी हुई, उस घर को इडी ने सुरक्षा घेरे में लिया। इडी ने छापेमारी के दौरान इलेक्ट्रिक गजट जब्त किया है। छापेमारी के दौरान अंबा प्रसाद की मां पूर्व विधायक निर्मला देवी कुछ भी बोलने को तैयार नहीं थीं। इडी ने योगेंद्र साव के बेटे अंकित राज, बेटी अनुप्रिया और अन्य रिश्तेदारों के नाम पर बनी 10 कंपनियों को भी इस छापेमारी के दायरे में शामिल किया है। इन कंपनियों के माध्यम से मनी लॉन्ड्रिंग को अंजाम देने से संबंधित दस्तावेज भी इडी को मिले हैं।

### अंबा और योगेंद्र साव के खिलाफ ईसीआइआर दर्ज

हजारीबाग में बेशकीमती जमीन पर कब्जा करने के मामले में उभरे विवाद के बाद इडी ने अंबा प्रसाद और योगेंद्र साव के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी की तलाश की और दोनों के खिलाफ ईसीआईआर दर्ज किया। इसके बाद मंगलवार सुबह करीब सात बजे रांची, हजारीबाग और मुंबई स्थित ठिकानों पर छापा मारा गया।



**खबर एक नजर में**

## मुख्य स्थानिक आयुक्त और आइपीआरडी सचिव का पद फिर रह गया रिक्त

**रांची।** राज्य सरकार ने तबादले में एक बार फिर 24 घंटे के भीतर संशोधन किया है। इस संशोधन के बाद मुख्य स्थानिक आयुक्त और आईपीआरडी सचिव का पद फिर रिक्त हो गया। बताते चलें कि 12 मार्च को जारी अधिसूचना से श्री कृष्ण लोक सेवा संस्थान के महानिदेशक सुखदेव सिंह को मुख्य स्थानिक आयुक्त झारखंड भवन का अतिरिक्त प्रभार दिया गया था। उस आदेश को विलोपित कर दिया गया। वहीं खाद्य आपूर्ति सचिव अमिताभ कौशल को अपने कार्यों के साथ सचिव सूचना जनसंपर्क विभाग बनाया गया था। उस आदेश को भी विलोपित कर दिया गया है। अब, इन दोनों पदों पर फिर से नये सिरे से अधिकारियों की नियुक्ति होगी। इस संबंध में कार्मिक विभाग में अधिसूचना जारी कर दी है।

## गोइलकेरा में 2 स्पाइक होल, टोंटो में 10 आइइडी बरामद, जंगल में किया नष्ट

**रांची।** पश्चिमी सिंहभूम जिले में नक्सल विरोधी अभियान में जिले के गोइलकेरा और टोंटो थाना क्षेत्र से 33 किलो के किलो 10 आइईडी लगाये थे, लेकिन पुलिस ने उसे नाकाम कर दिया। जिससे नक्सलियों के इरादों पर पानी फिर गया। इधर, गोइलकेरा थाना क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा पूर्व में बनाये गये दो स्पाइक होल को पुलिस ने ध्वस्त कर दिया है। जानकारी के अनुसार प्ि‍मी सिंहभूम जिले के टोंटो थाना क्षेत्र वन ग्राम जिम्की इकीर बागान के आस पास जंगली पहाड़ी क्षेत्र में नक्सलियों ने सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के लिए पूर्व में 5 केजी का 1, 4 किलो का 1 और 3 किलो के 8 आइईडी बम लगाये थे। बुधवार को सुरक्षा बलों ने सभी बमों को बरामद किया। बाद में बमों को उसी स्थान पर बम निरोधक दस्ता की मदद से सुरक्षात्मक तरीके से विस्फोट कर नष्ट कर दिया गया। जबकि गोइलकेरा थाना क्षेत्र के वनग्राम हाथीबुरु, एवं लोवाबेडा. के आसपास जंगली पहाड़ी क्षेत्र के रास्ते में गड्ढा करके लोहे का रॉड और तीर 2 स्पाइक होल बनाया गया था। जिसे पुलिस ने नष्ट कर दिया।

## लोस चुनाव और होली : पुलिसकर्मियों की छुट्टी रद्द

**रांची।** लोकसभा चुनाव और होली को लेकर रांची जिला बल के पुलिसकर्मियों की छुट्टी रद्द कर दी गयी है। विधि–व्यवस्था के मद्देनजर यह फैसला लिया गया है। विशेष मामलों में जरुरत के अनुसार अवकाश स्वीकृत किया जा सकता है। रांची एसएसपी ने इसको लेकर आदेश जारी कर दिया है। जारी आदेश के मुताबिक, आगामी लोकसभा चुनाव और होली की विधि–व्यवस्था को देखते हुए सभी तरह के अवकाश अगले आदेश तक स्थगित कर दिये गये हैं। पूर्व से अवकाश स्वीकृत होने की स्थिति में भी अधोहस्ताक्षरी के अनुमति के बिना कोई भी पुलिस पदाधिकारी और कर्मी अवकाश में नहीं जा सकते हैं। विशेष परिस्थिति में एसएसपी द्वारा अवकाश स्वीकृत किया जायेगा।

## राजनीतिक वजहों से इडी कर रही परेशान : अंबा

**रांची।** कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि भाजपा की ओर से हजारीबाग और चतरा से लोकसभा चुनाव लड़ने का दबाव बनाया जा रहा था। जब वे नहीं मानी तब इडी के द्वारा उन्हें परेशान किया जा रहा है। अंबा प्रसाद ने एजेंसी के अफसरों पर आरोप लगाया है कि दिनभर उन्हें टार्चर किया गया। उन्हें घंटों एक ही जगह खड़ा रखा गया। यहां तक कि अफसर सीधे उनके बेडरूम तक पहुच गए। अंबा प्रसाद के अनुसार उनकी बहन का एक संदूक भी इडी भी अपने साथ ले गई। इसके साथ ही कुछ फाइल और विधानसभा से जुड़े कागजात जिसमें विधानसभा में उठाए गए सवाल से जुड़े कागजात भी थे उसे भी साथ ले गए। अंबा का आरोप है कि उनके पूरे परिवार को बेवजह फंसाया गया है। एनटीपीसी और अडानी के खिलाफ आवाज उठाने को लेकर भी वो बीजेपी के टारगेट पर आई हैं।

## संतोष कुमार सोनी बने जदयू के प्रदेश महासचिव

**रांची।** जदयू के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो ने मजदूर नेता और एसएफसी मोटिया – मजदूर संघ के केंद्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार सोनी को प्रदेश महासचिव नियुक्त किया है। साथ ही पार्टी संविधान के अनुरूप कार्य करने को लेकर निर्देशित किया। श्री सोनी कुछ दिन पूर्व अपने सैकड़ों समर्थकों संग पार्टी में शामिल हुए थे। श्री सोनी को प्रदेश महासचिव बनाए जाने पर जदयू नेता भगवान सिंह, श्रवण कुमार, सागर कुमार, उपेंद्र सिंह, संजय सिंह, बैद्यनाथ पासवान एवं अन्य ने उन्हें बधाई दी। यह जानकारी प्रदेश प्रवक्ता सागर कुमार ने दी।

E-mail - mdjscb@jscb.gov.in Ph. No. 0651-2913111
Jharkhand State Cooperative Bank Ltd, Ranchi
1st Floor, Shaheed Chowk, Main Road, Ranchi- 834001
Ref. 3853 Date: 13.03.2024
Jharkhand State Cooperative Bank Ltd. Invites "RFP for IT/IS Audit" for JSCB.
Last date for submission of documents: 12.04.2024 till 12:00 Noon.
For eligibility criteria and other details, please visit website : http://www.jscb.gov.in
Sd/-
CEO, JSCB Ranchi

वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची
सर्वसाधारण के लिए सूचना

नाम– अज्ञात, उम्र– करीब 50 वर्ष,
रंग–सांवला, ऊँचाई–5 फीट, 03 ईंच,
बाल– हल्का काला एवं घुंघरैला, दाढ़ी सफेद
उपरोक्त अज्ञात मृतक पुरूष उम्र– करीब 50 वर्ष, का शव दिनांक– 08.09.2022 को सदर अस्पताल राँची के इमरजेन्सी वार्ड में पाये जाने के आधार पर लोअर बाजार थाना यु0डी0 काण्ड संख्या–13/22, दिनांक– 08.09.2022, दर्ज कर जाँच की जा रही है । उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।
अतः सभी जन सधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त अज्ञात मृत पुरूष को जानते पहचानते हैं, तो इसके संबंध में वरीय अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नलिखित फोन नम्बर पर सम्पर्क कर इसकी सूचना दें ।
पुलिस उपाधीक्षक सिटी राँची | 9431706139
थाना प्रभारी लोअर बाजार राँची | 9431472013
वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची
PR 322472 Police(23-24).D

जिला स्तरीय कार्यालय
झारखंड शिक्षा परियोजना, रामगढ़
राजकीय बुनियादी विद्यालय परिसर, गोला रोड, रामगढ़ कैंट
ई मेल :– ssa_ramgarh@rediffmail.com फोन नं0/फैक्स नं० – 06553–231133,
आवश्यक सूचना
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, रामगढ़ के अंतर्गत जिले में संचालित चार कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय में रिक्त 8 पूर्णकालिक शिक्षिका के चयन हेतु आवेदकों की सम्पूर्ण विवरणी रामगढ़ जिले के आधिकारिक वेबसाईट www.ramgarh.nic.in पर अपलोड की गई है। प्राप्त सूचना के अनुसार असमाजिक तत्वों द्वारा चयन हेतु आवेदकों से फोन के माध्यम से सम्पर्क करते हुए राशि की माँग की जा रही है, जबकि अंतिम चयन पूर्णतः मेधांक के आधार पर किया जाना है। आवेदकों के चयन में झारखण्ड शिक्षा परियोजना, रामगढ़ द्वारा किसी प्रकार का फोन नहीं किया जा रहा है और न ही राशि की माँग की जा रही है। सभी आवेदकों से अनुरोध है कि ऐसे झूठी अफवाह एवं जालसाजों से बचें।
ह0/–
जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
समग्र शिक्षा अभियान रामगढ़।
PR 322466 (District) 23-24 (D)

# राज्य में अपराध की घटनाओं पर हर हाल में लगायें लगाम : चंपई सोरेन

### राज्य में विधि व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, सड़क सुरक्षा और अपराध नियंत्रण पर सीएम ने की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कहा है कि अपराध मुक्त झारखंड का निर्माण उनकी सरकार की प्राथमिकता है। वे कल अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने डीजीपी से कहा कि बीते कुछ महीनों में धनबाद जिला में ऑर्गेनाइज्ड क्राईम सहित अन्य आपराधिक घटनाओं को अंजाम दिया गया है। प्रशासन, धनबाद जिला में विधि व्यवस्था के संधारण पर विशेष नजर रखे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि विगत दिनों धनबाद में घटित घटनाओं की तफ्तीश शीघ्र पूरा कर पुलिस दोषियों पर कड़ी कार्रवाई सुनि‍ि‍त करें। धनबाद में अपराधिक घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो इस निमित्त प्रशासन प्रतिबद्धता के साथ कार्य करे। अधिकारियों से कहा कि पिछले कुछ दिनों पहले राज्य के भीतर कई धार्मिक स्थलों पर असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़फोड़ एवं अन्य घटनाओं को अंजाम दिया गया है। इस प्रकार की घटनाओं में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी जल्द से जल्द की जाए।

**घटना से जुड़े अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा मिले**

मुख्यमंत्री ने कहा कि अपराधिक घटनाएं कहीं-कहीं घटती हैं, परंतु इन घटनाओं का असर पूरे राज्य में होता है। इसलिए यह जरूरी है कि ऐसी घटनाओं से जुड़े अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा मिले। मुख्यमंत्री ने कहा कि घटना किसी एक जगह पर होती है लेकिन उस घटना की वजह से पूरे राज्य की छवि खराब होती है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि धार्मिक स्थलों पर किस उद्देश्य से असामाजिक तत्वों द्वारा अपराधिक घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है, इसकी पूरी जांच करें। राज्य के भीतर आपसी भाईचारा और सौहार्दपूर्ण वातावरण बनी रहे यह हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। पुलिस प्रशासन इन सभी मामलों पर त्वरित कार्रवाई सुनि‍ि‍त करें तभी अपराध नियंत्रण में सफलता मिलेगी।

**बैठक में इनकी रही उपस्थिति**

बैठक में राज्य के मुख्य सचिव एल खियांग्ते, डीजीपी अजय कुमार सिंह, प्रधान सचिव वंदना दादेल, सचिव परिवहन कृपानंद झा, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल, सचिव खनन जितेंद्र कुमार सिंह, सचिव उत्पाद एवं मद्य निषेध मुकेश कुमार, डीजी, विशेष शाखा अनुराग गुप्ता, एडीजी, अभियान संजय आनंद लाटकर, निदेशक खान शशि रंजन, संयुक्त परिवहन आयुक्त प्रवीण प्रकाश, आईजी सीआईडी असीम विक्रांत मिंज, डीआईजी विशेष शाखा एस कार्तिक, डीसी, एसएसपी और ट्रैफिक एसपी सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

### शहर में ट्रैफिक व्यवस्था को सुगम बनाएं

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि आम जनता की सुविधा के लिए यह जरूरी है कि शहर में ट्रैफिक व्यवस्था को सुगम किया जाए। शहर में विभिन्न तरह के निर्माण कार्य जैसे फ्लाईओवर निर्माण, वॉटर पाइपलाइन का कार्य, नाला का निर्माण इत्यादि की वजह से अगर ट्रैफिक से संबंधित समस्याएं उत्पन्न होती है। इन सभी समस्याओं का वैकल्पिक उपाय निकलते हुए जाम की समस्या से आम जनता को निजात दिलाएं। शहर में चलने वाले ऑटो रिक्शा एवं ई–रिक्शा चालकों को परमिट देने तथा रूट निर्धारित करने की दिशा में कार्रवाई करें। रांची शहर के भीतर परिचालन व्यवस्था के सुधार को प्रतिबद्धता के साथ कार्य की जाए तभी ट्रैफिक की समस्या का समाधान किया जा सकेगा। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि नगर निगम द्वारा संचालित सिटी बसों के यात्री पड़ाव एवं समय का निर्धारण सुनि‍ि‍त करें, ताकि राहगीरों को सुविधा मिल सके। बैठक में अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि रांची शहर की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए यह जरूरी है कि सड़क किनारे लगने वाले फुटपाथ दुकानों को वेंडिंग जोन का निर्माण कराकर व्यवस्थित किया जाये। इसके लिए रांची नगर निगम द्वारा शहर के 11 चिन्हित स्थानों पर वेंडिंग जोन बनाने की दिशा में अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि वेंडिंग जोन निर्माण में अगर कोई समस्या उत्पन्न हो रही है तो मुख्य सचिव के साथ बैठक कर विभिन्न विभागों से समन्वय स्थापित करते हुए समस्याओं का निराकरण यथाशीघ्र कर लें।

# योजनाओं में गुणवत्ता के साथ किसी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं होगा : मुख्यमंत्री

### सीएम ने की पथ निर्माण, भवन निर्माण, ग्रामीण कार्य, जल संसाधन, पेयजल एवं स्वच्छता तथा नगर विकास एवं आवास विभाग के महत्वपूर्ण योजनाओं की उच्च स्तरीय समीक्षा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने बुधवार को भवन निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, नगर विकास एवं आवास विभाग, पथ निर्माण विभाग तथा ग्रामीण कार्य विभाग विभाग की समीक्षा की। मौके पर उन्होंने 10 करोड़ रुपए की राशि से ऊपर की योजनाओं के अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को कई अहम निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं से राज्य की विकास की दिशा तय होगी। ऐसे में ये सभी योजनाएं समय पर पूर्ण हों और इसकी गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए। बैठक में मुख्य सचिव एल. खियांग्ते, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव वंदना दादेल, सुनील कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल, प्रशांत कुमार, मनीष रंजन, के. श्रीनिवासन, चंद्रशेखर और राजेश शर्मा समेत कई अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

**योजनाएं तय समय सीमा में पूरी होनी चाहिए**

छह विभागों की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में सीएम ने अधिकारियों से कहा कि जो भी योजनाएं चल रही है, वह तय समय सीमा में पूरी हो जानी चाहिए। अगर योजनाओं में किन्ही वजहों से विलंब हो रहा है, तो उसका त्वरित समाधान निकालें। जिस योजना की जो भी डेडलाइन तय है, उसी के अनुरूप कार्य में तेजी लाकर उसे पूरा करें, ताकि उसका लाभ यहां की जनता को मिल सके।

**योजनाओं के लंबित रहने से बढ़ जाती है लागत राशि**

कई योजनाओं के लंबे समय से लंबित रहने पर चिंता जाहिर करते हुए सीएम ने कहा कि यह राज्य हित में नहीं है। इससे योजनाओं की लागत राशि काफी बढ़ जाती है। इस वजह से सरकार पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ पड़ता है। ऐसे में जो भी लंबित योजनाएं हैं, उसको पूर्ण करने की दिशा में समुचित और त्वरित कदम उठाए जाएं।

**विभागों के साथ समन्वय बनाकर कार्य करें**

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से कहा कि वे विभिन्न योजनाओं को लेकर संबंधित विभागों के बीच समन्वय बनाकर कार्य करें, ताकि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार का व्यवधान आ रहा है, तो उसका निराकरण हो सके। उन्होंने कहा कि कई ऐसी योजनाएं होती है, जहां विभिन्न विभागों की भागीदारी होती है। ऐसे में वे विभाग मिलकर योजनाओं को गति देने का काम करें।

**एक सप्ताह में योजनाओं की रिपोर्ट दें**

मुख्यमंत्री ने कहा कि कौन परियोजना कब तक पूरी हो जायेगी। किन योजनाओं के क्रियान्वयन में समस्याएं आ रही है। उन समस्याओं की क्या प्रकृति है, इसकी पूरी सूची तैयार कर एक सप्ताह के अंदर समर्पित करने का निर्देश दिया, ताकि उसके समाधान की दिशा में अग्रतर कार्रवाई हो सके।

**गर्मी में पेयजल संकट नहीं होना चाहिए**

मुख्यमंत्री ने कहा कि गर्मी का मौसम आ रहा है। ऐसे में पेयजल का संकट नहीं हो, इसके लिए सारी तैयारियां पूरी कर ली जानी चाहिए। पेयजल से जुड़ी जो भी योजनाएं हैं, उसे त्वरित गति दी जाए। इसके अलावा जरूरतों को ध्यान में रखकर पेयजल की योजनाओं की कार्य योजना तैयार कर उसका क्रियान्वयन करें।

**सिंचाई से जुड़ी परियोजनाएं ऐसे बनें की उसमें कम से कम गांव डूब क्षेत्र में आएं**

मुख्यमंत्री ने जल संसाधन विभाग की योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि सिंचाई और जलाशय से जुड़ी परियोजनाओं में इस बात का पूरा ख्याल रखे कि डूब क्षेत्र में कम से कम गांव प्रभावित हों। इससे विस्थापन समय कई समस्याएं उत्पन्न होती है।

## गैंगस्टर प्रिंस खान से संपर्क निकला सीओ शशिभूषण सिंह का!

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने मंगलवार को विधायक अंबा प्रसाद से जुड़े 17 ठिकानों पर छापेमारी की थी। इनमें से एक ठिकाना गोविंदपुर सीओ शशिभूषण सिंह का भी था। इडी ने गोविंदपुर सीओ शशि भूषण सिंह के घर पर छापेमारी कर 15 लाख कैश बरामद किये। इसको लेकर बीजेपी के प्रदेश प्रवक्ता विनय कुमार सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कई आरोप लगाये हैं। विनय कुमार सिंह ने कहा कि शशिभूषण सिंह की अमीरी अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उनके आवास से बरामद पांच लाख सिर्फ 2000 के नोट हैं। अमीरी इतनी है कि इन्होंने इन नोटों को बदलवाने की जरुरत नहीं समझी।

**विनय सिंह का आरोप, कर्मचारी-सीओ का धनबाद - दुबई अंडरवर्ल्ड नेटवर्क से संबंध :** विनय कुमार सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि गोविंदपुर अंचल कार्यालय में काम करने वाले गुलरेज, सोनू ,अदनान सुमित और मेहदी जैसे कुछ कर्मचारी, सीओ का अंडरवर्ल्ड के साथ संबंध है। ये उनके लिए दलाली का काम भी करते हैं। प्रिंस खान के नाम पर लोगों को धमकाना और पैसे वसूलकर प्रिंस खान तक पहुंचना इनका काम है।

**सीओ शशि भूषण सिंह की नाजायज संपत्ति की सूची :** विनय कुमार सिंह ने आरोप लगाया कि शशि भूषण सिंह की पत्नी गीता देवी, भतीजी पूजा सिंह, बेटी रिया सिंह, भांजा की पत्नी प्रीति सिंह, मित्र मतबर सिंह, मनीष सिंह, मकसूदन सिंह, भांजा धनंजय सिंह, साला की पत्नी सुमन कुमारी, दोस्त की पत्नी रेणु सिंह, बलवीर जैन, निशांत कुमार, दिव्या कुमारी, नेहा कुमारी, अशोक कुमार और विक्की कुमार के नाम पर रांची के नामकुम अरगोड़ा, हेसाग, हटिया और तुपुदाना अंचल में कई एकड़ जमीन ले रखी है।

## वे कहते हैं 'झारखंड झुकेगा नहीं', हमारा कहना है 'झारखंड लुटेगा नहीं': सुदेश


**रांची/गिरिडीह।** संयुक्त बिहार में जब आंदोलनकारियों पर लाठियां चलती थी तब भी जेएमएम उसी कांग्रेस- आरजेडी के साथ मिल कर झारखंड के लूट में शामिल था और आज भी लूट जारी है। जेएमएम वाले कहते हैं झारखंड झुकेगा नहीं, तो एक नारा हमारा भी है कि झारखंड लुटेगा नहीं। उनकी लूट और झूठ का सिलसिला अब खत्म करना है।

उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने मदेडीह स्टेडियम, तोपचांची, धनबाद में आयोजित गिरिडीह लोकसभा स्तरीय ग्राम प्रभारी सम्मेलन में कही। इस दौरान नवनियुक्त पदाधिकारियों ने शपथ ग्रहण किया। मौके पर कोंग्रेस और जेएमएम के कई नेताओं और कार्यकताओं ने थामा आजसू का दामन। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की नाकामियों, गलत नीतियों और अराजकता के चलते राज्य में निराशाजनक माहौल है। ऐसे अराजकता से राज्य को बाहर निकालने में पार्टी के कार्यकर्ता की भूमिका पर सबकी नजर है।

# अंबा बतायें, किसने बनाया था भाजपा से चुनाव लड़ने का दबाव : आदित्य साहू

**जीमन और बालू की लूट में लगी हैं बड़गांव की विधायक**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद ने आरोप लगाया है कि भाजपा उनपर चतरा या हजारीबाग लोकसभा सीट से पार्टी की टिकट पर चुनाव लड़ने का दबाव बना रही थी। इसे लेकर भाजपा के प्रदेश महामंत्री और राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। उन्होंने कहा कि अंबा प्रसाद ईडी की कार्रवाई के बाद अनर्गल बयानबाजी कर रही हैं। कहा कि अंबा प्रसाद यह बताये कि आखिर वह कौन लोग हैं, जो उन पर भाजपा से चुनाव लड़ने का दबाव बना रहे थे। उन लोगों का नाम और चेहरा उजागर करें। बड़कागांव की जनता यह जानना चाहती है।

आदित्य साहू ने कहा कि बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में पिछले 15 साल से अंबा प्रसाद के परिवार के लोग चुनाव जीत रहे हैं। वहां की स्थिति इन्होंने खराब कर दी है। खुलेआम बालू की लूट हो रही है। पुलिस जब बालू लदे ट्रक को जब्त करती है तो उनके गुर्गे जबरदस्ती थाना से छुड़ा कर ले जाते हैं। उन्होंने अंबा प्रसाद पर पतरातु में कयूम अंसारी और जमील अंसारी की जमीन लूटने का आरोप लगाया।

**यूपी और बिहार जा रहा झारखंड का बालू**

आदित्य साहू ने कहा कि जब-जब झारखंड में कांग्रेस के समर्थन से सरकार बनती है। राज्य में खान, खनिज और जमीन की लूट होती है। झारखंड का बालू यूपी और बिहार जा रहा है, लेकिन यहां के लोगों को 50 रुपये बोरी बालू खरीदना पड़ रहा है। भाजपा के नेतृत्व में जब सरकार थी तब गांव के लोगों को बालू बिक्री का अधिकार दिया गया था, लेकिन गठबंधन की सरकार राज्य में बालू से तेल निकालकर पीने का काम कर रही है।

# हमारी अर्थव्यवस्था आज विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था : राज्यपाल

### पीएम-सूरज पोर्टल के शुभारंभ के मौके पर एटीआई में कार्यक्रम आयोजित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बुधवार को पीएम-सूरज पोर्टल का शुभारंभ किया। इस मौके पर श्रीकृष्ण लोक प्रशासन संस्थान (एटीआई) में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री की यह एक अभिनव पहल है, जो हमारे देश की प्रगति व सशक्तिकरण की दिशा में अहम कदम है। यह पोर्टल आय-सृजन गतिविधियों के लिए ऑनलाइन आवेदन की सुविधा प्रदान करता है। उन्होंने इस पहल के लिए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय को भी बधाई दी। राज्यपाल ने कहा कि हमारा देश विकास के पथ पर निरंतर अग्रसर है। हमारी अर्थव्यवस्था आज विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। विकास का लाभ विभिन्न स्तरों पर दिख रहा है। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री द्वारा स्वच्छ भारत अभियान का शुभारंभ किया गया। विगत दशक में स्वच्छता की दिशा में हुए क्रांतिकारी परिवर्तन को देखा जा सकता है। रेलवे स्टेशनों पर स्वच्छता को देखा जा सकता है।

**देशवासियों के विकास व कल्याण के प्रति प्रतिबद्ध हैं पीएम**

उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री देशवासियों के विकास व कल्याण के प्रति प्रतिबद्ध है। उनके द्वारा कारीगारों एवं शिल्पकारों को सशक्त बनाने व सहायता प्रदान करने के लिए अपने जन्मदिन पर पीएम विश्वकर्मा योजना का शुभारंभ किया। आज वे वंचित वर्गों के कल्याणार्थ ऋण सहायता प्रदान के उद्देश्य से पीएम-सूरज पोर्टल लॉन्च किया जा रहा है। यह ऋण सहायता उनकी सामाजिक-आर्थिक प्रगति में सार्थक होगी। प्रसन्नता है कि हमारे झारखण्ड राज्य में 500 से अधिक लाभार्थी इस योजना के अंतर्गत हैं। यह पहल चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में सेवा करने वाले फ्रंटलाइन कार्यकताओं के स्वास्थ्य व सुरक्षा की दिशा में अहम है। उन्होंने कहा कि आज बेघरों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना संचालित हैं। सबको नल के माध्यम से स्वच्छ पेयजल सुलभ हो, इसके लिए जल जीवन मिशन योजना संचालित हैं। विश्व का सबसे बड़ा स्वास्थ्य बीमा कार्यक्रम आयुष्मान भारत योजना संचालित हैं, जो प्रति पात्र परिवार को प्रति वर्ष 5 लाख रुपये तक का कैशलेस स्वास्थ्य बीमा लाभ प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री जी के लिए हर देशवासी उनके परिवार के सदस्य हैं। वे निरंतर लोगों से संवाद करते हैं और उन्हें प्रेरित करते हैं। राज्यपाल ने सभी से विभिन्न योजनाओं के संदर्भ में जागरूक होने का आह्वान किया।



# खुशहाल किसान
# यूपी की पहचान

### प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से
## 2.68 करोड़ किसानों को 68,139 करोड़ रुपये हस्तांतरित

- फूड बास्केट ऑफ इंडिया के रूप में उत्तर प्रदेश की पहचान
- दूध, गन्ना, आलू, आम एवं आंवला के उत्पादन में देश में नंबर-1
- नन्द बाबा दुग्ध मिशन के अंतर्गत 585 दुग्ध समितियों का गठन
- पीएम कुसुम योजना से किसानों को 51,774 सोलर पंपों का आवंटन
- श्रीअन्न के प्रोत्साहन हेतु उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरुद्धार कार्यक्रम संचालित
- अंतर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष-2023 के दृष्टिगत मिलेट्स की विभिन्न फसलों के 43,000 से अधिक बीज मिनी किट वितरित
- 7,239 गोआश्रय स्थलों की स्थापना 14.38 लाख से अधिक गोवंश संरक्षित
- 3,421 एफपीओ का गठन
- 49 जनपदों के 85710 हेक्टेयर भूमि में प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन
- खाद्यान्न उत्पादन की विकास दर 5.1 प्रतिशत प्राप्त कर 625 लाख मीट्रिक टन से अधिक खाद्यान्न तथा 21.57 लाख मीट्रिक टन तिलहन का उत्पादन
- 125 मंडियों की स्थापना
- राष्ट्रीय कृषि बाजार (ई-नाम) लागू करते हुए 3,468 करोड़ रुपये का डिजिटल व्यापार
- एग्रीटेक स्टार्टअप/इन्क्यूबेशन सेंटर की स्थापना
- मुख्यमंत्री खेत सुरक्षा योजना प्रारंभ







## किसानों की मददगार डबल इंजन की सरकार

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

## स्टेक होल्डर्स के प्रशिक्षण सत्र में बोले मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी

# दिव्यांग वोटरों के लिए पब्लिक ट्रांसपोर्ट की व्यवस्था होगी, बूथों पर रहेंगी सभी सुविधाएं

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा कि लोक सभा निर्वाचन में कोई भी मतदाता नहीं छूटे यह हम सबों की सामाजिक एवं नैतिक जिम्मेवारी है। इसलिए समाज के सभी प्रबुद्धजनों, स्वंयसेवी/ स्वैच्छिक/ गैरसरकारी संगठनों के प्रतिनिधियों से अपील है कि वैसे मतदाता, खासकर दिव्यांगजन, जो आपके आस पड़ोस में हैं, उनकी सहायता कर उनका मतदाता पत्र बनवा दें। वोटर हेल्पलाइन ऐप्प के माध्यम से अथवा नजदीकी बीएलओ से संपर्क करने पर उनका मतदाता पहचान पत्र आसानी से बन जायेगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार बुधवार को रांची में दिव्यांगजनों की



सहायता के लिए कार्यरत एक स्वयं सेवी संस्थान के द्वारा आयोजित स्टेक होल्डर्स के प्रशिक्षण सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मत महत्वपूर्ण है। इसलिए देश के इस महापर्व में अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। उन्होंने कहा कि इस बात को आत्मसात कर लें कि आपके ही मत से सरकार बनती है और देश की दिशा तय होती है।

**शत प्रतिशत हो मतदान :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि विगत के चुनाव में रांची में पीडब्लूडी मतदाताओं ने 90% से अधिक मतदान किया है। आसन्न लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर सभी पीडब्ल्यूडी (दिव्यांग) मतदाताओं से अपील है कि वे इस महापर्व में अपने मताधिकार का अवश्य उपयोग करें, ताकि यह आंकड़ा शत-प्रतिशत तक पहुंचे। इनसे सभी मतदाताओं को प्रेरणा लेने की आवश्यकता है, ताकि आगामी लोकसभा चुनाव-2024 में अधिक से अधिक लोग अपने मताधिकार का प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि इस बार प्रत्येक मतदान केंद्र पर जन-सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाना है। दिव्यांग, गर्भवती माताओं एवं वरिष्ठ मतदाताओं के लिए हरेक मतदान केंद्र पर पर रैंप, शेड, पेयजल, शौचालय एवं अलग से कतार की व्यवस्था रहेगी।

भारत निर्वाचन आयोग के सक्षम ऐप का उपयोग कर दिव्यांग मतदाता अपने लिए व्हील चेयर की व्यवस्था कर सकेंगे। मतदान के दिन इन मतदाताओं के लिए पब्लिक ट्रांसपोर्ट के लिए फ्री पास की सुविधा रखी जानी है, जहां पब्लिक ट्रांसपोर्ट उपलब्ध नहीं रहेगा वहां इनके लिए मतदान केन्द्र तक आने जाने के लिए निजी वाहन भी भाड़े पर रखे जाएंगे। इसके साथ-साथ जो वाहन से भी मतदान केंद्र पर आने में असक्षम हैं, उनके लिए घर पर ही मताधिकार के प्रयोग की व्यवस्था की गई है।

उन्होंने कहा कि आगामी निर्वाचन में सभी बूथों पर मूलभूत सुविधा उपलब्ध है अथवा नहीं इसके लिए एक थर्ड पार्टी सोशल ऑडिट टीम द्वारा सभी बूथों पर सर्वेक्षण के कार्य किया जा रहा है।

कार्यक्रम में उप निर्वाचन पदाधिकारी संजय कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी विवेक कुमार सुमन, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा रांची सुरभि सिंह, विवेक कुमार सिंह, दिव्यांग मौजूद थे।

## पीजीटी शिक्षक परीक्षा की सीबीआइ जांच हो : रमाकांत

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता रमाकांत महतो ने हाल में झारखंड स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक (पीजीटी) संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 के जारी परिणाम को लेकर जेएसएससी और राज्य सरकार पर मिलीभगत करने और परीक्षा में धांधली करने का आरोप लगाया है। इसकी सीबीआइ जांच की मांग भी की है। आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा है कि जेएसएससी बार-बार जानबूझकर दागी एजेंसियों द्वारा परीक्षाएं आयोजित करती है। सरकार के संरक्षण में परीक्षा केंद्र को मैनेज करती है। भ्रष्टाचार को बढ़ावा देकर चहेतों को पास कराती है। लाखों करोड़ों रुपये की उगाही होती है। इसका प्रमाण स्पष्ट दिखता है कि किस प्रकार बोकारो जिला के एक परीक्षा केंद्र में सीरियल नम्बर से विभिन्न विषयों के कुल 481 अभ्यर्थी पास हुए हैं। यह सीधे तौर पर व्यापक पैमाने पर धांधली है। आरोप लगाते कहा कि पूर्व में भी हेमंत सरकार में जेपीएससी की परीक्षा भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी थी।

## डाउनलोड नहीं हो रहा जेपीएससी का एडमिट कार्ड, परेशानी बढ़ी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) ने 17 मार्च को होने वाली सिविल सेवा परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिया है।, लेकिन एडमिट कार्ड डाउनलोड नहीं हो रहा है। बीते 12 मार्च से ही अभ्यर्थी एडमिट कार्ड डाउनलोड करने को लेकर परेशान हैं। अपनी इसी परेशानी को लेकर अभ्यर्थी जेपीएससी कार्यालय गए। लगभग तीन घंटे तक अभ्यर्थी खड़े रहे। इस दौरान अलग-अलग जिले के अधिकारी कार्यालय के अंदर जाते रहे, लेकिन किसी ने अभ्यर्थियों की समस्या जानने की कोशिश नहीं की। अभ्यर्थियों ने बताया कि एडमिट कार्ड डाउनलोड नहीं हो रहा है। अब जिनका रांची के बाह सेंटर है, वो अपने सेंटर के बारे में पहले से नहीं जानेंगे तो वहां कैसे पहुंचेंगे?

## 322 लोगों का कटा चालान, दो लाख ₹50 हजार की हुई वसूली

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** शहर में यातायात को सुगम बनाने के लिए यातायात पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल ने चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग अभियान के दौरान यातायात पुलिस ने 322 लोगों का चालान काटा। इनलोगों से पुलिस ने दो लाख 45 हजार रूपये की वसूली की। अभियान गोंदा, कचहरी समेत कई इलाकों में चलाया गया।

## खबर एक नजर में

### दुष्कर्म का आरोपी रांची से गिरफ्तार

**रांची।** एक लड़की के साथ कोलकाता में पिछले दो सालों से लिव इन में रहने के बाद दूसरी लड़की से मंगनी कर लेने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को तुपुदाना ओपी से गिरफ्तार किया है। रातू रोड थाना क्षेत्र की युवती ने अखिल भारतीय मानवाधिकार संघ के राष्ट्रीय सचिव सुनील किस्पोट्टा को बताया कि रामगढ़ मुरपा के गोला थाना क्षेत्र के निवासी संजय यादव ने न केवल उसके साथ दोस्ती की बल्कि शारीरिक संबंध भी बनाए। अब उसने किसी और लड़की से मंगनी कर ली और शादी की योजना बना रहा है। मानवाधिकार आयोग और पुलिस के सतर्कता से आरोपी को तुपुदाना से गिरफ्तार कर लिया गया है।

### कांके मैराथन 2024 के प्रतिभागी हुए पुरस्कृत



**रांची।** कांके मैराथन 2024 के विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किया गया। मुख्य अतिथि सुदेश कुमार महतो ने 10 किमी पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त उरुगुटु निवासी विकेश कुमार को 25001 प्रथम पुरस्कार दिया। द्वितीय स्थान पर गार्गी निवासी हेमंत कुमार को 15001 रुपये तथा तृतीय पुरस्कार केदल निवासी संजय महतो को 10001 दिया। पुरुष वर्ग के पुरस्कार जेके इंटरनेशनल स्कूल द्वारा प्रायोजित थे। महिला 3 .5 किलोमीटर प्रतिस्पर्धा में प्रथम स्थान पर गाड़ी गांव निवासी ममता कुमारी को 25001 रुपए, द्वितीय स्थान पर संजू तिर्की कों 15001 रुपये और तृतीय स्थान पर कुम्हरिया निवासी सीता देवी को 10001 रुपये की राशि दी गई। महिला वर्ग की पुरस्कार राशि वाइ.बी.एन यूनिवर्सिटी द्वारा प्रायोजित थी।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर संत जेवियर्स कॉलेज में रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित

**रांची।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बुधवार को संत जेवियर्स कॉलेज मे वुमन सेल और आईक्यूएसी के द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य विषय इन्वेस्ट इन वुमन एक्सीलेरेट प्रोग्रेस था। नुक्कड़ नाटक कर महिलाओं की आवाज बुलंद की गई तो कहीं भोजन और पहनावा प्रतियोगिता मे विद्यार्थियों ने हुनर दिखाया। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने 12 राज्यों को प्रस्तुत किया और हर राज्य के संस्कृति को अपने पहनावे और भोजन के दारा दशार्यो इसके अलावा पोस्टर बनाने की प्रतियोगिता और कैप्शन लेखन प्रतियोगिता के द्वारा समान अधिकार का संदेश दिया गया। मौके पर वुमन सेल की अध्यक्ष डॉ भारती रायपत ने कहा कि जब भी महिलाओं समान अधिकार न मिले तो उसके विरोध में आवाज उठानी चाहिए और हर क्षेत्र में समान रुप से सम्मिलित करना चाहिए।

### कई प्रोफेसर इंचार्ज और असिस्टेंट प्रोफेसर बदले

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय ने 2 प्रिंसिपल व 15 सहायक प्राध्यापक का ट्रांसफर कर दिया है। डोरंडा कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. बीपी वर्मा को बीएन जालान कॉलेज सिसई का प्रिंसिपल बनाया गया है। वहीं, महिला कॉलेज गुमला की प्रिंसिपल डॉ. समशुन नेहार को केओ कॉलेज गुमला का प्रिंसिपल बनाया गया है। पीजी डिपार्टमेंट बॉटनी के असिस्टेंट प्रोफेसर कुणाल कंदील को मांडर कॉलेज, मांडर का प्रोफेसर इंचार्ज, यूनिवर्सिटी डिपार्टमेंट कॉमर्स के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. निजामुद्दीन जुबेरी को केसीबी कॉलेज बेड़ो का प्रोफेसर इंचार्ज, यूनिवर्सिटी डिपार्टमेंट इंग्लिश के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. राजकुमार शर्मा को डोरंडा कॉलेज रांची का प्रोफेसर इंचार्ज, केओ कॉलेज गुमला के असिस्टेंट प्रोफेसर को महिला कॉलेज गुमला का प्रोफेसर इंचार्ज बनाया गया है। वहीं एसएस मेमोरियल कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. आजाद अहमद को यूनिवर्सिटी डिपार्टमेंट ऑफ उर्दू, सिमडेगा कॉलेज सिमडेगा के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. रवि भूषण साहू को केसीबी कॉलेज, सिमडेगा कॉलेज के आलोक कुमार को जेएन कॉलेज धुर्वा, बीएस कॉलेज लोहरदगा के असिस्टेंट प्रोफेसर वासुदेव हास्सा को बिरसा कॉलेज खूंटी, केओ कॉलेज गुमला के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. दिलीप प्रसाद को बीएन जालान कॉलेज सिसई, मारवाड़ी कॉलेज रांची के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. विकास कुमार को यूनिवर्सिटी डिपार्टमेंट ऑफ कॉमर्स बनाया गया है।

## लोकसभा चुनाव 2024 के लिए तैयार हुआ इलेक्शन एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग सेल, सी-विजिल को लेकर भी जागरूकता अभियान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर रांची जिला प्रशासन अपनी तैयारियों में जुटा हुआ है। चुनाव के घोषणा से पहले ही निष्पक्ष मतदान की तैयारियां पूरी की जा रही हैं। लोकसभा चुनाव को लेकर आधा दर्जन के करीब मॉनिटरिंग सेल का ड्राय रन भी शुरू कर दिया गया है। लोकसभा चुनाव को लेकर राजधानी में इलेक्शन एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग सेल को विशेष रूप से तैयार किया गया है। यह सेल चुनाव की घोषणा होते ही पूरी तरह से एक्टिव हो जाएगा।

रांची डीसी राहुल सिन्हा ने बताया कि चुनाव की घोषणा के साथ ही सभी एनफोर्समेंट एजेंसियां प्रभावी हो जाती हैं। वहीं स्टेटिक



सर्विलांस टीम भी चुनाव की अधिसूचना के साथ ही अलर्ट हो जाती हैं। रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने बताया कि लोकसभा चुनाव के दौरान प्रत्याशियों के द्वारा चुनाव की निगरानी बेहद महत्वपूर्ण होती है। चुनाव के संचालन के दौरान उम्मीदवार के खर्चों का रिकॉर्ड रखना महत्वपूर्ण होता है। इसकी निगरानी का पूरा दायित्व इलेक्शन एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग सेल पर होता है। इलेक्शन एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग सेल के अंतर्गत धन के आने-जाने का सारा हिसाब किताब रहता है जो चुनाव में इस्तेमाल किया जा रहा है।

### सी विजिल ऐप का होगा प्रयोग

डीसी राहुल कुमार ने बताया कि चुनाव में आचार संहिता जब लागू होगी तब उसे कड़ाई से पालन करने के लिए आयोग सीधे नजर रखेगा। इसके लिए सी विजिल एप का सहारा लिया जाएगा। सी–विजिल ऐप को लेकर जिला प्रशासन के कर्मियों को ट्रेंड कर दिया गया है। इस ऐप के माध्यम से वोटरों को लोभ और लालच देकर मतदान को प्रभावित वाले प्रत्याशियों पर कार्रवाई की जाती है। सी–विजिल ऐप को लेकर जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है।

### कैसे होता है सी-विजिल एप का प्रयोग

निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने मोबाइल ऐप सी–विजिल को पिछले वर्ष ही लॉन्च किया था। इस ऐप के जरिए आम लोग आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत कर सकते हैं। मतदान के एक दिन पहले और एक दिन बाद तक कोई भी व्यक्ति इस ऐप के जरिए कहीं भी हो रही गड़बड़ी और घटना की जानकारी वीडियो के माध्यम से दे सकता है। इस ऐप के माध्यम से शिकायतकर्ता सीधे वीडियो भेज कर अपनी शिकायत को चुनाव आयोग तक पहुंचा सकता है।

## झारखंड का सक्रिय नक्सली छत्तीसगढ़ में गिरफ्तार, झारखंड में 18 मामले हैं दर्ज



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड पुलिस की सूचना पर छत्तीसगढ़ पुलिस ने जेजेएमपी के एरिया कमांडर समेत आधा दर्जन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। एरिया कमांडर दुनेश लकड़ा उर्फ रवि के विरुद्ध बलरामपुर जिले के विभिन्न थानों में एवं झारखंड के विभिन्न थानों में हमला, मुठभेड़, डकैती, आगजनी, अपहरण समेत 31 मामले दर्ज हैं। जेजेएमपी के एरिया कमांडर टुनेश लकड़ा उर्फ रवि के अलावे हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के गरमुर्गी निवासी रंजीत कुमार महतो, चतरा के टिकैतबंध निवी हेरमन कुमार गन्नुम, गढ़वा के भंडरिया थाना क्षेत्र के गढ़िया निवासी राम लकड़ा, पलामू जिले के पांडू थाना क्षेत्र के नेवरी निवासी तब्सुम अहमद और उड़ीसा के सुंदरगढ़ जिले के बनडेगा निवासी गुलाम शहजादा को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों की निशानदेही पर एक एके-47, एक मैगजीन, 90 गोली, नक्सली ड्रेस एवं अन्य दैनिक समान बरामद हुआ है।

## बीआइटी लालपुर में दो दिवसीय एनुअल फेस्ट औरोरा का आगाज



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** बीआईटी मेसरा के लालपुर एक्सटेंशन का नजारा बुधवार को काफी बदला-बदला सा था। एक तरफ खेल का आयोजन हो रहा था तो दूसरी तरफ एनुअल फेस्ट औरोरा-24 का आगाज। इस एनुअल फेस्ट की शुरूआत बीआईटी मेसरा के डीन यूजी डॉ संजय कुमार झा ने बैलून उड़ाकर की। वह इस फेस्ट के मुख्य अतिथि थे। दो दिनों तक चलने वाले इस फेस्ट में विद्यार्थी खेल के साथ-साथ चटपटे व्यंजन का भी मजा ले रहे थे। इस फेस्ट में कुल नौ फूड कोट बनाये गये थे। यहां तरह-तरह के फ्लेवर के केक, लिट्टी चोखा, पापड़ी, पांच तरह के कॉफी व पाव भाजी शामिल हैं। इसके अलावा चॉकलेट कुकिज, मसाला कॉर्न व फ्रेंच फ्राई के साथ-साथ मोमोज के आदि के भी स्टॉल शामिल हैं। ये सारे व्यंजन बीआईटी लालपुर एक्सटेंशन के विद्यार्थियों ने खुद से तैयार किया है। छात्राएं खुद से लिट्टी-चोखा तैयार कर रही थीं। इस फेस्ट में लगाये गये फूड कोट में छात्राएं खुद से लिट्टी-चोखा तैयार कर रही थीं।

मौके पर डॉ संजय ने कहा कि बीआईटी के विद्यार्थी हर विधाओं में परिपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि यह फेस्ट केवल एक फेस्ट ही नहीं बल्कि बच्चों के इन्नोवेटिव आईडिया को बेहतर मंच भी प्रदान करता है। संस्थान की निदेशक वंदना भट्टाचार्या ने भी विचार दिये। मौके पर डॉ आशुतोष मिश्रा, डॉ. अमृता प्रियम, डॉ प्रणब कुमार समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## जेपीएससी का होगा घेराव : योगेश चन्द्र



**रांची।** जेपीएससी छात्रों ने झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन के बैनर तले जेपीएससी कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया। छात्र नेता योगेश चन्द्र भारती ने बताया कि अगर एडमिट कार्ड डाउनलोड नहीं हुआ तो ऑफिस का घेराव किया जायेगा क्योंकि छात्र बहुत परेशान हैं।

## महिला दिवस सप्ताह का आयोजन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुंजन सिंह के निर्देश पर रांची महानगर महिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष नीतू देवी की अध्यक्षता में स्थानीय बिहार क्लब, रांची में महिला दिवस सप्ताह सह होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, सुरेश बैठा, राजन वर्मा, रेखा सहाय, निलम सहाय, अनीता सिन्हा उपस्थित हुए। कार्यक्रम में शीला तिकी, मंजू तिर्की, छोटी तिर्की, राजक्षी देवी, सुमन देवी, रूबी गुप्ता को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने महिला दिवस को लेकर नारी शिक्षा के साथ नारी सशक्तिकरण पर बल दिया। इसके साथ ही महिला कांग्रेस की समस्त पदाधिकारियों को लोकसभा चुनाव की विशेष तैयारी में जुटने को कहा है। रांची महानगर महिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष नीतू देवी ने कहा कि महिलाएं पहले की अपेक्षा में आज काफी बेहतर हुई। हर क्षेत्र में महिलाएं अपनी परचम लहरा रही है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से हीरा मिंज, मालती कुमारी, रेखा सांगा, सीमा सांगा, स्मृति नाग, रोज मधु, रेणुपाल, खुशबू आदि शामिल थीं।

## जाम से निबटने के लिए ट्रॉफिक उप समिति ने की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची में जाम की समस्याओं से हो रही परेशानी पर बुधवार को चैंबर भवन में ट्रॉफिक उप समिति की बैठक हुई। उप समिति चेयरमेन मुकेश पांडे ने जाम की समस्या से ग्रसित इलाकों का क्षेत्रवार उल्लेख करते हुए, प्रशासन के स्तर पर सुधार के लिए सदस्यों से सुझाव मांगा। उन्होंने कहा कि किसी भी शहर की लाइफलाइन यातायात व्यवस्था ही है, शहर में जाम की समस्या के निजात के लिए युद्ध स्तर पर कार्रवाई की जरूरत है। मौके पर जेसीपीडीए के अध्यक्ष संजय अखौरी ने कहा कि त्यौहार



का समय है, आवश्यक वस्तुओं की सप्लाइ चेन को बनाये रखने के लिए जरूरी है कि होली तक इस प्रतिबंध को शिथिल किया जाय ताकि निर्बाध रूप से आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति हो सके। यातायात व्यवस्था में सुधार हेतु सदस्यों द्वारा सुझाव भी दिये गए। सदस्यों ने सभी प्रमुख चौक-चौराहों पर नो इंट्री-यू टर्न साइनेज बोर्ड लगाने, वाहनों की गति सीमा के प्रति लोगों को जागरूक करने, वाहनों के स्पीड लिमिट कैमरा की संख्या बढ़ाने, किसी भी पर्व-त्यौहार के समय सड़कों पर दुकान लगाने की अनुमति नहीं देने, ऑटो स्टैंड को रि-रेगुलेट करने, सभी पार्किंग स्थलों पर पार्किंग का समय और शुल्क लिखा हुआ बोर्ड अधिष्ठापित कराने, ऑटो रिक्शा में मीटर लगाने, निमार्णाधीन फ्लाईओवर के पास बाई-लेन की प्रॉपर व्यवस्था करने की बात कही। यह भी कहा गया कि जहां-जहां फ्लाईओवर निर्माण कार्य हो रहे हैं, वहां धूल से लोग बीमार हो रहे हैं। संबंधित विभाग को इसकी गंभीर समीक्षा करने की जरूरत है। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने सभी समस्याओं को वास्तविक बताते हुए जल्द ही चैंबर भवन में ट्रॉफिक एसपी और संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर वार्ता की बात कही। बैठक में चैंबर उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, नवजोत अलंग, संजय अखौरी, मुकेश पांडे, शशांक भारद्वाज, महेंद्र जैन, किशन अग्रवाल, विजय छापडिया समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## पहाड़ी बाबा कॉरिडोर और रोपवे बनाने के लिए अधिकारियों ने किया निरीक्षण



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के द्वारा महाशिवरात्रि के दिन घोषणा की गयी थी कि बुजुर्ग एवं विकलांगों को पहाड़ी मंदिर के ऊपर मुख्य मंदिर में दर्शन करने में दिक्कत होती है, उसको सुगम किया जाएगा। इस आदेश के बाद बुधवार को राँची जिला प्रशासन, पर्यटन विभाग झारखंड के अधिकारियों का एक टीम एवं राइट रेल कंपनी के अधिकारी अभिषेक रंजन ने पहाड़ी मंदिर परिसर का निरक्षण किया एवं सैम्पल लिया। अधिकारियों ने बताया कि बहुत ही जल्द सारे रिपोर्ट विभाग को दिया जाएगा एवं पहाड़ी बाबा कॉरिडोर एवं रोपवे का निर्माण होगा। मौके पर राँची पहाड़ी विकाश समिति के अरुण वर्मा, बादल सिंह एवं मंदिर के कर्मचारी थे। पहाड़ी मंदिर कॉरिडोर निर्माण में अहम योगदान पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, पहाड़ी विकाश समिति के विनोद कुमार, राजेश साहू, बादल सिंह का रहा हैं।

## लोकजीत सबेरा हिन्दी एवं च्वॉइस टाइम्स अंग्रेजी समाचार पत्र का लोकार्पण



**रांची।** समाजसेवी एवं झारखंड आंदोलनकारी विनोद भगत ने रांची से प्रकाशित दैनिक हिंदी समाचार पत्र लोकजीत सवेरा, हिंदी एवं च्वॉइस टाइम्स इंग्लिश न्यूजपेपर का लोकार्पण किया। इस मौके पर प्रमुख समाजसेवी प्रेम कटारूका, स्वामी देवेंद्र प्रसाद, वरिष्ठ पत्रकार जीएस ओझा, योगेश किसलय, रविन्द्र सहाय, नवीन कुमार, शैलेश झा, सत्येंद्र सिंह, कवलजीत सिंह मनोज श्रीवास्तव, संजय सिन्हा, गोविंद जी, मनोज जी, पर्यावरणविद प्रशांत बेलथरिया, निकोलस चौरसिया आदि थे।

## आरयू कन्वोकेशन के 76 गोल्ड मेडल में 41 पर बेटियों का कब्जा, बंटेंगी 4043 डिग्रियां

# रांची विश्वविद्यालय का 37वां दीक्षांत समारोह कल

### राज्यपाल होंगे मुख्य अतिथि और केंद्रीय कृषि मंत्री होंगे विशिष्ट अतिथि

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय का 37वां दीक्षांत समारोह 15 मार्च को होगा। विवि की ओर से इसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। इस दीक्षांत समारोह में 4043 विद्यार्थियों को डिग्री दी जायेगी। समारोह के मुख्य अतिथि राज्यपाल सह विवि के चांसलर सीपी राधाकृष्णन होंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा रहेंगे। समारोह के दौरान विवि के मेधावियों




के बीच 76 गोल्ड मेडल बांटे जायेंगे। इनमें 41 गोल्ड मेडल पर बेटियों ने कब्जा कर लिया है। वहीं दूसरी ओर मात्र 21 छात्र ही गोल्ड मेडल प्राप्त करने में सफल रहे हैं। 76 गोल्ड मेडल में 61 विश्वविद्यालय के छात्र हैं और 15 स्पॉन्सर के लिए है। बेस्ट ग्रेजुएट को भी मेडल दिया जाएगा।

**भारतीय परिधान में डिग्री लेंगी छात्र-छात्राएं :** दीक्षांत समारोह में छात्र-छात्राएं भारतीय परिधान में डिग्री लेंगी। समारोह में शामिल होने वाले छात्रों में लड़कों को सफेद कुर्ता पायजामा, वहीं लड़कियों के लिए लाल पाड़ की सफेद साड़ी या सफेद सलवार कमीज के साथ लाल दुपप्ता निर्धारित किया गया है।

### दीक्षा के बाद हमारे छात्रों का जिम्मेवारी भरा जीवन प्रारंभ होगा : कुलपति

रांची विवि के वीसी प्रो. डॉ. अजीत कुमार सिन्हा ने बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि दीक्षांत समारोह का शुभांरभ 15 मार्च की सुबह 11 बजे से होगा। 14 मार्च को दीक्षांत समारोह का रिहर्सल किया जायेगा। शिक्षा के बाद दीक्षा और उसके बाद व्यावहारिक और जिम्मेवारी भरी जीवन की शुरूआत होती है। हमारा दायित्व है कि हम अपने छात्रों को अच्छा नागरिक बनाने के लिये दीक्षित करें। आज जिन छात्रों को हम उपाधि देकर दीक्षित कर रहे हैं वह 2047 तक अपने कार्यों और जिम्मेवारियों के चरम पर होंगे। उन्होंने कहा कि नयी शिक्षा नीति के कारण हमें बहुत सारे अच्छे रिजल्ट मिल रहे हैं। हमारे देश की 50 प्रतिशत आबादी युवा है। यह हमारी शक्ति है। हमें प्रोफेशनल, वोकेशनल कोर्सेस की आवश्यकता है इसके लिये हम आइआइटी से लेकर अन्य संस्थानों से बातचीत कर रहे हैं। इससे भविष्य में हमारे स्किल्ड बच्चे नौकरी मांगने वाले नहीं बल्कि नौकरी देने वाले बनेंगे। मौके पर रजिस्ट्रार डॉ. विनोद नारायण, परीक्षा नियंत्रक डॉ. आशीष झा, प्रोक्टर डॉ. मुकुंद चंद मेहता, एफओ डॉ. प्रितम कुमार, सीसीडीसी डॉ. पीके झा आदि थे।

# केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ सरना समिति ने निकाला का आक्रोश पैदल मार्च

खबर मन्त्र संवाददाता







**रांची।** केंद्रीय सरना समिति भारत के अध्यक्ष नारायण उरांव की अध्यक्षता में बुधवार को आदिवासी सरना समाज के सैंकड़ों लोगों ने लोकसभा चुनाव से पहले आदिवासी समाज में जागरूकता और आदिवासी समाज में हो रहे दिन प्रतिदिन केन्द्र सरकार, बीजेपी, आरएसएस और मनुवादी विचारधारा के द्वारा हो रहे अत्याचार के विरोध में न्याय के लिए आक्रोश पैदल मार्च निकाला। मार्च डॉ रामदयाल मुंडा मैदान से मछलीघर, रेडियम रोड, कचहरी होते हुए अल्बर्ट एक्का चौक होते हुवे वापस डॉ रामदयाल मुंडा मैदान में पहुंचा। यहां सभा को संबोधित करते हुए नारायण उरांव ने कहा कि केंद्र की बीजेपी सरकार मनुवादी विचारधारा से ग्रसित होकर आज तक आदिवासी समाज के लोकप्रिय नेता पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल में रख कर प्रताड़ित कर रही है। आदिवासियों के धार्मिक स्थल पर लगातार अतिक्रमण कर रही है। मुड़हर पहाड़ पर भी गैरआदिवासी समाज का झंडा लगाकर कब्जा करने की कोशिश कर रही है। एस टी एस सी कानून को सख्ती से लागू नहीं कर रही है। आदिवासियों के जल, जमीन और खनिज संपदा को अंबानी -अडानी को गैर संवैधानिक तरीके से देने का काम कर रही है। इसके लिए आदिवासी समाज न्यायापालिका और केंद्र से मांग करती है कि पूरे भारत में आदिवासी समाज को न्याय दिलाया जाए नहीं तो लोकसभा में आदिवासी समाज बीजेपी के कार्यकताओं को आदिवासी क्षेत्रों में घुसने नहीं देंगे और पूरा आदिवासी समाज चुनाव के माध्यम से पूरे भारत से बीजेपी को उखाड़ फेकेंगे। आक्रोश मार्च में विभिन्न क्षेत्रों से आदिवासी संगठनों के वरीय उपाध्यक्ष वंधना टोप्पो, राष्ट्रीय प्राचारिका संगीता कच्छप, राष्ट्रीय आदिवासी छात्र संघ रांची जिला अध्यक्ष शनि उरांव, सुखदेव उरांव, बुढ़मू प्रखंड राष्ट्रीय आदिवासी छात्र संघ अध्यक्ष धर्मेश भगत, रजनी उरांव, लक्ष्मण तिर्की, चरकू उरांव, मुंडा उरांव, एतवा उरांव, महादेव मुंडा, देवसागर मुंडा, बांदे उरांव, तुलसी मुंडा, सुशील मुंडा, मालती मुंडा, धनराज मुंडा, सुनील मुंडा सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## कई प्रमुख इलाकों में घंटों रही सड़कें जाम, रेंगती रही गाड़ियां

**रांची।** झारखंड के विभिन्न आदिवासी मूलवासी संगठन ने पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को साजिश के तहत फंसाये जाने के विरोध में बुधवार को आक्रोश मार्च निकाला। जिसका असर रांची के कई प्रमुख इलाकों में देखने को मिला। राजधानी के लालपुर, मेन रोड और रातु रोड में घंटों सड़कें जाम रहीं। जिसकी वजह से गाड़ियां भी सड़कों पर रेंगती रही। सड़क जाम होने से आमजन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इस दौरान ट्रैफिक पुलिस का हर स्तर से किया गया प्रयास विफल रहा। शहर के विभिन्न इलाकों में सड़कों पर जाम लगने के कारण लोगों का समय तो बर्बाद हुआ ही, साथ ही संबंधित इलाके का कारोबार भी प्रभावित हुआ। लालपुर, मेन रोड और रातु रोड में जाम लगने की वजह से एक किलोमीटर तक का सफर पूरा करने में आधा घंटा से ज्यादा का समय लग गया। इस दौरान सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार नजर आयी। सड़क जाम होने के कारण जरूरी काम से जाने वालों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी। वहीं दोपहर में जिनकी ट्रेन या फ्लाइट थी, उनको भी काफी परेशानी हुई। कई जगहों पर घंटों एंबुलेंस भी जाम में फंसा रहा। रांची में आरटीओ ने 5320 ऑटो को चलने का परमिट दिया है। लेकिन यहां करीब 15000 ऑटो अवैध रूप से चल रहे हैं। शहर में ऑटो के लिए एकमात्र न्यू मार्केट स्टैंड है। जबकि, शहर के हर चौक चौराहे पर 25 से ज्यादा अवॉइड ऑटो स्टैंड बन गये हैं। वहीं दूसरी और 4500 ईरिक्शा नगर निगम से निबंधित है, जबकि अवैध रूप से 4000 ई-रिक्शा चल रहे हैं। फुटपाथ और अतिक्रमण पहले से ही है और यह भी वजह है कि राजधानी में लगातार जाम की स्थिति बनी रहती है।

# हेमंत को नहीं छोड़ा गया तो बाहर नहीं जाने देंगे खनिज

खबर मन्त्र संवाददाता

- झारखंड बंद और आर्थिक नाकेबंदी की जाएगी
- महिलाएं जनी शिकार का रूप धारण करके सड़क पर उतरेंगी

**रांची।** पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के समर्थन में बुधवार को विभिन्न आदिवासी संगठनों ने राजधानी में न्याय आक्रोश मार्च निकाला। इसमें विभिन्न संगठनों के लोग अपने-अपने तरीके से कार्यक्रम किए। इस मार्च के जरिए केंद्र सरकार और ईडी को चेतावनी दी गयी। कहा गया कि अगर हेमंत सोरेन जल्द रिहा नहीं किए गए तो झारखंड से खनिज संपदा बाहर जाने नहीं देंगे। इसको लेकर झारखंड बंद और आर्थिक नाकेबंदी की जाएगी। जरूरत पड़ी तो महिलाएं जनी शिकार का रूप धारण करके सड़क पर उतरेंगी। कोकर से निकाला गया मार्च राजभवन पहुंचा। इस मौके पर केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की ने कहा कि भाजपा सत्ता हथियाने के लिए स्वतंत्र एजेंसी का दुरुपयोग कर रही है। केंद्र सरकार तानाशाही नीति पर चल रही है। देश में एकमात्र आदिवासी सीएम को केंद्र की भाजपा सरकार ने सीएनटी एक्ट जमीन पर फंसाया। जिस तरह से मात्र 8 एकड़ भुईंहरी जमीन खरीद-बिक्री के झूठे मामले में जेल भेजा है, वह बर्दाश्त नहीं करेंगे। हमलोग ईंट से ईंट बजा देंगे। मार्च में शामिल महिलाओं ने कहा कि अगर हमारे आदिवासी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जल्द से जल्द नहीं छोड़ा गया तो जल्द ही हम लोग जनी शिकार करके जेल का फाटक तोड़ कर उन्हें रिहा करेंगे।

हेमंत के न्याय के लिए निकाला गया न्याय आक्रोश मार्च आगे चलकर अलग-अलग गुट और अलग-अलग कार्यक्रम के स्वरूप में बदला गया।

वहीं अलबिन लकड़ा गुट ने मोरहाबादी स्थित सिदो-कान्हू पार्क से एक बाइक रैली निकाली। जो सिदो कान्हू पार्क, हरमू रोड, अरगोड़ा चौक, अशोक नगर, सुजाता चौक, अल्बर्ट एक्का चौक, रेडियम रोड होते हुए मोरहाबादी गेस्ट हाउस पहुंचा। इसमें सोनू उरांव, राजेश लिंडा, संजय लोहरा, अजीत लकड़ा सहित कई लोग शामिल थे। वहीं अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के जिला अध्यक्ष कुंदरसी मुंडा के नेतृत्व मोरहाबादी मैदान से मार्च निकाला गया, जो कचहरी रोड होते हुए अल्बर्ट एक्का चौक पहुंचा, जहां से फिर वापस मोरहाबादी मैदान पहुंचा।

# झारखंड के 14 आइपीएस बने लोकसभा चुनाव पर्यवेक्षक

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** लोसकभा चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग ने झारखंड के 14 आईपीएस को पर्यवेक्षक (ऑब्जर्वर्स) बनाया है। इसको लेकर 11 मार्च को शो मस्ट गो ऑन की तर्ज पर 2150 से ज्यादा ऑब्जर्वर्स की बैठक दिल्ली के विज्ञान भवन में हुई थी। इस बैठक में मुख्य चुनाव आयुक्त ने सभी ऑब्जर्वर्स को सख्त निर्देश दिये हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त ने बताया कि निर्वाचन आयोग चुनाव से पहले पूरी प्रक्रिया यानी काला धन, नशीले पदार्थ, कीमती धातुओं या फिर नकदी की आवाजाही और वितरण को रोकने के लिए हर राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों में ऑब्जर्वर तैनात किये जायेंगे। ऑब्जर्वर अपने लोकसभा या विधानसभा क्षेत्र की सीमा में अपनी जिम्मेदारी निभायेंगे। साथ ही सभी ऑब्जर्वर हमेशा अपने फोन, ईमेल और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर सक्रियता से उपलब्ध रहेंगे।

**झारखंड के इन 14 आईपीएस को बनाया गया पर्यवेक्षक :** टी कांडासामी, ए विजया लक्ष्मी, शैलेन्द्र कुमार सिन्हा, सुरेन्द्र कुमार झा, कार्तिक एस, संध्या रानी मेहता, अनुरंजन किस्पोप्ता, अंबर लकड़ा, अंजनी कुमार झा, आनंद प्रकाश, अश्विनी सिन्हा, शैलेन्द्र प्रसाद वर्णवाल, चंदन झा, मो. अर्शी

# धमकी से परेशान बेटी के ब्यॉयफ्रेंड ने की थी हत्या

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** पंडरा ओपी क्षेत्र के ओझा मार्केट स्थित जनक नगर में अज्ञात अपराधियों ने बिरसा उरांव और उसकी पत्नी सोनी मुंडा की गोली मारकर बीते 21 फरवरी की देर शाम हत्या कर दी थी। एसएसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में पुलिस ने आरोपी युवक राम मुंडा और उसे हथियार उपलब्ध कराने वाले अलाउद्दीन अंसारी को गिरफ्तार किया है। उसके पास से पुलिस ने एक देशी कप्ता और एक गोली समेत कई अन्य सामान बरामद किया है। घटना के संबंध में खुलासा हुआ है कि आरोपी युवक राम मुंडा, बिरसा उरांव की पहली पत्नी की बेटी का प्रेमी है और उससे वह शादी करना चाहता था। लेकिन बिरसा इसके लिए तैयार नहीं था। बिरसा उरांव अपनी बेटी के प्रेम संबंध को लेकर युवक राम मुंडा को डराता धमकाता था। इसी बात से युवक गुस्से में रहता था। घटना के दिन राम मुंडा ने अलाउद्दीन अंसारी से पिस्टल और गोली खरीदा और उसी पिस्टल से बिरसा उरांव को गोली मारकर हत्या कर दी। गोली मारने के बाद बिरसा की पत्नी सोनी मुंडा ने युवक को देख लिया था। इस वजह से उसने सोनी को भी गोली मार दी। बुधवार अपने ऑफिस में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर एसएसपी ने पूरे मामले की जानकारी दी।




**नागपुरी फिल्म का हीरो निकला डबल मर्डर कांड का आरोपी**

21 फरवरी की शाम रांची के पंडरा ओपी क्षेत्र में बिरसा और और उसकी पत्नी की हत्याकांड को नागपुरी फिल्मों के उभरते कलाकार राम मुंडा के द्वारा अंजाम दिया गया था। राम मुंडा बिरसा की बड़ी बेटी से प्यार किया करता था और उससे शादी करना चाहता था लेकिन बिरसा को यह मंजूर नहीं था। बिरसा के द्वारा कई बार राम मुंडा को जान से मारने की धमकी भी दी गई थी। जिसके बाद राम मुंडा ने पूरी प्लानिंग के तहत पहले हथियार खरीदा और फिर बिरसा और उसकी पत्नी को मार डाला। राम मुंडा नागपुरी फिल्म का हीरो है।

### कैसे दिया था घटना को अंजाम

बिरसा उरांव घटना से कुछ देर पहले अपने घर लौटा था और उसकी पत्नी घर के बाहर खाना बना रही थी। इसी दौरान आरोपी युवक बगल के खेत के रास्ते मौके पर पहुंचा और दोनों को गोली मार दी। बिरसा उरांव हत्या के मामले में जेल से सजा काटकर कुछ दिनों पहले ही बाहर निकला था। बिरसा ने तीन शादियां की थी। सोनी मुंडा बिरसा उरांव की तीसरी पत्नी थी।

## ...पत्नी ने देख लिया इसलिए मार दी गई

पंडरा डबल मर्डर केस को सुलझाने के बाद रांची के सीनियर एसपी चन्दन सिन्हा ने बताया कि पुलिस ने डबल मर्डर की गुत्थी को सुलझाते हुए मुख्य आरोपी राम मुंडा और हथियार सप्लाई करने वाले अलाउदीन को गिरफ्तार कर लिया है। डबल मर्डर की वारदात को जिस हथियार से अंजाम दिया गया था उसे भी पुलिस ने बरामद कर लिया है। एसएसपी ने बताया कि राम मुंडा को सिर्फ बिरसा की हत्या करनी थी, लेकिन बिरसा की हत्या करते हुए राम को उसकी पत्नी सोनी मुंडा ने देख लिया था, जिसके बाद सोनी की भी हत्या राम के द्वारा कर दी गई।

### पिता कई बार बेटी के साथ युवक को पकड़ चुका था

पुलिस का कहना है कि मामले की जांच के दौरान पता चला है कि मृतक बिरसा उरांव कई बार अपनी बेटी के साथ आरोपित युवक को पकड़ चुका था। बिरसा ने कई बार युवक को पीटा भी था। इस हत्याकांड में बिरसा की बेटी की कितनी संलिप्ता है, इसकी भी जांच की जा रही है।

## बंद घर का ताला तोड़ नकद 36 लाख व 10 लाख के जेवरात चोरी का हुआ खुलासा

हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र के निजाम नगर स्थित हाजी मोइनुद्दीन अंसारी के बंद घर का ताला तोड़कर चोरों ने करीब 36 लाख रुपये नकद और 10 लाख के जेवरात सहित अन्य सामान की चोरी कर ली। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में पुलिस टीम की टीम ने कार्रवाई करते हुए इस घटना में शामिल मो. आदिल और फैसल आलम को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से पुलिस ने चोरी किए गये जेवरात और 49 हजार बरामद किया। घटना की जानकारी बीते दस मार्च को परिवार के सदस्यों को तब मिली, जब वे चाईबासा से निजामनगर अपने घर पहुंचे थे।

## खबर एक नजर में

### वाणिज्यिक बागवानी एवं बागवानी आधारित व्यापार के विकास पर बैठक

रांची। झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स के अहारी उप समिति, राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड के पदाधिकारी एवं राज्य के उद्यमी, प्रगतिशील किसान के साथ राज्य में व्यवसायिक बागवानी, बागवानी आधारभूत संरचना एवं आधुनिक मार्केटिंग के मुद्दे पर बुधवार को चैंबर भवन में बैठक की गई। बैठक में राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड के डिप्टी डायरेक्टर सरदार सुरेंद्र सिंह एवं डिप्टी डायरेक्टर एस.एस पूर्ति ने राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड द्वारा संचालित सभी योजनाओं की जानकारी दी एवं इन योजनाओं का कैसे लाभ लिया जाय, इसकी प्रक्रिया की जानकारी दी। बैठक में निर्णय लिया गया कि केंद्रीय कृषि मंत्री से अपील किया जाय कि झारखण्ड में आधुनिक वाणिज्यिक बागवानी को प्रोत्साहित करने के लिए नॉर्थ इस्ट राज्यों के समकक्ष सब्सिडी एवं क्षेत्र के आकार को निर्धारित किया जाय। साथ ही झारखण्ड में सभी अनूसूचि क्षेत्र में सभी वर्ग के लाभार्थी को अनुसूचित क्षेत्र के प्रावधान अनुसार सब्सिडी का प्रावधान किया जाय। उप समिति चेयरमैन आनंद कोठरी ने कहा कि प्रदेश में वाणिज्यिक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए अनुसूचित जनजाति की खेती योग्य भूमि की लीज अवधि 5 वर्षों से बढाकर 15 वर्षों का किया जाना हितकर होगा। चैंबर अध्यक्ष ने राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड के पदाधिकारी से आग्रह किया कि वे इन योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए चेंबर के माध्यम से उद्यमियों को पूर्ण सहयोग दें एवं चेंबर को विस्तृत में सारी जानकारी उपलब्ध करायें।

### रिम्स में डॉक्टर और परिजनों के बीच मारपीट, इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप

**रांची।** झारखंड के सबसे बड़े अस्पताल रिम्स में आये दिन डॉक्टर और परिजनों के बीच मारपीट की घटना सामने आती है। मंगलवार की देर रात भी रिम्स में डॉक्टर और परिजनों के बीच जमकर मारपीट हुई है। बताया जा रहा है कि सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल को परिजन रिम्स लेकर आये थे। लेकिन डॉक्टर इलाज करने में आनाकानी कर रहे थे। बस ईस बात को लेकर मरीज के परिजनों और डॉक्टर के बीच कहा सुनी हो गयी। मामला इतना बढ़ गया कि बात हाथापाई तक आ गयी। मामले की जानकारी मिलने के बाद बरियातू थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और दोनों पक्षों को शांत कराया। फिलहाल पुलिस इस पूरे मामले की जांच कर रही है।

### एसीबी डीजी ने 11 डीएसपी और नौ सब इंस्पेक्टर को अलग-अलग प्रमंडल में किया प्रतिनियुक्त

**रांची।** एसीबी डीजी अनुराग गुप्ता ने एसीबी में पदस्थापित 11 डीएसपी और नौ सब इंस्पेक्टर को अलग-अलग प्रमंडल में प्रतिनियुक्त किया है। इससे संबंधित आदेश बुधवार को जारी कर दी गई है।

**11 डीएसपी को किया गया प्रतिनियुक्त :** परवेज आलम रांची प्रमंडल, विनोद कुमार महतो थाना प्रभारी धनबाद प्रमंडल, निशा मुर्मू रांची प्रमंडल, अनिल एक्का जमशेदपुर प्रमंडल, अटल सांडिल रांची प्रमंडल, अजीत अरुण एक्का पलामू प्रमंडल, मुनू टुडू धनबाद प्रमंडल, अलबिनुस इंदवार पलामू प्रमंडल, जितेन्द्र कुमार सिंह थाना प्रभारी दुमका प्रमंडल और अरुण कुमार तिर्की रांची प्रमंडल में प्रतिनियुक्त किया गया है।

**नौ सब इंस्पेक्टर को किया गया प्रतिनियुक्त :** अभिषेक कुमार भारती डीआईजी गोपनीय, शशिकांत अपराध शाखा, रितु रानी आइआर सेल, दीपक ओझा आइआर सेल, लुईस मिंज रांची प्रमंडल गोपनीय कोषांग, महावीर उरांव अभियोजन कोषांग, गोमेश सोरेन दुमका प्रमंडल और जोगेश्वर हेंब्रम दुमका प्रमंडल में प्रतिनियुक्त किया गया है।

# कांटाटोली फलईओवर का नाम नेताजी सुभाष चंद्र बोस के नाम करने का आग्रह

## मुख्यमंत्री चंपाई से मिला बंगाली युवा मंच चैरिटेबल ट्रस्ट का गेलिगेशन

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** राज्य के मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से बुधवार को मुख्यमंत्री आवास में बंगाली युवा मंच चैरिटेबल ट्रस्ट का एक प्रतिनिधिमंडल मिला। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने राज्य सरकार द्वारा बांगला भाषा को प्राथमिक स्तर के विद्यालय में पुनर्स्थापित करने के निर्णय को लेकर मुख्यमंत्री के प्रति आभार प्रकट किया। मुख्यमंत्री के समक्ष प्रतिनिधिमंडल में शामिल लोगों ने संयुक्त रूप से कहा कि बांगला भाषा की पढ़ाई में पाठ्यक्रम पुस्तकों की उपलब्धता तथा प्राथमिक स्तर से उच्च स्तर तक शिक्षकों की नियुक्ति हमारे पूर्व के वैभव को स्थापित करेगा। मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन को धन्यवाद देते हुए प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा झारखंड में निवास करने वाले बांगली समुदाय के सर्वांगीण विकास तथा उत्थान के लिए किए जा रहे कार्य काफी प्रशंसनीय है।

### बंगाली भाषा के संवर्धन और समुदाय के विकास को राज्य सरकार कृत संकल्पित

मौके पर मुख्यमंत्री से प्रतिनिधिमंडल ने अनुरोध किया कि झारखंड के सभी रेलवे जंक्शन, स्टेशन एवं ठहराव पर पूर्व की तरह नाम पप्तिका में बांगला लिपि का भी प्रयोग किए जाने की दिशा में राज्य सरकार सकारात्मक पहल करे। वहीं, कोकर से शुरू होकर बहूबाजार तक बनने वाले कांटाटोली फ्लाईओवर का नामांकन नेताजी सुभाष चंद्र बोस फ्लाईओवर के रूप में अंकित किए जाने का अनुरोध किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में बंगाली भाषा के संवर्धन और बंगाली समुदाय के विकास के लिए उनकी सरकार कृत संकल्पित है। मौके पर मुख्यमंत्री ने बंगाली युवा मंच चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि उनकी मांगों पर राज्य सरकार यथोचित सकारात्मक कार्रवाई करेगी।

# कोयलांचल की पत्रकारिता में दैनिक 'खबर मन्त्र' का धमाकेदार आगाज



**धनबाद।** धरती आबा की ऊजार्वान भूमि रांची से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक खबर मन्त्र ने बुधवार से अपने धनबाद संस्करण का शुभारंभ कर दिया। खबर मन्त्र की टीम ने धनबाद कार्यालय का उदघाटन कर कोयलांचल की पत्रकारिता में धमाकेदार इंट्री की है। नये संस्करण को लेकर बुधवार को लुबी सर्कुलर रोड धनबाद क्लब के निकट नये कार्यालय का शुभारंभ हुआ। कार्यालय का उद्घाटन अखबार के संपादक अविनाश ठाकुर, प्रबंध संपादक राजेश सिंह और निदेशक सिद्धार्थ राज तथा स्थानीय संपादक ज्ञानवर्द्धन मिश्र ने सयुंक्त रूप से किया। संपादक श्री ठाकुर ने कहा कि धनबाद की पत्रकारिता से भलीभांति परिचित हैं। उम्मीद है अखबार का नया संस्करण आने वाले दिन में कोयलांचल में नया अध्याय लिखेगा। वहीं प्रबंध संपादक ने कहा कि खबर मन्त्र एक परिवार की तरह है। परिवार में आज कई नये सदस्य जुड़े है। टीम को पूरी उम्मीद है यह परिवार अपनी दमदार लेखनी से इसे आगे ले जाने का काम करेगा। निदेशक श्री राज ने कहा कि प्रबंधन ने पूरी उम्मीद के साथ नयी टीम को जिम्मेवारी सौंपी है। टीम उसपर खरी उतरेगी। स्थानीय संपादक ज्ञानवर्द्धन मिश्र ने कहा कि धनबाद की पत्रकारिता में काम करने का लंबा अनुभव रहा है। आने वाले दिनों में खबर मंत्र नए तेवर और नए कलेवर के साथ पाठकों के बीच पहुंचेगा।

# पूर्वी भारत में आज से शहद क्रांति का आगाज : अर्जुन मुंडा

## नामकुम बनेगा हनी हब, किसानों का मिलेगा बड़ा लाभ, अत्याधुनिक शहद टेस्टिंग लैब का शिलान्यास आज

खबर मन्त्र संवाददाता





रांची। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा की पहल पर कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के तत्वावधान में पूर्वी भारत में शहद क्रांति का आगाज होने जा रहा है। झारखंड में अंतरराष्ट्रीय स्तर की अत्याधुनिक बड़ी शहद टेस्टिंग लैब स्थापित की जायेगी, जिसका शिलान्यास गुरुवार को केंद्रीय मंत्री श्री मुंडा करेंगे। इस क्षेत्र के हनी हब बनने से शहद उत्पादक हजारों किसानों को घरेलू बाजार में विस्तार के साथ ही निर्यात के अवसर भी प्राप्त होंगे, जिससे उनका जीवन स्तर ऊंचा उठेगा। पीएम मोदी के मार्गदर्शन में, देश में कृषि एवं सम्बद्ध क्षेत्रों तथा किसानों को प्राथमिकता केंद्र सरकार सदैव प्राथमिकता देती रही है। इसी क्रम में, झारखंड एवं आसपास के राज्यों- बिहार, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, ओडिशा आदि की अनूठी शहद किस्मों को अंतरराष्ट्रीय पहचान देने के उद्देश्य से केंद्र सरकार के संस्थानों द्वारा मंत्री श्री मुंडा की पहल पर अत्याधुनिक वृहद शहद परीक्षण प्रयोगशाला तथा अन्य परियोजनाओं की स्वीकृति प्रदान की है। इनका शिलान्यास कार्यक्रम भाकृअनुप-राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान नामकुम में 14 मार्च को दोपहर में होगा। इस अवसर पर क्षेत्रीय सांसद संजय सेठ तथा विधायक राजेश कच्छप सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्यजन भी उपस्थित रहेंगे। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान तथा मधुमक्खीपालक शामिल होंगे। इस अवसर पर एकीकृत मधुमक्खी पालन विकास केंद्र एवं मधुमक्खी पालन और बांस संवर्धन परियोजना की भी सौगातें प्रदान की जाएगी। राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन एवं शहद मिशन तथा कृषि विज्ञान केंद्र- खूंटी, रांची, गुमला, सिमडेगा, सराईकेला, पश्चिमी सिंहभूम सहित विभिन्न संस्थान इसमें सहभागी है।

# एक कदम और...

**झा**रखंड की रत्नगर्भा धरा पर धनबाद सबसे महत्वपूर्ण शहर है। कोयलांचल की धुरी इस शहर से खबर मन्त्र के संपूर्ण संस्करण का प्रकाशित होना एक बड़ी बात है। धनबाद कोयला उत्पादन के लिए तो जाना ही जाता है लेकिन शैक्षणिक संस्थाओं, सांस्कृतिक उदघोष और राजनीतिक सक्रियता के लियेभी यह शहर देश में चर्चित रहा है। कोयला के उत्पादन के सैकड़ों साल पुराने इतिहास में अंग्रेजो के जमाने से लेकर आज तक देश की एनर्जी का सेक्टर धनबाद के आस-पास के कोयला उत्पादन के क्षेत्रों से ही जगमग होता रहा है। आर्थिक संपन्नता का एक महत्वपूर्ण कालखंड भी इस क्षेत्र से जुड़ा रहा है। देश के कोने-कोने से लोग धनबाद आये और इसी शहर का होकर रह गये। लाखों लोगों को रोजगार देने वाला बीसीसीएल सहित आइएसएम और मेडिकल के संस्थान से यह क्षेत्र कामगार, बुद्धिजीवी और राजनेताओं की सक्रियता का केन्द्र रहा है। यातायात हो या देश के कोने-कोने तक आने-जाने की जरूरत यह क्षेत्र देश के सबसे महत्वपूर्ण सड़क जीटी रोड और सबसे व्यस्तम और पुराने ग्रेंड कोड रेलवे लाइन हावड़ा- दिल्ली से जुड़ा है। शहर को कोल कैपिटल ऑफ इंडिया भी कहा जाता है। खबर मन्त्र की टीम अपने संस्थापक स्व. डा अभय सिंह के सपनों को साकार करने में पूरे मन से लगी हुई है। इसका परिणाम अब धीरे-धीरे सामने आने लगे हैं। उनके सपनों को उनकी बनायी टीम ने एक और उड़ान दी। आज के प्रतिस्पर्धी काल में खबर मन्त्र एक दशक से लगातार सर उठाकर जी रहा है। खबरों की निप्पक्षता, स्पष्टता और सरल सहज भाषा में उसकी प्रस्तुति के कारण ही राजधानी रांची से आगे बढ़कर अखबार अब धनबाद से भी प्रकाशित हो रहा है। आत्मबल से भरी धनबाद की टीम सुधी पाठकों के उम्मीद पर खरा उतरेगी यह भरोसा आज बलबती है। एक नये क्लेवर और स्पस्टता के साथ धनबाद की धरती पर सक्रियता का जोश भी दिखेगा।

# कृषि और किसान

**चा**वल के उलट भारतीय चीनी वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धी नहीं है। गत वर्ष इसका निर्यात करीब 30 फीसदी सरकारी सब्सिडी की मदद से किया गया था। इस वर्ष चूंकि सब्सिडी की घोषणा नहीं की गई इसलिए निर्यात भी नहीं हुआ। सब्सिडी किसान को जाती है जिसे ईख या गन्ने के लिए काफी भुगतान किया जाता है। यानी चावल की तरह गन्ने की फसल भी जरूरत से अधिक उत्पादित की जा रही है। चावल और गन्ने की फसल में बहुत अधिक पानी की जरूरत होती है और देश में पानी की कमी है। भारत में कृषि की समस्याऔर किसानों की समस्या को अलग-अलग कर समझा जाना आवश्यक है। किसानों की उपज की कीमतें इस तरह तय होनी चाहिए कि इन फसलों का रकबा कम हो। परंतु किसानों की राजनीतिक ताकत की अनदेखी नहीं की जा सकती। इस समय दिल्ली के चारों ओर इस बात को महसूस किया जा सकता है। चूंकि दोनों फसलों का खरीद मूल्य निर्धारित है तो किसान तो इन फसलों के लिए प्रदर्शन करेंगे। यदि सरकार हार मान लेती है तो किसान घर लौट जाएंगे लेकिन देश को वह कृषि सुधार नहीं मिलेगा जिसकी आवश्यकता है। किसानों का डर इस बात को लेकर है कि कहीं सरकार जो न्यूनतम मूल्य घोषित किया है उसे भविष्य में समाप्त न कर दे। आखिर किसान मोदी सरकार पर किस प्रकार विश्वास कर सकता है। चाहे मौसम की मार हो या प्रदूषण की समस्या, मजदूरों की कठिनाई हो या फिर मंहगा होते प्रट्रोलियम उत्पाद इन सभी का असर देश का किसान झेलता है। चूंकि पंजाब और हरियाणा सबसे अधिक अनाज बेचते हैं इसलिए यह आंदोलन उन्हीं राज्यों में अधिक प्रभावी है। आजादी के बाद आज तक किसान ठगे ही गये है इसलिए आज भारत बंद की घोषणा की गयी है। कृषि सुधारों से जल संकट और अधिक गंभीर होने का खतरा है।

# यूएस,जापान, आस्ट्रेलिया और भारत एक साथ

**भारत** को 'ऐतिहासिक हिचकिचाहट' से निजात पाने में मदद की और वह क्वाड (अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच सुरक्षा संवाद का अनौपचारिक रणनीतिक मंच) को अपनी हिंद-प्रशांत नीति के केंद्र में ला सका। अमेरिका के साथ हस्ताक्षरित बेसिक एक्सचेंज ऐंड कोऑपरेशन एग्रीमेंट (बीएसीए)। इससे भारत को अमेरिका से सटीक स्थानीय खुफिया आंकड़े मिलेंगे जो उसे अन्य बातों के अलावा मिसाइल से सटीक निशाना लगाने में सक्षम बनाएंगे। भारत ने ऑस्ट्रेलिया को भी मलाबार नौसैनिक कवायद में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है।



यह बात बहुत अहम है क्योंकि केवल ऐसी कवायदों के जरिये ही क्वाड देश एक दूसरे के साथ बहुपक्षीय ढंग से जुड़ रहे हैं। भारत के क्वाड साझेदार देशों के साथ जो द्विपक्षीय सुरक्षा रिश्ते हैं, उन्हें बहुपक्षीय बनाने की दिशा में यह पहला कदम है। अब यह संभावना अधिक भरोसेमंद नजर आ रही है और चीन की भारत के अलावा जापान और ऑस्ट्रेलिया को लेकर निरंतर बढ़ती आक्रामकता के बाद इसमें और तेजी आ सकती है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पिछले दिनों जब कहा कि वह यह भविष्य के परिदृश्य के केंद्र में रहने वाला है तो वह दरअसल क्वाड के बदले हुए आकलन को ही पेश कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एशिया को बहुध्रुवीय बनाने के लिए क्वाड अनिवार्य है। ऐसे एशिया के बिना बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था बनाना मुश्किल होगा।



**-श्याम सरण**

> फ्रांस और ब्रिटेन दोनों के पास हिंद महासागर क्षेत्र में इलाके हैं। जर्मनी ने एक हिंद-प्रशांत नीति की घोषणा की है और आसियान ने भी हिंद-प्रशांत पूवार्नुमान की घोषणा की है। कुल मिलाकर ऐसी व्यवस्था बन सकती है जो चीन के दबदबे को भी रोके और साझा मानकों के जरिये इसमें भागीदारी के दरवाजे भी खुले रखे। लंबे समय से भारत की प्राथमिकता हिंद-प्रशांत क्षेत्र में खुली, समावेशी, पारदर्शी नियम आधारित और सुरक्षा ढांचा तैयार करने की है।

क्वाड, भारत की बहुध्रुवीय रणनीतिक स्वायत्तता की प्राथमिकता में एकदम सहज बैठता है लेकिन इसमें भी चीन के दबदबे पर नियंत्रण का इरादा एकदम स्पष्ट है। अमेरिकी विदेश मंत्री ने क्वाड को औपचारिक स्वरूप प्रदान करने और व्यापक बनाने की बात कही है। भारत ने इसका कोई विरोध नहीं किया। भारत हिंद-प्रशांत क्षेत्र और उसके बाहर से अतिरिक्त साझेदारों को इसमें शामिल करने का स्वागत करेगा। इंडोनेशिया, वियतनाम और सिंगापुर पहले ही क्वाड देशों के साथ किसी न किसी स्तर पर सुरक्षा संबंध कायम किए हुए हैं। इनका अनौपचारिक ढंग से और कम प्रचार के साथ विस्तार किया जा सकता है। यदि प्रधानमंत्री योशिहिदे सुगा के अधीन जापान और दक्षिण कोरिया के रिश्ते सुधरते हैं तो कोरिया भी क्वाड में शामिल हो सकता है। वह पहले ही अमेरिका का सैन्य साझेदार है। भारत समेत क्वाड के अन्य सदस्यों के साथ भी उसके करीबी रिश्ते हैं। यूरोप से फ्रांस, जर्मनी और ब्रिटेन इसमें रुचि दिखा सकते हैं। फ्रांस और ब्रिटेन दोनों के पास हिंद महासागर क्षेत्र में इलाके हैं। जर्मनी ने एक हिंद-प्रशांत नीति की घोषणा की है और आसियान ने भी हिंद-प्रशांत पूवार्नुमान की घोषणा की है। कुलमिलाकर ऐसी व्यवस्था बन सकती है जो चीन के दबदबे को भी रोके और साझा मानकों के जरिये इसमें भागीदारी के दरवाजे भी खुले रखे।

लंबे समय से भारत की प्राथमिकता हिंद-प्रशांत क्षेत्र में खुली, समावेशी, पारदर्शी नियम आधारित और सुरक्षा ढांचा तैयार करने की है। जयशंकर ने जिस बहुध्रुवीय व्यवस्था की बात की उसके लिए यह उपयुक्त होगा। परंतु अगर चीन मानता है कि उसकी सुरक्षा के लिए इस क्षेत्र में एकपक्षीय दबदबा जरूरी है तो यकीनन बराबरी की प्रतिक्रिया होगी।

क्वाड को हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सुरक्षा माहौल को बदलने के लिए चरणबद्ध तरीके से कई कदम उठाने पर विचार करना चाहिए। विदेश मंत्रियों की आगामी बैठक में अलग-अलग वक्तव्यों के बजाय एक संयुक्त घोषणा करनी चाहिए। इसमें समूह की भूमिका को लेकर सदस्यों की साझा समझ नजर आनी चाहिए। बिना उसके इसे गंभीरता से नहीं लिया जाएगा। कम से कम चीन द्वारा तो कतई नहीं। अंतरराष्ट्रीय समुद्री विधि पंचाट के आदेश के अनुसार दक्षिण चीन सागर में चीन के दावे को नकारते हुए भी संयुक्त वक्तव्य जारी किया जा सकता है। चीन ने एक देश दो व्यवस्था के रूप में हॉन्गकॉन्ग के लिए 50 वर्षों की जो व्यवस्था कायम की है, क्वाड उस पर भी सहमति बना सकता है। चीन द्वारा दक्षिण चीन सागर के ऊपर के क्षेत्र को एयर डिफेंस इन्फॉर्मेशन जोन घोषित करने को लेकर भी एक चेतावनी जारी की जा सकती है। इसी प्रकार ताइवान के मसले के शांतिपूर्ण निपटारे को लेकर एक वक्तव्य जारी किया जा सकता है। फ्रांस, ब्रिटेन और जर्मनी जैसे देशों को भविष्य में क्वाड की मंत्रिस्तरीय बैठकों के लिए आमंत्रित किया जा सकता है। इन कदमों पर विचार किया जाना चाहिए और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बदलते सुरक्षा परिदृश्य में प्रतिक्रिया स्वरूप इनका इस्तेमाल किया जाना चाहिए। हो सकता है अभी उनकी जरूरत न हो या शायद कभी उनकी जरूरत न पड़े।

जापान में नए प्रधानमंत्री हैं लेकिन उन्होंने क्वाड को शिंजो आबे की विरासत के रूप में अपनाया है। अमेरिका में अब नए राष्ट्रपति हैं लेकिन आशा यही है कि अमेरिका क्वाड को मजबूती देना जारी रखेगा क्योंकि चीन को लेकर उसकी धारणा बदलती नहीं दिखती। ऑस्ट्रेलिया में भी कुछ लोग क्वाड में गहरी भागीदारी के खिलाफ हैं। हालांकि चीन ने ऑस्ट्रेलिया को लेकर जो दंडात्मक व्यापारिक उपाय अपनाए हैं उनको लेकर राजनीतिक विरोध हो रहा है। ऐसे में ऑस्ट्रेलिया सरकार का चीन के दबाव के आगे झुकते हुए दिखना राजनीतिक रूप से नुकसानदेह होगा।

ऐसे में क्वाड के तमाम देशों के पास ऐसी वजह हैं जिससे कि वे एक समूह के रूप में सहयोग को आगे बढ़ाएं। सदस्य देशों की संयुक्त आर्थिक और सैन्य क्षमताओं की बात करें तो वे चीन पर भारी पड़ेंगे। यह बात अन्य साझेदारों को आकर्षित करेगी, हालांकि वे अलग-अलग स्तर की प्रतिबद्धता ही जता पाएंगे। क्वाड अब केवल जोखिम से बचाव वाला समूह नहीं बचा है लेकिन बहुपक्षीय साझेदारी और संभावित गठजोड़ को लेकर इसकी राह अनिश्चित है।महामारी के बाद के भूराजनीतिक परिदृश्य में चीन का व्यवहार भी क्वाड की भविष्य की नीतियों को निर्धारित करेगा। बहुत संभव है कि भविष्य का कोई इतिहासकार चीन की एशियाई और वैश्विक उभार की तलाश को अपरिपक्व और गलत फैसले के रूप में आंके जिसके खिलाफ ऐसी प्रतिक्रियाएं सामने आएं जो शी चिनफिंग के चीन से जुड़े स्वप्न को हताश कर दें।

## खास बात

# शी विनर कैंसर

**मुकुंद**

**इस साल** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर क्लिरनेट के हैशटैग 'शी विनर कैंसर' ने लाखों महिलाओं को जागरूक किया। इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं को स्तन, सर्वाइकल, गर्भाशय और अंडाशय के कैंसर के बारे में आवश्यक जानकारी देना था। इस अभियान में देशभर के प्रसिद्ध स्त्री रोग एवं कैंसर रोग विशेषज्ञों के 1000 से अधिक वीडियो स्थानीय भाषाओं में क्लिरनेट के आभासी मंच डॉक ट्यूब पर हर 15 मिनट में जारी किए गए। इस अभियान में 10 लाख से अधिक दर्शक जुड़े। एक मार्च से शुरू यह अभियान 10 मार्च तक चला। इस अभियान से जुड़ने वाले भारत के 500 से अधिक स्त्री रोग और कैंसर रोग विशेषज्ञ इस सफलता से गदगद हैं।

इस अभियान के दौरान यह सामने आया है कि दर्शकों का सर्वाधिक फोकस गर्भाशय कैंसर से जुड़ी जानकारी प्राप्त करने पर अधिक रहा। कैंसर से संबंधित मिथक और जोखिम कारकों के बारे में जानकारी देने वाले वीडियो सबसे ज्यादा देखे गए। मुंबई, हैदराबाद और कोलकाता जैसे महानगरों के डॉक्टरों ने इस अभियान में सक्रिय सहयोग किया। क्लिरनेट के सह संस्थापक सौरव कसेरा का कहना है कि सामाजिक जिम्मेदारी को समझते हुए इस अभियान की परिकल्पना कैंसर के बढ़ते मरीजों की संख्या को देखकर की गई।

उन्होंने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, साल 2022 में दुनिया भर में कैंसर के 20 मिलियन से अधिक नए मरीज सामने आये। इनमें सिर्फ भारत में 1.4 मिलियन से अधिक मरीज शामिल थे। इन 1.4 मिलियन लोगों में 50 फीसद से अधिक महिलाएं प्रभावित हुईं थीं। इसीलिए हैशटैग शी विनर कैंसर शुरू किया है। क्लिरनेट की कोशिश है कि भारतीय महिलाओं और उनके परिवारों को कैंसर के खिलाफ लड़ाई में जीत हासिल करने के लिए आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई जाए। खुशी की बात यह रही कि इस अभियान से पूरे भारत के सम्मानित एवं वरिष्ठ चिकित्सक भी जुड़े। इस पहल का नेतृत्व करने वाले प्रमुख डॉक्टर्स में कोलकाता की जानी-मानी स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रत्नबली चक्रवर्ती शामिल रहीं।

# ध्यान मुद्रा का अभ्यास

## विचार-प्रवाह

**-अशोक प्रवृद्ध**

**विद्यापति** शिव एवं शक्ति दोनों के प्रबल भक्त थे। शक्ति के रुप में उन्होंने दुर्गा, काली, भैरवि, गंगा, गौरी आदि का वर्णन अपनी रचनाओं में यथेष्ठ किया है। मिथिला के लोगों में यह बात आज भी व्याप्त है कि जब महाकवि विद्यापति काफी उम्र के होकर रुग्न हो गए तो अपने पुत्रों और परिजनों को बुलाकर यह कहा कि मेरी इच्छा है कि मैं गंगा के किनारे गंगाजल को स्पर्श करता हुआ अपने दीर्घ जीवन की अन्तिम सांस लूं। अतः आप लोग मुझे गंगालाभ कराने की तैयारी में लग जाएं। परिवार के लोगों ने महाकवि का आज्ञा का पालन करते हुए चार कहरियों को बुलाकर महाकवि के जीर्ण शरीर को पालकी में सुलाकर सिमरिया घाट गंगालाभ कराने के लिए चल पड़े। आगे-आगे कहरिया पालकी लेकर और पीछे-पीछे उनके सगे-सम्बन्धी। रात-भर चलते-चलते जब सूर्योदय हुआ तो विद्यापति ने पूछा- भाई, मुझे यह तो बताओ कि गंगा और कितनी दूर है? साथ चलने वालों ने बताया कि अभीकरीब पौने दो कोस दूर है । इस पर महाकवि ने वहीं अपनी पालकी रोक देने की आज्ञा दी और कहा कि गंगा यहीं आएंगी। साथ चलने वालों के गंगा तक चलने की प्रार्थना करने पर भी वे नहीं माने और कहते रहे कि हमें और आगे जाने की जरुरत नहीं। गंगा यहीं आएगी। इतना कहकर महाकवि ध्यानमुद्रा में बैठ गए। पन्द्रह-बीस मिनट के अन्दर गंगा अपनी उफनती धारा के प्रवाह के साथ वहां पहुंच गयी। सभी लोग आश्चर्य में थे। सर्वप्रथम गंगा को दोनों हाथ जोड़कर प्रणाम किया, फिर जल में प्रवेश कर एक गीत की रचना की और प्रार्थना करते हुए उसमें अपनी प्राण त्याग दी ।

**पूज्य** सरकार बागेश्वर धाम एक दिवसीय कार्यक्रम के लिए देवघर(बाबाधाम) झारखंड पहुँच रहे हैआध्यात्मिक प्रवचनह्व द्वारा सभी भक्तों को भक्ति आचमन भी करवायेंगेङ्घइस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण बागेश्वर धाम सरकार के यूट्यूब/फेसबुक पर होगा।

**– निशिकांत दूबे, सांसद गोड्डा**

## आपके X ट्वीट

**चिन्हित** बालू घाटों के संचालन का जिम्मा ग्राम पंचायत को दें। अपराध की घटनाओं पर हर हाल में लगाम लगाएं। अपराधिक घटनाओं की प्रवृत्ति को सूचीबद्ध करें। पिछले कुछ समय में घटित आपराधिक मामलों की समीक्षा की जाए।

**–चंपई सोरेन, सीएम**





**क्या** आप जानते हैं कि इस वक्त भारत की सबसे बड़ी ताकत क्या है? हमारी ताकत है 25 साल से कम उम्र की युवा आबादी, जिसकी संख्या इस समय पूरी दुनिया में सबसे अधिक भारत में है।

**– राहुल गांधी, कांग्रेस**

# ममता बनर्जी के लिए कहीं नंदीग्राम न बन जाए संदेशखाली

**विकास सक्सेना**

## सामयिक

**कई** बार बहुत मजबूत दिख रहे नेता या दल के लिए कोई घटना उसके पतन का कारण बन जाती है। पश्चिम बंगाल इसका जीता जागता उदाहरण है। यहां 34 साल के वामपंथी शासन के लिए 14 मार्च, 2007 को नंदीग्राम में किसानों पर गोलीबारी की घटना विनाशकारी साबित हुई। कभी राज्य की 80 प्रतिशत से ज्यादा सीटें जीतने वाले वामदलों का आज यहां एक भी विधायक नहीं है। वामपंथियों को बेदखल करके यहां की सत्ता पर काबिज होने वाली ममता बनर्जी के लिए अब संदेशखाली का मामला वामपंथियों के नंदीग्राम की तरह साबित हो सकता है। इसके अलावा अब नागरिकता संशोधन कानून लागू करके केंद्र सरकार ने दीदी के लिए नई मुसीबत खड़ी कर दी है।

पीड़ित महिलाओं ने स्वयं आरोप लगाए हैं कि कबीलाई संस्कृति की तरह सुन्दर महिलाओं के घरों पर संदेश भेजे जाते थे कि वे रात को पार्टी कार्यालय पर आ जाएं अन्यथा सफेद साड़ी पहनने के लिए तैयार रहें। मामला सामने आने के बाद पश्चिम बंगाल की महिला मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने संदेशखाली गांव की महिलाओं का शोषण रोकने की जगह उनकी अस्मत से खेलने वाले पार्टी कार्यकर्ता शेख शाहजहां और उसके गुर्गों को बचाने में अपनी राजसत्ता की ताकत का इस्तेमाल किया।

मुख्य आरोपित शेख शाहजहां के मामले में ममता बनर्जी एक के बाद एक गलती करती चली गईं। जब खाद्यान्न घोटाले के मामले में पूछताछ के लिए गए ईडी के अधिकारियों पर शेख शाहजहां और उसके गुंडो ने हमला किया तो उनको गिरफ्तार कराने की जगह यह जताने की कोशिश की गई कि किस तरह केंद्रीय जांच एजेंसियों को बंगाल में काम करने से रोका जा सकता है। इस घटना के बाद गांव में केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती की गई जिससे पीड़ित महिलाओं को नई ताकत मिल गई। उन्होंने शेख शाहजहां के जुल्मों के खिलाफ आवाज बुलंद की। लेकिन जब ये महिलाएं कैमरे के सामने आकर अपनी व्यथा सुना रही थीं उस समय राज्य की महिला मुख्यमंत्री ममता बनर्जी उनकी पीड़ा समझने के बजाए उन पर लांछन लगा रही थीं। ममता बनर्जी के सवाल हैरान करने वाले थे। वे अपनी पीड़ा बताने वाली महिलाओं के मुंह ढंकने पर सवाल उठा रही थीं। जबकि दुष्कर्म पीड़िताओं की पहचान उजागर करने पर रोक है। पीड़िताओं से पूछा जा रहा था कि उन्होंने अब तक पुलिस में शिकायत दर्ज क्यों नहीं कराई। महिलाएं बता रही थीं कि जब वे पुलिस के पास शिकायत दर्ज कराने जाती थीं तो उन्हें वापस शेख शाहजहां और उसके गुंडों के पास भेज दिया जाता था।

शोषण की सारी सीमाएं पार होने के बाद सड़कों पर उतरी महिलाओं ने बाकायदा न्यायालय में शपथ पत्र देकर आप बीती बताई तो न्यायालय के दबाव में आरोपित शिबू हाजरा, उत्तम सरदार और शेख शाहजहां आदि के खिलाफ कई मुकदमे दर्ज हो गए। प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों पर हमले के मामले में फरार चल रहे शेख शाहजहां को 56 दिनों तक सरकार बचाती रही। मामले के ज्यादा तूल पकड़ने और न्यायालय से फटकार लगने पर आखिरकार उसे गिरफ्तार किया गया पर उसे बचाने के लिए ममता बनर्जी की सरकार पूरी ताकत से जुटी रही। कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश के बावजूद पश्चिम बंगाल की पुलिस ने शेख शाहजहां को सीबीआई के सुपुर्द नहीं किया। इसके बाद जब अवमानना का मामला दर्ज हुआ तो भी दो घंटा इंतजार कराने के बाद पश्चिम बंगाल की पुलिस ने शेख शाहजहां को सीबीआई के हवाले किया। न्यायालय जाते समय शेख शाहजहां की चाल -ढाल से उसके रुतबे का सहज ही अंदाजा लगता है।

## कार्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### आत्ममंथन करें

**कांग्रेस** हाईकमान के लिए असहज स्थिति में गहरे विचार यही कहते हैं कि हिमाचल में कांग्रेस को आत्ममंथन करना चाहिए। अपनी कमियों को दूर करना चाहिए। हर बात का दोष भाजपा पर मढ़ना क्या सही है? एक राज्यसभा सीट गई तो उस पर विचार-सुधार होना चाहिए। हिमाचल के लोगों को तानाशाही पसंद नहीं है। अब देखने वाली बात है कि स्थिति कब सुधरेगी। **– प्रकाश सिंह, रातू**

### जल संरक्षण की पहल

**हमारी** सूखती नदियों, गिरते भूजल स्तर, लुप्त होते तालाब भविष्य में गम्भीर जल संकट का विश्लेषण करने वाला था। जब तक प्राकृतिक जल स्त्रोतों का संरक्षण नहीं होगा, शुद्ध जल सम्भव नहीं हैं। प्रदूषित जल रोगों का कारण बनता जा रहा है। प्राकृतिक जल स्त्रोतों का संरक्षण जब समाज के हाथों में था तो ये पवित्र और पूजनीय थे। अब स्थिति बदतर हो चुकी है। **– रविकांत, रांची**

# बालाजी और बीएचयू को दान देते थे हैदराबाद के निजाम

**रविरंजन**

## इतिहास

**हैदराबाद** के निजाम के बारे में आमतौर पर कहा जाता है कि वो दुनिया के सबसे धनी लोगों में थे। उनकी कंजूसी के भी ढेर सारे किस्से कहे जाते हैं लेकिन ये बात कम मालूम है कि उन्होंने कई हिंदू मंदिरों के साथ हिंदुओं से जुड़े शिक्षा संस्थाओं को पर्याप्त आर्थिक मदद की थी।

हैदराबाद निजाम का नाम पिछले दिनों ग्रेटर हैदराबाद म्युनिशपल कारपोरेशन के चुनावों में बार बार चर्चा में आया। सातवें निजाम उस्मान अली दुनिया के सबसे धनी लोगों में थे। उनके धन दौलत के किस्से जितने ज्यादा विख्यात थे। उतने ही ज्यादा उनकी कंजूसी के बारे में कहा गया. हालांकि आंध्र प्रदेश और तेलंगाना स्टेट आर्काइव्स एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट्स से मिलने वाले रिकार्ड बताते हैं कि हैदराबाद निजाम ने कई बार हिंदू मंदिरों को मोटा दान दिया। यही नहीं उन्होंने उस जमाने में पुणे से छपने वाली एक धार्मिक पत्रिका को आर्थिक मदद दी। साथ ही कई हिंदू प्रबंधन से जुड़े शिक्षा संस्थानों के लिए अपने दोनों हाथ खोल दिए। हैदराबाद निजाम का नाम पिछले दिनों ग्रेटर हैदराबाद म्युनिशपल कारपोरेशन के चुनावों में बार बार चर्चा में आया। सातवें निजाम उस्मान अली दुनिया के सबसे धनी लोगों में थे। उनके धन दौलत के किस्से जितने ज्यादा विख्यात थे। उतने ही ज्यादा उनकी

कंजूसी के बारे में कहा गया. हालांकि आंध्र प्रदेश और तेलंगान स्टेट आर्काइव्स एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट्स से मिलने वाले रिकार्ड बताते हैं कि हैदराबाद निजाम ने कई बार हिंदू मंदिरों को मोटा दान दिया। यही नहीं उन्होंने उस जमाने में पुणे से छपने वाली एक धार्मिक पत्रिका को आर्थिक मदद दी। साथ ही कई हिंदू प्रबंधन से जुड़े शिक्षा संस्थानों के लिए अपने दोनों हाथ खोल दिए।

हैदराबाद निजाम का नाम पिछले दिनों ग्रेटर हैदराबाद म्युनिशपल कारपोरेशन के चुनावों में बार बार चर्चा में आया। सातवें निजाम उस्मान अली दुनिया के सबसे धनी लोगों में थे। उनके धन दौलत के किस्से जितने ज्यादा विख्यात थे। उतने ही ज्यादा उनकी कंजूसी के बारे में कहा गया। हालांकि आंध्र प्रदेश और तेलंगान स्टेट आर्काइव्स एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट्स से मिलने वाले रिकार्ड बताते हैं कि हैदराबाद निजाम ने कई बार हिंदू मंदिरों को मोटा दान दिया। यही नहीं उन्होंने उस जमाने में पुणे से छपने वाली एक धार्मिक पत्रिका को आर्थिक मदद दी। साथ ही कई हिंदू प्रबंधन से जुड़े शिक्षा संस्थानों के लिए अपने दोनों हाथ खोल दिए।

तेलंगाना टुडे के अनुसार सातवें निजाम ने तिरुपति के प्रसिद्ध तिरुमला बालाजी मंदिर के लिए 8000 रुपया आजादी से पहले दान किया था। विकीपीडिया भी इसका उल्लेख करता है। भगवान विष्णु के प्रसिद्ध वेंकटेश्वरा मंदिर को देश के सबसे धनी मंदिरों में गिना जाता है।द यहां लोग बड़े पैमाने पर चढ़ावा चढ़ाते हैं, इसमें बहुमूल्य आभूषणों से लेकर मोटी धनराशि भी शामिल होती रही है. ये मंदिर एक जमाने में हैदराबाद रियासत में ही आता था। तेलंगाना टुडे के अनुसार सातवें निजाम ने तिरुपति के प्रसिद्ध तिरुमला बालाजी मंदिर के लिए 8000 रुपया आजादी से पहले दान किया था। विकीपीडिया भी इसका उल्लेख करता है। यहां लोग बड़े पैमाने पर चढ़ावा चढ़ाते हैं, इसमें बहुमूल्य आभूषणों से लेकर मोटी धनराशि भी शामिल होती रही है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

## सबों को एक सूत्र में पिरोकर संगठन को और मजबुत बनाना मेरा लक्ष्य : सुरेंद्र


रामगढ़ जिला मंत्री सुरेंद्र करमाली।

**बासल (रामगढ़)।** भारतीय जनता पार्टी के रामगढ़ जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता ने भाजपा भादानीनगर के पूर्व मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र करमाली को भाजपा रामगढ़ जिला मंत्री मनोनित किया है। साथ ही आशा व्यक्त किया है की इनके मनोनयन से क्षेत्र में पार्टी और मजबुत एवं सुदृढ़ होगा। साथ ही आदिवासी समाज में ऊर्जा का संचार होगा एवं उनके बीच पार्टी को और मजबुती प्रदान होगी। इधर नवमनोनित भाजपा जिला मंत्री सुरेंद्र करमाली ने प्रवीण मेहता सहित अन्य भाजपा पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा की सौंपे गये दायित्वों को ईमानदारी पूर्वक निभाना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा की सबों को एक सूत्र में पिरोकर संगठन को और मजबुत बनाना मेरा लक्ष्य होगा। सुरेंद्र करमाली के जिला मंत्री बनने पर भाजपाईयों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

## तापिन नॉर्थ में कार्यरत कर्मी की मौत

**चरही।** चरही सीसीएल हजारीबाग कोयला क्षेत्र के तापिन नॉर्थ परियोजना में कार्यरत केबल मैन की मौत बीते दिन देर शाम को हो गई। जानकारी के अनुसार मनोज सीसी एल तापिन नार्थ परियोजना में केवल मैन के पद पर कार्यरत थे।मृतक की उम्र करीब 35 वर्ष थी।जो तापिन नॉर्थ परियोजना के समीप ब्लॉक नंबर 38 कॉलोनी में रहते थे।मृतक कर्मी किसी काम से तापिन बस्ती गया हुआ था। लौटने के क्रम में तापिन बस्ती के समीप एक झाड़ी में मनोज महतो गिर गया।और उसी झाड़ी में पड़ा रहा। तापीन बस्ती और इसके आस-पास के ग्रामीणों की नजर उस पर पड़ी तो लोग उसके समीप पहुंचे तो देखा कि एक व्यक्ति झाड़ी में मृत पड़ा है। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी चरही थाना को दी।सूचना मिलते चरही थाना प्रभारी गौतम कुमार अपने दल-बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे।और पुलिस ने शव का जांच पड़ताल करते हुए एम्बुलेंस के माध्यम से पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग ड्रोज दिया गया। मृतक अपने पीछे पत्नी समेत दो पुत्र को छोड़ गया है। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

## प्रजापिता ब्रह्म कुमारी विश्वविद्यालय की शाखा का शुभारंभ

**चरही।** चुरचू प्रखंड के बहेरा पंचायत में बुधवार को प्रजापिता ब्रह्म कुमारी विश्वविद्यालय की एक शाखा का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय के दीदी, जिप सदस्य बासुदेव करमाली, प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक और मुखिया देवकी महतो ने संयुक्त रूप से झंडोतोलन एवं विधिवत तरीका से पूजा-अर्चना कर इस शाखा को शुभारंभ किया।इस दौरान पंचायत के मुखिया देवकी महतो ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के दिन हमारे लिए बहुत ही महत्वपूर्ण एवं गौर्बान्वित कर देने वाला दिन है। इस शाखा के खुलने से बहेरा पंचायत के लोगों में अच्छा विचार, रहन-सहन का शिष्टाचार और इससे कई तरह के ईश्वरीय ज्ञान प्राप्त होंगे।यह विश्वविद्यालय की शाखा पंचायत को उन्नत बनाने में बहुत ही सहयोग करेगा।मौके पर चुरचू जिप सदस्य बासुदेव करमाली, प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक, पूर्व उप प्रमुख सह विधायक प्रतिनिधि चैलेश्वर महतो, बहेरा मुखिया देवकी महतो,पंसस शक्ति देवी,आशा राय, समाजसेवी शिवकुमार, विनोद कुमार, किशन कुमार केसरी, मुंताजिर अंसारी, रीना कुमारी, वीणा कुमारी, पूजा कुमारी, खुशबू देवी, आशा देवी, पूनम देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

## पीएम मोदी के हाथों को मजबुत कर संगठन हित में कार्य करता रहूंगा : सतीश मोहन मिश्रा

● भाजपा भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष समीश मोहन मिश्रा का भुरकुंडा में हुआ जोरदार स्वागत, दी गई बधाई

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भारतीय जनता पार्टी भुरकुंडा मंडल के तत्वावधान में बुधवार को भुरकुंडा पंचायत भवन में स्वागत सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में भाजपा पदाधिकारियों द्वारा भुरकुंडा मंडल के सतीश मोहन मिश्रा को दोबारा मंडल अध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर फूल माला पहनाकर एवं बुके देकर जोरदार स्वागत किया गया। साथ ही सतीश मिश्रा को अंग वस्त्र देकर सम्मानित करते हुए बधाई दी गई। अपने मनोनयन पर भाजपा भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश कुमार मिश्रा ने भाजपा पदाधिकारियों के प्रति आभार जताते हुए कहा कि सौंपे गये दायित्वों को ईमानदारी पूर्वक निभाना मेरा उद्देश्य होगा। साथ ही सबों को एक सूत्र में पिरोकर पीएम मोदी के हाथों को मजबुत करना व भाजपा को और बुलंदियों तक ले जाना मेरा लक्ष्य होगा। उन्होंने कहा की सबका साथ-सबका विकास और निरंतर प्रयास व सभी पदाधिकारी के सहयोग से भुरकुंडा मंडल के संगठन को मजबूत बनाने का काम किया हूं, जो आगे भी जारी रहेगा। श्री मिश्रा ने कहा की मुझे दोबारा संगठन की सेवा करने का मौका मिला है, यह आप सभी कार्यकर्ता और पदाधिकारी के बदौलत ही संभव हो पाया है। स्वागत करने वालों में ओबीसी मोर्चा के दक्षिणी प्रमंडलीय सह प्रभारी योगेश दांगी, भाजपा जिला मंत्री संजीव कुमार बावला, युगल नायक, लक्ष्मी देवी, जगतार सिंह, अशोक सोनी, महेंद्र सिंह, राजन पांडेय, शंकर प्रसाद, ज्योति सिंह, अजय पासवान, सुभाष दास, अनुप कुमार सिंह, संतन सिंह, देवकुमार सिंह, बाबूलाल नायक, जयनारायण सिंह आदि शामिल थें।

## बीएड कॉलेज लारी: बोरोबिंग गाँव में लोगो को मतदान करने की अपील किया

**रजरप्पा।** डॉ. एस. राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, सुकरीगढ़ा, लारी में एनएसएस के तत्वाधान में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विषय वोटर एवारनेस प्रोग्राम रहा। जिसमें शिक्षको एवं प्रशिक्षुओं ने बोरोबिंग गाँव में घर-घर जाकर लोगो को मतदान करने की अपील किया एवं नुक्कड नाटक, नारा बोल कर गाँव वालो को जागरूक किया। जिसमें बीएड एवं डीएलएड के सभी प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन तथा देखरेख बीएड के सहायक प्राध्यापक सह एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. अशोक राम के द्वारा किया गया। इस मौके पर महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव संजय कुमार प्रभाकर ने हरी झंडी दिखाकर रैली को बोरोबिंग गाँव की ओर प्रस्थान कराये, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शिव कुमार राणा, सहायक प्राध्यापक रंजु वंदना होरो, नयन कुमार मिश्रा, संजु रंजना होरा, मो. परवेज अखतर, संजु उरांव, डीएलएड के प्रभारी विभागाध्यक्ष सुप्रिया बर्मन, उपस्थित रहें।

### एक तरफ ताबड़तोड़ जनसंपर्क, दूसरी तरफ नील बटा सन्नाटा

# एनडीए और इंडिया गठबंधन में दिख रहा भारी अंतर

खबर मन्त्र संवाददाता


जनसंपर्क करते भाजपा लोकसभा प्रत्याशी मनीष जायसवाल।

**हजारीबाग।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा हजारीबाग जिले के लोकसभा प्रत्याशी मनीष जायसवाल को जिस दिन से उम्मीदवारी मिली है। वे उस दिन से ही अपने समर्थन में ताबड़तोड जनसंपर्क कर लोगों का आर्शिवाद प्राप्त कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर इंडिया गठबंधन की ओर से अभी तक प्रत्याशी की नाम की घोषणा भी नहीं हुई है। दोनों गठबंधन लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर कितने गंभीर हैं। यह इस बात से पता चलता है। भाजपा उम्मीदवार मनीष जायसवाल चौपारण, बरही, कटकमसांडी, कटकमदाग, रामगढ, मांडू, विष्णुगढ, पतरातु, टाटीझरिया, दारू आदि प्रखंडों में जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों से अपने पक्ष में वोट देने की अपील कर रहे हैं। इधर इंडिया गठबंधन की ओर से लोकसभा टिकट की प्रबल दावेदार बड़कागांव की कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद के कई ठिकानों पर विगत दो दिनों से ईडी की छापेमारी चल रही है। इस छापेमारी के बाद अंबा प्रसाद के लोकसभा उम्मीदवारी को गहरा धक्का लग सकता है। छापेमारी जमीन घोटाले को लेकर की गयी है जो आज देर शाम तक जारी थी। सूचना है कि ईडी ने जमीन से जुडे कई दस्तावेजो को जब्त किया है। अंबा की मुश्किले बढने की पूरी संभावनाएं हैं। इधर छापेमारी के बाद सोशल मीडिया में इंडिया गठबंधन के नेताओं ने अपने पक्ष में लामबंदी शुरू कर दी है। कोई अपने दोस्तो से लोकसभा के प्रत्याशी के रूप में फोटो डलवाकर उसे वाइरल करवा रहा है तो कुछ नेता समर्थकों के साथ फोटो खिंचाकर सोशल मीडिया प्लेटफार्म का इस्तेमाल कर रहे हैं। लेकिन अभी तक इंडिया गठबंधन की ओर से ऐसा कोई नाम सामने नहीं आया है जिसपर कोई कन्फर्म मुहर लगा सके। कुछ दिनों में नाम तो सामने आएगा ही लेकिन फिलवक्त इस मामले में एनडीए और इंडिया गठबंधन में भारी अंतर नजर आ रहा है।

## प्राण प्रतिष्ठा में शामिल हुए करण जयसवाल


करण जयसवाल व अन्य।

**कटकमसांडी।** प्रखंड क्षेत्र के कंचनपुर पंचायत में हरिजन टोला श्री श्री 1008 श्री पंचमुखी हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा सह पांच-दिवसीय यज्ञ भंडार में शामिल हुए सदर विधायक मनीष जायसवाल के पुत्र करण जयसवाल हुए। मंदिर समिति के अध्यक्ष मनोज राम अशोक राम, सचिव संतोष कुमार, सोनू कुमार, कोषाध्यक्ष रोहित राम, सोबरण राम ने करण जयसवाल को स्वागत किया। करण जयसवाल ने मंदिर में पूजा अर्चना कर सदर विधानसभा क्षेत्र की जनता जनार्दन के सुख शांति समृद्धि की मंगल कामना किया। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के भंडार में लोगों के साथ प्रसाद वितरण कर प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर उपस्थित विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा, कंचनपुर पंचायत मुखिया पति अशोक राणा,उप मुखिया प्रकाश कुशवाहा,भरत कुशवाहा, बिनोद कुमार, मोहन राम सैकड़ो की संख्या में भक्तजन उपस्थित थे।

# आधुनिक कृषि को बढ़ावा देने के लिए एनटीपीसी द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम

खबर मन्त्र संवाददाता


प्रशिक्षण में शामिल लोग।

**हजारीबाग।** पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना ने ग्रामीणों के लिए आधुनिक कृषि खेती और तकनीक पर तीनदिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया। यह परिवर्तनकारी पहल आधुनिक कृषि खेती और तकनीकों पर केंद्रित थी और हजारीबाग में होली क्रॉस कृषि विज्ञान ट्रस्ट में आयोजित की गई थी। यह आवश्यक कार्यक्रम 13 मार्च, 2024 को समाप्त होगा। नवीनतम कृषि पद्धतियों के साथ ग्रामीण ग्रामीणों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से, कार्यक्रम ने टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देने और ग्रामीण समुदायों की आजीविका में सुधार के लिए एनटीपीसी के समर्पण को रेखांकित किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में 35 प्रतिभागियों के एक विविध समूह का स्वागत किया गया, जिसमें 31 महिला और 4 पुरुष किसान शामिल थे। संसाधन प्रबंधन, मशरूम की खेती (ऑयस्टर, मिल्की और बटन), मौसमी सब्जियों की खेती, ग्राफ्टिंग, पौध नर्सरी तैयार करना, कीट और रोग नियंत्रण, फल और सब्जी मूल्य संवर्धन सहित कृषि के विभिन्न पहलुओं में व्यापक अंतर्दृष्टि प्रदान करने के लिए पाठ्यक्रम को सावधानीपूर्वक तैयार किया गया था। वर्मीकम्पोस्ट उत्पादन, और नवीन कृषि प्रौद्योगिकियों का एकीकरण। यह कार्यक्रम श्री एस.के. की उपस्थिति में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय किसानों को फसल की पैदावार बढ़ाने, कृषि उत्पादकता में सुधार करने और अंततः उनकी आजीविका में सुधार करने के लिए उन्नत तकनीकी जानकारी से लैस करना है।

## भाजपा को और बुलंदियों तक ले जाना मेरा लक्ष्य होगा : सागर दांगी

● नवमनोनित भाजपा भदानीनगर मंडल अध्यक्ष सागर कुमार दांगी का जराद में हुआ जोरदार स्वागत, दी गई बधाई

खबर मन्त्र संवाददाता


सागर दांगी का स्वागत करते भाजपाई।

**भदानीनगर (रामगढ़)।** भारतीय जनता पार्टी के नवमनोनित भदानीनगर मंडल अध्यक्ष सागर कुमार दांगी का बुधवार को लबगा पंचायत के जराद गांव में ग्रामीणों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान भाजपाईयों ने मंडल अध्यक्ष सागर दांगी को फूल माला पहनाकर स्वागत करते हुए बधाई दी। साथ ही आशा व्यक्त किया गया कि इनके कार्यकाल में भाजपा भदानीनगर मंडल और बुलंदियों को छुवेगा। मौके पर भदानीनगर मंडल अध्यक्ष सागर दांगी ने अपने मनोनयन पर भाजपा पदाधिकारियों के प्रति आभार जताते हुए कहा कि जिस उम्मीद व विश्वास के साथ मुझे यह कार्यभार सौंपा गया उसका ईमानदारीपूर्वक निर्वहन करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा की भाजपा के नीति-सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाते हुए सबों को साथ लेकर संगठन व समाजहित में कार्य करता रहूंगा। श्री दांगी ने कहा की पीएम मोदी के हाथों को मजबुत करते हुए भाजपा को और बुलंदियों तक ले जाना मेरा लक्ष्य होगा। बधाई देने वालो में युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा, भाजपा कोषाध्यक्ष देवेंद्र सिंह, अनिल सिंह खरवार सहित अनिल सिंह खरवार, सुनील सिंह, जितेंद्र कुमार सिंह, पार्वती देवी, रेखा देवी, शोहरी देवी, आरती देवी, सीता कुमारी, श्रवण सिंह, बिरसा करमाली, पुष्पा कुमारी, गुड़िया कुमारी सहित कई भाजपाई शामिल थें।

## मनरेगा कर्मी संघ ने संजीव कुमार बेदिया से की मुलाकात

**बड़कागांव।** मनरेगा कर्मी संघ ने झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सह झारखंड श्रमिक संघ जिला सचिव संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में बड़कागांव, केरेडारी और पतरातू प्रखंड से झामुमो केंद्रीय सचिव सह झारखंड सरकार राज्य परिवहन प्राधिकार सदस्य संजीव कुमार बेदिया से औपचारिक मुलाकात कर अपनी समस्या से अवगत कराया। श्री बेदिया ने कहा जो भी आप लोगों की समस्या है उसके समाधान हेतु मैं मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से मिलकर समाधान कराने का प्रयास करूंगा। मौके पर कर्मी में सुबोध सिंह, जुगेश्वर राम, अनीश कुमार रवि, जुगेश्वर प्रसाद, शंभू रविदास, नंदकिशोर राम, संदीप कुशवाह, अजय कुमार, सुरेन्द्र कुमार, राजू राम, अनंत कुमार, विवेक सिंह, मो रहमान, सूरज कुमार, उदेश्वर सिंह, शशि भूषण प्रसाद, रविंद्र कुमार गोवर्धन राम, संजर हुसैन, हुसैन अंसारी, मनोज ठाकुर, बालिंद्र रविदास, विनोद तिर्की, अजय पांडे, मो असगर अली आदि उपस्थित थे।

## प्रमुख व मुखिया ने किया अबूआ आवास का भूमि पूजन

**चरही।** चुरचू प्रखंड बहेरा पंचायत के ग्राम कजरी निवासी मोसोमात चांदमुनि पति स्व.कृष्णा मुर्मू,मालती देवी पति मुकुल रविदास, रुबेदा खातून पति मो. मुमताज और सकिला खातून पति स्व. मो. जमीउल्लाह को अबुआ दिया गया। चुरचू प्रखंड के प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक एवं चुरचू मुखिया संघ के अध्यक्ष सह बहेरा पंचायत के मुखिया देवकी महतो के द्वारा नारियल फोड़ कर विधिवत भूमि पूजन किया गया। मौके पर अल्पसंख्यक जिला मंत्री सह विधायक प्रतिनिधि आरिफ अंसारी, मुंतज़िर अंसारी, सबीना हेंब्रम, विनोद कुमार केसरी, परमेश्वर प्रजापति, अजय मुर्मू, सरिता देवी, मो. अली इमाम, राजू मुर्मू, जावेद अंसारी सहित पंचायत के कई ग्रामीण मौजूद थे।

## जयंत सिन्हा के प्रयासों से कैंटोनमेंट बोर्ड के नगर निकाय में विलय को मिली मंजूरी


सांसद जयंत सिन्हा।

**रामगढ़।** हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा के प्रयासों से रामगढ़ कैंटोनमेंट बोर्ड के नगर निकाय में विलय को मिली मंजूरी मिल गई है। भाजपा रामगढ़ के कार्यकर्ताओं ने बताया कि सांसद सह अध्यक्ष वित्त सम्बन्धी संसदीय स्थायी समिति जयंत सिन्हा रामगढ़ छावनी क्षेत्र के नगर निकाय में विलय को लेकर काफी वर्षों से प्रयासरत थे। उन्होंने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को इस संबंध में 2021 में पत्र लिखकर व मुलाकात कर भी इस सम्बन्ध में अधिसूचना जारी करवाने के लिए आग्रह किया था। केंटोनमेंट बोर्ड रामगढ़ का झारखण्ड सरकार के अधीन नगर निकाय में विलय करने की घोषणा को लेकर अधिसूचना जारी कर दी गयी है। इस कार्य से रामगढ़ छावनी क्षेत्र का दुगनी रफ्तार से विकास हो पाएगा। कैंटोनमेंट बोर्ड के नगर निकाय में विलय पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सांसद जयंत सिन्हा को बधाई देते हुए उनका आभार व्यक्त किया है। मंजूरी मिलने पर प्रकाश मिश्रा, नारायण चंद्र भौमिक, सुमन सिंह, देवेंद्र सिंह, रविंद्र शर्मा, विजय ओझा, बबलू कुशवाहा आदि ने सांसद को बधाई दी है।

### भाजपा किसान मोर्चा का कृषि चौपाल के साथ ग्राम परिक्रमा यात्रा संपन्न

# देश के किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए हर सार्थक कदम उठाते रहें हैं पीएम मोदी : पवन साहू

● जुमरा आसपास गांव के ग्रामीण हुए शामिल
● अबकी बार 400 पार का नारा हुआ बुलंद

खबर मन्त्र संवाददाता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के तत्वाधान में पिछले एक माह से चल रहे ग्राम परिक्रया यात्रा का समापन बुधवार को जुमरा गांव में किसान चौपाल लगाकर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सन्नी प्रसाद कुशवाहा व संचालन जिला मंत्री सहजनाथ बेदिया ने किया। कृषि चौपाल कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू, विशिष्ट अतिथि किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री अर्जुन सिंह, कार्यक्रम पदाधिकारी मो. सफदर अली सहित भाजपा नेता वारिश खान, दिनेश प्रसाद, सुरेंद्र नाथ, जेपी पांडेय, शंभु लाल ठाकुर आदि मुख्य रूप से मौजूद थें। कृषि चौपाल में शामिल जुमरा आसपास गांव के ग्रामीणों ने भाजपा पदाधिकारियों के समक्ष अपने-अपने विचार रखें। इस दौरान ग्रामीणों ने कहा की पीएम मोदी ने किसानों को आत्मनिर्भर बनाने का काम किये हैं। हमसभी विश्वास दिलाते हैं की राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के द्वारा दिया गया नारा 400 पार को पूरा करने का काम आगामी लोकसभा चुनाव में करेंगे। मौके पर मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू ने कहा की देश के किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए पीएम मोदी ने हर सार्थक कदम उठाया है। हम कार्यकताओं एवं किसानों की भी यह जिम्मेवारी है की तीसरी बार मोदी की सरकार बनाकर देश के सर्वांगीण विकास में अपनी अमह भूमिका निभाएं। वहीं अपने अध्यक्षी भाषण में सन्नी प्रसाद कुशवाहा ने कहा की गांव को विकास के रास्ते में लाने का चौपाल एक माध्यम है। भाजपा का उद्देश्य ही सबका साथ व सबका विकास है। उन्होंने अबकी बार 400 पार का नारा बुलंद करते हुए लोगों से पीएम मोदी के हाथों को मजबुत करने की अपील की। मौके पर प्रदीप महतो, नूतन महतो, हरिलाल महतो, सत्यजीत सिंह, हीरालाल महतो, दिलीप महतो, गोर्वधन बेदिया, चमन लाल करमाली, केदार बेदिया, छोटेलाल बेदिया, भोला महतो, झांगू बेदिया, भोला बेदिया, भुलेंद्र महतो, बालू बेदिया, झीरगा बेदिया, दिनेश मुंडा, कामेश्वर बेदिया, अशराम बेदिया, महावीर मुंडा, अर्जुन तुरी सहित दर्जनों किसान व भाजपाई मौजूद थें।

एक नजर में

## भाजपा से मुझे जो जिम्मेवारी मिलेगी उसे मैं ईमानदारी पूर्वक निभाऊंगा : मनोज गिरि

● मनोज गिरि दोबारा बने भाजपा नगर परिषद अध्यक्ष


मनोज गिरि।

**कुजू।** भाजपा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के निर्देश पर रामगढ़ जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता द्वारा दोबारा मनोज गिरि को रामगढ़ नगर परिषद अध्यक्ष बनाये जाने पर कार्यकताओं ने हर्ष व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि मनोज गिरि को दोबारा अध्यक्ष बनने से संगठन मजबूत होगा। वही अपने मनोनयन पर मनोज गिरि ने प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, झारखंड प्रदेश महामंत्री कर्मवीर सिंह, रामगढ़ जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने मुझे जो जिम्मेवारी मिली है उसे ईमानदारी पूर्वक निभाऊंगा। भारतीय जनता पार्टी एक ऐसी पार्टी है जो की नीचे स्तर के कार्यकर्ता को संगठन से लेकर आगे तत्काल करने का मौका देती है। भाजपा में करीब 20 वर्ष से हूं। मैं पहले बूथ अध्यक्ष से लेकर पार्टी के मंडल के कार्य समिति से लेकर विभिन्न दायित्व पर कार्य करने का मौका मिला। जो पूरे ईमानदारी से निभाने का कार्य किया।

## भारतीय जनता पार्टी का मिलन समारोह सह नव आगंतुको का स्वागत अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित

● पवन करमाली के अगुवाई में दर्जनों लोगों ने थामा भाजपा का हाथ


पार्टी में शामिल होने पर स्वागत करते।

**कुजू।** कुजू पूर्वी पंचायत भवन में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी का मिलन समारोह सह नव आगंतुको का स्वागत अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष तोकेश सिंह व संचालन महामंत्री अशोक कुमार ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रामगढ़ जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, ज्वाइनिंग कमेटी के रामगढ़ जिला संयोजक रंजीत सिन्हा शामिल हुए। कार्यक्रम में पवन करमाली के नेतृत्व में सैकड़ो लोगों ने भाजपा परिवार में शामिल हुए। साथ सभी लोगों को जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, रंजीत सिन्हा, मांडू प्रखंड अध्यक्ष तोकेश सिंह ने पार्टी का पट्टा व माला पहनकर पार्टी में स्वागत और अभिनंदन किया। अतिथियों ने कहा कि नरेंद्र मोदी के कार्य प्रणाली से पूरे भारत में अनेक लोग भाजपा से जुड़ रहे हैं। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित भारत बनेंगा। नागरिक संशोधन कानून नोटिफिकेशन जारी किया गया है। इसे पाकिस्तान, अफगानिस्तान, बांग्लादेश से भारत आए हिंदू सिख बौद्ध जैन फारसी और ईसाई समुदाय को नागरिकता देखकर उनका सम्मान देने का काम किया। बैठक में मुख्य रूप से राजेंद्र कुशवाहा, मनोज गिरी, शंकर करमाली, भाजयुमो मांडू मंडल अध्यक्ष रवि साहू, भाजपा उपाध्यक्ष रतन प्रसाद साहू, मंत्री डिंपल प्रजापति, मनोहर गुप्ता, उमेश चन्द्र पटेल, गणेश सोनी, राजेश प्रसाद, निर्मल करमाली, अखिलेश्वर प्रसाद, पंचीत कुमार महतो, सुनील साहू, सुधान सिंह, श्रवण सिंह, सुखदेव सोनी, वीरेंद्र करमाली, श्रवण शाह आदि उपस्थित थे। वही पार्टी में दर्जनों लोग शामिल थे।

## जवाहर बाल मंच के जिला अध्यक्ष ने की प्रेस वार्ता

● बच्चो के अधिकारों व सरकारी सुविधा की दी जानकारी


शशि मोहन सिंह व अन्य।

**दारू।** जवाहर बाल मंच के जिलाध्यक्ष रिंकू कुमार ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेस किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि बाल मंच मुख्य रूप से 7 वर्ष से 18 वर्ष तक के बच्चों के लिए यह बनाई गई संस्था है। मंच के माध्यम से 7 वर्ष से 18 वर्ष की आयु के किसी भी बच्चे को अगर पढ़ाई में किसी प्रकार की परेशानी हो रही है तो उसे इस मंच के द्वारा और साथ ही बच्चों पर होने वाले किसी भी प्रकार के अत्याचार व बाल विवाह जैसे कुप्रथा के रोकथाम पर कार्य करती है। बीस सूत्री अध्यक्ष शशि मोहन सिंह ने बताया की अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी एक नयी सोच लायी है, नयी विचार लायी है। बच्चे का संस्कार अच्छा होने से ही देश आगे बढेगा। इस मंच के माध्यम से किसी भी धर्म, समुदाय, जाति, गरीब, अमीर कोई भी बच्चा जो पढ़ाई नहीं कर पाते है या संसाधन की कमी होती उसे यह मंच से जोड़ कर उन्हें मदद उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही उन्होंने भाजपा पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि भाजपा गठबंधन सरकार से डरी व सहमी हुई है। महागठबंधन की सरकार की प्रमुख उपलब्धियो में 200000 तक किसानों की ऋण माफी, 125 यूनिट मुफ्त बिजली, विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन 50 की उम्र से, अबुआ आवास, सरना धर्म कोड, निजी क्षेत्र में स्थानीय को 75% का आरक्षण, 27% ओबीसी आरक्षण, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढीकरण योजना, पुरानी पेंशन योजना लागू सहित कई उपलब्धिया है। मौके पर जिला संजोजक अरविन्द कुमार, आरती देवी, कैलाशपाती देव, विजय राम, शैलेश उपाध्यय,सत्यनारायण प्रसाद, मो इमरान, केदार प्रसाद, राजेश यादव सहित कई लोग उपस्थित थे।

## कुरसे गांव में रेल अंडरपास की मांग को ले ग्रामीणों ने निकाला जुलूस, किया विरोध-प्रदर्शन

● रेल अंडरपास नही, तो वोट नहीं का नारा किया बुलंद, मांगों पर पहल नहीं होने पर वोट बहिष्कार करने की दी चेतावनी

भुरकुंडा (रामगढ़) ।भदानीनगर क्षेत्र के कुरसे गांव में रेल अंडरपास की मांग को लेकर बुधवार को ग्रामीणों ने विरोध-प्रदर्शन किया। इसके पूर्व कुरसे सहित आसपास क्षेत्र के दर्जनों महिला-पुरूष ग्रामीणों ने जुलूस के शक्ल में रेलवे लाइन पहुंचे। जहां विरोध प्रदर्शन करते हुए रेल अंडरपास नही, तो वोट नही के नारे बुलंद किए। ग्रामीणों ने प्रशासन और सरकार से कुरसे गांव में रेल अंडरपास बनाकर आवागमन की समस्या को दूर करने की मांग करते दिखें। मौके पर बीरेंद्र यादव ने कहा की हम भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था मनाने वाले लोग संविधान का पूरा सम्मान करते हैं। कुरसे रेलवे अंडरग्राउंड रोड के लिए विगत 10 वर्षों से मांग करते आ रहे हैं। इसे लेकर स्थानीय सांसद जयंत सिन्हा से लेकर पूर्व डीसी रामगढ़, रेलवे डीआरएम धनबाद सहित रेल संबंधित विभाग तक लिखित रूप से मांग की गई है। लेकिन अभी तक कहीं से कोई पहल नही हो सकी है। उन्होंने कहा की ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानियों का समाना करना है। रेल लाइन पार करने के दौरान कई बार छोटी-मोटी दुर्घटना भी होते रहता है। साथ ही वैकलिप मार्ग से 4-5 किमी की अधिक दूरी तय करनी पड़ती है। इमरजेंसी के समय परेशानी और बढ़ जाती है। श्री यादव ने कहा की कई बार आश्वासन के बाद भी अंडरपास नहीं बनने से ग्रामीणों में आक्रोश का माहौल है। बाध्य होकर हम ग्रामीणों द्वारा विरोध-प्रदर्शन किया गया है। यदि हमारी मांगों पर पहल नहीं होती है तो आगे भी ग्रामीण आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। साथ ही वोट का भी बहिष्कार करेंगे। विरोध-प्रदर्शन में बीरेंद्र यादव, राणा प्रताप सिंह, जगरनाथ मुंडा, जगदीश मुंडा, हरिनाथ करमाली, परमजीत सिंह, फुलेंद्र राम, आदित्य साहू, विनय सिंह, पवन मुंडा, आरएस कपूर, बिजेंद्र सिंह, विक्रांत कुमार, महेश सिंह, नरेंद्र सिंह, चितलाल मुंडा, बबिता देवी, रेनू देवी, मीना देवी, शोभा देवी, पार्वती देवी, सरस्वती देवी, मलती देवी, टिपना देवी सहित भारी संख्या में महिला-पुरूष शामिल थें।

# पीएम सूरज पोर्टल से वंचित वर्ग होगा लाभान्वित: सांसद

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शिवाजी मैदान में प्रधानमंत्री सामाजिक उत्थान एवं रोजगार आधारित जन कल्याण कार्यक्रम किया गया। जिसमें देशस्तरीय पीएम सूरज पोर्टल का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऑन लाईन वीडियो कांफ्रेंस से किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पलामू सांसद बीडी राम ने शिवाजी मैदान में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

नगर आयुक्त ने विषय प्रवेश कराते हुए कहा कि भारत सरकार की यह योजना वंचित वर्गों के लिए वरदान साबित होगा। मुख्य अतिथि सांसद श्री राम ने कहा कि देश के पहले ऐसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं जिन्होंने देश के विभिन्न क्षेत्रों में निवास करने वाले प्रत्येक वर्ग के लोगों पर पैनी निगाह रखा है।

इतना ही नहीं प्रधानमंत्री सभी वर्ग के लोगों को उत्थान हो इसके लिए वे दिन रात एक कर एक से बढ़कर एक योजनाओं को जनहित में संचालित कर रहे हैं।



सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री का नारा है सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास को चरितार्थ कर रहे हैं। इसी के तहत आज देशव्यापी पीएम सूरज पोर्टल का उदघाटन किया गया है। इस पोर्टल को लागू हो जाने से लाभूकों के बीच में जो बिचौलिये हावी रहते थे वे समाप्त होंगे। साथ ही योजनाओं का सीधा लाभ वंचित वर्गों को मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस पोर्टल से स्वरोजगार को बढ़ावा मिलेगा। छोटे उद्यमी जो पैसे के अभाव में रोजगार, व्यापार व कुटीर उद्योग नहीं कर पाते हैं ऐसे लोगों को इस पोर्टल के माध्यम से सस्ते ब्याज दरों पर बैंकों द्वारा बिना किसी अड़चन के उन्हें ऋण उपलब्ध हो पायेगा। जिससे वंचित वर्गों का विकास होगा। विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि प्रधानमंत्री सभी वर्गों की चिंता करते हैं। उनके चिंतन का परिणाम है कि वे बेघरों को घर महिलाओं के सम्मान में शौचालय, गैस सिलिंडर, गरीब असहाय लोगों को गंभीर रोग के इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड, दिव्यांगों एवं असहाय बुजूर्गों के लिए पेंशन योजना , किसानों के लिए किसान सम्मान निधि योजना समेत देश के प्रत्येक वर्ग के लोगों के विकास के लिए कई सारी योजनाएं देशस्तर पर संचालित किये जा रहे हैं। जिसका लाभ लाभूक सीधे तौर पर ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा जनहित में लागू किये योजनाओं को झारखंड सरकार धरातल पर नहीं उतार रही है। कार्यक्रम में छतरपुर विधायक पुष्पा देवी, पूर्व सांसद मनोज कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, डीडीसी रवि आनंद, जिला कल्याण पदाधिकारी सेवाराम साहू, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान समेत कई लोग शामिल थे।

# किसान दिवस का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिसई।** प्रखंड के ग्राम दिकदोन में इफको के द्वारा तरल नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी आधारित एक किसान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें आसपास के लगभग 200 किसानों ने भाग लिया इस बैठक में इफको के राज्य विपणन प्रबन्धक यू के सिन्हा के द्वारा तरल नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी के लाभ तथा दानेदार डीएपी एवं यूरिया के प्रयोग से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में विशेष चर्चा की, विशेष कर नैनो यूरिया तरल एवं नैनो डीएपी का आधुनिक खेती के लिए किस प्रकार प्रासंगिक और लाभकारी है का विस्तृत चर्चा किए। पारंपरिक




दानेदार यूरिया एवं दानेदार डीएपी से मिट्टी में होने वाले दुष्प्रभाव पर लोगों को जागरूक किया। आधुनिक एवं सघन खेती में विभिन्न प्रकार के पोषक तत्वों की पूर्ति के लिए किस प्रकार इफको के जल विलय उर्वरक कैल्शियम, मैग्नीशियम, सल्फर, सागरिका, जिंक एवं जैव उर्वरक उपयोगी है के बारे मे एवं इनको कैसे प्रयोग करें की जानकारी चन्दन कुमार, प्रबंधक इफको राँची द्वारा दिया गया। बैठक के अंतिम कड़ी में उपस्थित किसानों से एक प्रतियोगिता के माध्यम से किसानों को नैनो यूरिया उपहार स्वरूप दिया गया एवं महिला समूह को एक बैट्री चालित स्प्रे मशीन भी निःशुल्क दिया गया।

# लोहरदगा लोकसभा सीट को लेकर झामुमो व कांग्रेस के बीच फंसा पेंच, झामुमो ठोंक रही है दावेदारी

दीपक राम काजू

## संदर्भ लोक सभा चुनाव, तेरा क्या होगा रे कालिया..

**गुमला।** शोले फिल्म का मशहूर डायलॉग तेरा क्या होगा रे कालिया.. लोकसभा चुनाव में लोहरदगा संसदीय सीट पर यह वाक्य झामुमो कांग्रेस पार्टी से पूछ रही है। क्योंकि कांग्रेस लगातार अपने सबसे पुराने किले लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र से तीन बार चुनाव हार चुकी है और स्थिति यह है कि जिले के लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के तीन विधान सभा क्षेत्रों में झामुमो की मजबूत पकड़ भी बनी हुई है। इसलिए झामुमो लोहरदगा सीट पर अपने दावेदारी मजबूती से ठोंककर राज्य में महागठबंधन के बीच सीट बंटवारें को लेकर पंच फंसा दिया है। जिसके कारण राज्य में सीट बंटवारे से लेकर उम्मीदवारों के घोषणा पर महागठबंधन के नेताओं को पसीने छुट रहे हैं। झामुमो के लोहरदगा लोकसभा सीट से दावेदारी ठोंकने और गेंद भी उसके पाल में होने के कारण कांग्रेस से चुनाव लड़ने के सपने देखने वाले कई नेताओं की उम्मीदों पर पानी फिर जाएगी।

क्योंकि झारखंड में नजर दौड़ाएंगे तो महागठबंधन में झामुमो सबसे बड़ी पार्टी है और अधिक सीटों पर चुनाव लड़ने का हक भी झामुमो की सबसे मजबूत है। कांग्रेस में तो ऐसी भी पतझड़ आयी हुई है। कांग्रेस की एक सांसद चुनाव से पूर्व ही पाला बदलकर भाजपा का दामन थाम लिया है और भाजपा ने उसे उम्मीदवार भी घोषित कर दिया है। बरहाल बात लोहरदगा लोकसभा सीट की हो रही है। सीट बंटवारे को लेकर फंसे पेंच के बीच कांग्रेस से चुनाव लड़ने के कई दावेदार सामने भी आ चुके हैं और वे दिन रात मेहनत भी कर रहे हैं। लेकिन एक नाम ऐसा भी है जो उम्मीदवारों की लिस्ट में चर्चा का विषय बन सकता है। वह है राज्य की पूर्व शिक्षा मंत्री गीता श्री उरांव का नाम। क्योंकि अब तक कांग्रेस पार्टी में जितने भी उम्मीदवार छनकर सामने आये हैं वे दमदार नहीं दिखलाई पड़ते हैं या फिर भाजपा से मात खा चुके हैं। गीता श्री उरांव पार्टी के लिए मजबूत प्रत्याशी हो सकती है। क्योंकि वह अब तक बेदाग रही है और विवादों से दूर-दूर तक कोई नाता नहीं है। वहीं आदिवासियों के मसीहा कहे जाने वाले स्व. कार्तिक उरांव व स्व. सुमति उरांव की पुत्री भी है। हालांकि गीता श्री उरांव के अलावे लोहरदगा के पूर्व विधायक सुखदेव भगत भी इस सीट पर अपनी मजबूत दावेदारी पेश कर रहे हैं। लेकिन जब तक सीट का बंटवारा महागठबंधन में तय नहीं होता है तब तक उम्मीदवारी की आश रखना ख्याली पुलाव ही साबित हो सकता है। वहीं दूसरी ओर देखें तो भाजपा के सुदर्शन भगत ने वर्ष 2009, 2014 व 2019 में लगातार लोहरदगा लोकसभा सीट भाजपा की झोली में जीतकर डाली थी। लेकिन 2019 के चुनाव के बाद भाजपा का भी पूरे लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के पांच विधान सभा सीटों से सुपडा साफ हो गया था। 2019 में भाजपा लोहरदगा लोक सभा सीट मात्र 9 हजार कुछ वोटों से ही जीत पायी थी।

## एक नजर में

### लोकसभा चुनाव को लेकर बीएलओ, कर्मी व सुपरवाइजर की हुई बैठक

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड कार्यालय परिसर के सभागार में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बुधवार को बीएलओ, कर्मी और सुपरवाइजर की बैठक हुई। बैठक में निर्वाचन संबंधित कई जानकारी दी गई। मौके पर बीपीआरओ शंकर साहू ने कहा की जिनकी उम्र 18 वर्ष हो चुकी है, वैसे मतदाता का सूची में नाम जोड़ना है। वहीं एक भी मतदाता नया न छूटे जिसे लेकर बीएलओ से प्रमाण पत्र की मांग की गई। सूची वितरण किया गया। जिसे भरकर जल्द से जल्द जमा करने का निर्देश भी दिया गया। इसके साथ ही लोकसभा चुनाव से संबंधित प्रचार प्रसार के लिए पोस्टर बैनर आदि का वितरण भी किया गया। वहीं बीएलओ को अपने बूथ केंद्रो और ग्रामीण क्षेत्र में व्यापक प्रचार प्रसार करते हुए लोगों को जागरूक करने की भी बात कही। ताकि कोई भी मतदाता इस अभियान से ना छूटे।

### उद्योग विभाग व सीएसआर मामलों को लेकर उपायुक्त ने की समीक्षा बैठक

**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में बुधवार को उद्योग विभाग एवं सीएसआर मामलों को लेकर कंपनी तथा प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने पदाधिकारियों द्वारा प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर सीएसआर कार्यों की समीक्षा की। बैठक में उपायुक्त ने हिंडाल्को प्रबंधकों से उनके द्वारा सीएसआर क्षेत्र में दिए जाने वाले स्वास्थ्य संबंधित सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। डॉक्टर्स की नियुक्ति सहित अन्य मुख्य बिंदुओं की भी जानकारी ली। उपायुक्त ने खास कर पाट क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधा को दुरुस्त करने हेतु वहां के स्वास्थ्य उपकेंद्रों के लिए कंपनी द्वारा डॉक्टर्स, एएनएम, जीएनएम एवं अन्य कर्मियों की नियुक्ति करते हुए स्वास्थ्य उपकेंद्रों के संचालन व्यवस्था को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उपायुक्त ने सभी आवासीय विद्यालयों में नियमित स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन करने, एनिमिक बच्चियों को दवाई देने एवं सप्लीमेंट्री डाइट पैकेट देने आदि का निर्देश दिया।

### पीएम मोदी ने पूरी दुनिया में सशक्त भारत की पेश की तस्वीर: समीर

**लोहरदगा।** लोहरदगा ग्रामीण मंडल भाजपा कार्यसमिति की बैठक 13 मार्च बुधवार को मंडल अध्यक्ष सुरज दसौंधी की अध्यक्षता मे शांति आश्रम में हुई। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राज्य सभा सांसद सह लोहरदगा लोकसभा भाजपा के प्रत्याशी समीर उराँव,प्रखंड प्रभारी सह जिला उपाध्यक्ष सूरज मोहन साहू,लाल नवल नाथ शाहदेव,जिला भाजपा मंत्री जगनन्दन पौराणिक,युवा मोर्चा प्रदेश सद्स्य विश्वजीत नाथ शाहदेव,युवा जिलाध्यक्ष मनीष शिखर,प्रदेश जनजाति मोर्चा से तेम्बू भगत इत्यादि वरिष्ठ एवं मंडल कार्यकताओं ने महापुरूषो के चित्र मे माल्यार्पण कर वंदेमातरम गीत गायन के साथ बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गई।

### मधुमक्खियों के हमले से घायल हुई महिला

**लोहरदगा।** शहर के बक्सीडिप्पा स्थित न्यू पुलिस लाइन में मधुमक्खियों के आतंक से परेशान है पुलिस जवान। बुधवार को मधुमक्खियों के हमले से एक महिला सहायक आरक्षी गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे तत्काल इलाज के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल लाया गया। बताया गया की महिला आरक्षी अपने कार्यालय में विभागीय कार्यों का निपटारा कर रही थी। इसी क्रम में अचानक मधुमक्खियों के झुंड ने इसपर हमला कर दिया। सहयोगियों की प्रयास से इसे बचाया गया। तत्काल महिला आरक्षी का इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है। इससे पहले भी पुलिस कर्मियों पर मधुमक्खियों ने हमला किया है। न्यू पुलिस लाइन में मधुमक्खियों का झुंड कई जगहों पर अपना आशियाना बना लिया है। जो पुलिस कर्मियों के लिए निरंतर खतरा साबित हो रहा है। डॉक्टर ने कहा कि प्राथमिक इलाज शुरू कर दिया गया है। महिला पुलिस कर्मी की स्थिति गंभीर देखते हुए रिम्स रेफर किए जाने की बात डॉक्टर ने कही है।

### जनजातीय व क्षेत्रीय भाषाओं के शिक्षकों को बहाल करने का निर्णय स्वागतयोग्य : आलोक

**लोहरदगा।** मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट की बैठक में राज्य सरकार ने निर्णय लिया कि 14 हजार पंचायत में सेवकों को अब पंचायत सहायक बनाया गया है और उन्हें ?2500 मानदेय देने साथ हीअतिरिक्त इंसेटिव भी देने, राज्य के प्राथमिक स्कूलों में जनजातीय व क्षेत्रीय भाषा पढ़ाई के लिए घंटी आधारित शिक्षक बहाल करने उन्हें प्रति घंटी ?120 से ?200 तक देने, राज्य कर्मियों का महंगाई भत्ता चार प्रतिशत बढ़ाने, पाठय पुस्तकों की राशि में वृद्धि करने, लोहरदगा सहित आठ पॉलिटेक्निक संस्थान को पैन आईटी से संचालित करने के लिए 77 करोड रुपए की मंजूरी सहित अनेक जनहित में लिए गए निर्णय का लोहरदगा लोकसभा कांग्रेस समन्वय समिति सदस्य आलोक कुमार साहू ने स्वागत करते हुए कहा कि राज्य सरकार एक संवेदनशील सरकार है और यह सभी वर्गों पर विशेष ध्यान देती है।


झारखण्ड सरकार,
गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग

झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग।

64वीं औपबंधिक सूची
जिला–कोडरमा (पार्ट–03)

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| | विवरण – चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी रविन्द्र कुमार शांडिल्य, विशुनधारी मुसहर, सुखदेव राय द्वारा आयोग के मा0 सदस्य के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं आवेदकके झारखण्ड आन्दोलनकारी के रूप में पहचान के आधार पर। | |
| 127. | 1. आवेदन क्र0– 177/24<br>2. आवेदक–जयनारायण देव , पिता–स्व0 बद्री देव<br>3. ग्राम–जगनीडीह , पोस्ट–नन्दूडीह , थाना–सतगांवा , प्रखण्ड–सतगांवा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–62 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें हाथ के मध्यिका अंगुली में गोद। | कंडिका–2(ix) |
| 128. | 1. आवेदन क्र0– 178/24<br>2. आवेदक–अशोक सिंह , पिता–स्व0 कार्तिक सिंह<br>3. ग्राम–डण्डाडीह , पोस्ट–डण्डाडीह , थाना–जयनगर , प्रखण्ड–जयनगर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–58 वर्ष , पहचान चिन्ह–दायें तरफ माथा में ट्यूमर। | कंडिका–2(ix) |
| 129. | 1. आवेदन क्र0– 179/24<br>2. आवेदक–चन्द्रभूषण साव , पिता–अर्जुन साव<br>3. ग्राम–खेरडा , पोस्ट–पिहरा गावां , थाना–गावां , प्रखण्ड–गावां<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–53 वर्ष , पहचान चिन्ह–दानो पैर से विकलांग। | कंडिका–2(ix) |
| 130. | 1. आवेदन क्र0– 180/24<br>2. आवेदक–कार्तिक सिंह , पिता–बुलाकी सिंह<br>3. ग्राम–लेम्बुईया , पोस्ट–जानपुर , थाना–डोमचांच , प्रखण्ड–डोमचांच<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–55 वर्ष , पहचान चिन्ह–दायें कंधा पर बतौरी। | कंडिका–2(ix) |
| 131. | 1. आवेदन क्र0–181/24<br>2. आवेदक–दामोदर सिंह , पिता–महादेव सिंह<br>3. ग्राम–परसाबाद , पोस्ट–डगरनवा , थाना–नवलशाही , प्रखण्ड–मरकच्चो<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–63 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें हाथ में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी श्री राम प्रसाद सिंह एवं लालदेव महतो द्वारा माननीय सदस्यद्वय के समक्ष दर्ज बयान तथा पहचान के आधार पर। | |
| 132. | 1. आवेदन क्र0–182/24<br>2. आवेदक–भुनेश्वर यादव , पिता–दर्शन यादव<br>3. ग्राम–सेन्देडीह , पोस्ट–बेको बाईयर , थाना–कोडरमा , प्रखण्ड–कोडरमा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–60 वर्ष , पहचान चिन्ह–ललाट पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 133. | 1. आवेदन क्र0–183/24<br>2. आवेदक–सुदरी देवी , पति–बंधन सिंह<br>3. ग्राम–कोलगर्मा , पोस्ट–पथलडीह , थाना–कोडरमा , प्रखण्ड–कोडरमा<br>4. लिंग–महिला , आयु–73 वर्ष , पहचान चिन्ह–गाल में तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 134. | 1. आवेदन क्र0–184/24<br>2. आवेदक–जीतन सिंह , पिता–टहल सिंह<br>3. ग्राम–बैंदी , पोस्ट–बैंदी , थाना–चंदवारा , प्रखण्ड–चंदवारा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष , पहचान चिन्ह–बांया आँख खराब। | कंडिका–2(ix) |
| 135. | 1. आवेदन क्र0–185/24<br>2. आवेदक–कविलाश देवी , पति–पैरू अगेरी<br>3. ग्राम–बैंदी , पोस्ट–बैंदी , थाना–चंदवारा , प्रखण्ड–चंदवारा<br>4. लिंग–महिला , आयु–59 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 136. | 1. आवेदन क्र0–186/24<br>2. आवेदक–सुमा देवी , पति–सौदागर सिंह<br>3. ग्राम–चोरही बहान , पोस्ट–गझंडी , थाना–चंदवारा , प्रखण्ड–चंदवारा<br>4. लिंग–महिला , आयु–57 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 137. | 1. आवेदन क्र0–187/24<br>2. आवेदक–सच्चिदानन्द पाण्डेय , पिता–स्व0 रामेश्वर पाण्डेय<br>3. ग्राम–चंदवारा , पोस्ट–चंदवारा , थाना–चंदवारा , प्रखण्ड–चंदवारा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–60 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें तरफ ललाट पर काला तिल निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 138. | 1. आवेदन क्र0–188/24<br>2. आवेदक–गणपत सिंह , पिता–बहादुर सिंह<br>3. ग्राम–बैंदी , पोस्ट–बैंदी , थाना–चंदवारा , प्रखण्ड–चंदवारा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–77 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाएं पैर में कटा। | कंडिका–2(ix) |
| 139. | 1. आवेदन क्र0–189/24<br>2. आवेदक–अनिल कुमार लोहानी , पिता–स्व0 रघु साव<br>3. ग्राम–बैंदी , पोस्ट–बैंदी , थाना–चंदवारा , प्रखण्ड–चंदवारा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–62 वर्ष , पहचान चिन्ह–गाल में तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 140. | 1. आवेदन क्र0–190/24<br>2. आवेदक–चन्द्रिका सिंह , पिता–बहादुर सिंह<br>3. ग्राम–बैंदी , पोस्ट–गझंडी , थाना–चंदवारा , प्रखण्ड–चंदवारा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–71 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाएं हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 141. | 1. आवेदन क्र0–192/24<br>2. आवेदक–सरिता रानी श्रीपाल , पति–दामोदर यादव<br>3. ग्राम–योगिया टीलहा , पोस्ट–सरमाटाँड , थाना–जयनगर , प्रखण्ड–जयनगर<br>4. लिंग–महिला , आयु–49 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ में जला का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 142. | 1. आवेदन क्र0–193/24<br>2. आवेदक–सरस्वती देवी , पति–स्व0 महावीर साव<br>3. ग्राम–कन्द्रपडीह , पोस्ट–हिरोडीह , थाना–जयनगर , प्रखण्ड–जयनगर<br>4. लिंग–महिला , आयु–57 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिना पैर में तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 143. | 1. आवेदन क्र0–194/24<br>2. आवेदक–टेकलाल साव , पिता–स्व0 नुनु नायक<br>3. ग्राम–कन्द्रपडीह , पोस्ट–हिरोडीह , थाना–जयनगर , प्रखण्ड–जयनगर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–69 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 144. | 1. आवेदन क्र0–195/24<br>2. आवेदक–महादेव साव , पिता–स्व0 रेवा नायक<br>3. ग्राम–कन्द्रपडीह , पोस्ट–हिरोडीह , थाना–जयनगर , प्रखण्ड–जयनगर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–69 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ में तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 145. | 1. आवेदन क्र0–196/24<br>2. आवेदक–प्रकाश यादव , पिता–बबून यादव<br>3. ग्राम–डण्डाडीह , पोस्ट–डण्डाडीह , थाना–जयनगर , प्रखण्ड–जयनगर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–60 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 146. | 1. आवेदन क्र0–197/24<br>2. आवेदक–बसंत राणा , पिता–स्व0 अकल राणा<br>3. ग्राम–जयनगर , पोस्ट–जयनगर , थाना–जयनगर , प्रखण्ड–जयनगर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–67 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिने साईड कमर में बड़ा तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 147. | 1. आवेदन क्र0–198/24<br>2. आवेदक–सहदेव साव , पिता–स्व0 बोधी साव<br>3. ग्राम–कन्द्रपडीह , पोस्ट–हिरोडीह , थाना–जयनगर , प्रखण्ड–जयनगर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष , पहचान चिन्ह–बांया कान पर तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 148. | 1. आवेदन क्र0–199/24<br>2. आवेदक–सैयद मो0 अरसद , पिता–अली हसन<br>3. ग्राम–डढाडीह , पोस्ट–डढाडीह , थाना–जयनगर , प्रखण्ड–जयनगर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष , पहचान चिन्ह–बांया आँख में कटल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 149. | 1. आवेदन क्र0–200/24<br>2. आवेदक–युगेश प्रसाद यादव , पिता–गणेश यादव<br>3. ग्राम–तिलैया , पोस्ट–तिलैया , थाना–जयनगर , प्रखण्ड–जयनगर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–43 वर्ष , पहचान चिन्ह–होठ के नीचे तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 150. | 1. आवेदन क्र0–201/24<br>2. आवेदक–रंजीत प्रसाद यादव , पिता–बुलाकी यादव<br>3. ग्राम–करियावा , पोस्ट–करियावा , थाना–जयनगर , प्रखण्ड–जयनगर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–47 वर्ष , पहचान चिन्ह–ललाट पर कटा हुआ दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 151. | 1. आवेदन क्र0–202/24<br>2. आवेदक–राजेन्द्र भुईयां , पिता–स्व0 रामधनी भुईयां<br>3. ग्राम–अम्बेदकर नगर , पोस्ट–झुमरी तिलैया , थाना–तिलैया , प्रखण्ड–कोडरमा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 152. | 1. आवेदन क्र0–203/24<br>2. आवेदक–सुभाष कुमार , पिता–स्व0 मनी राणा<br>3. ग्राम–सिमलाडीह , पोस्ट–डोमचाँच , थाना–डोमचाँच , प्रखण्ड–डोमचाँच<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–55 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 153. | 1. आवेदन क्र0–204/24<br>2. आवेदक–दशरथ राय , पिता–बासुदेव राय<br>3. ग्राम–ओरमो , पोस्ट–जवाहर , थाना–बिरनी , प्रखण्ड–बिरनी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष , पहचान चिन्ह–गर्दन में तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 154. | 1. आवेदन क्र0–205/24<br>2. आवेदक–मालती देवी , पति–नेमन यादव<br>3. ग्राम–कनकी , पोस्ट–ढाढी , थाना–गिद्दी ए0 , प्रखण्ड–ढाढी<br>4. लिंग–महिला , आयु–56 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिना साईड पीठ पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 155. | 1. आवेदन क्र0–206/24<br>2. आवेदक–मित्रलाल महतो , पिता–स्व0 बालो महतो<br>3. ग्राम–कनकी , पोस्ट–ढाढी , थाना–गिद्दी ए0 , प्रखण्ड–ढाढी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–56 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें आँख के सामने जख्म का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 156. | 1. आवेदन क्र0–207/24<br>2. आवेदक–मेघन महतो , पिता–स्व0 केतर महतो<br>3. ग्राम–दासोखाप , पोस्ट–जरबा , थाना–चरही , प्रखण्ड–चुरचू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–55 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें आँख के सामने तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 157. | 1. आवेदन क्र0–208/24<br>2. आवेदक–गौरी देवी , पति–प्रयाग सिंह<br>3. ग्राम–लेकीया , पोस्ट–लेकीया , थाना–बरकट्ठा , प्रखण्ड–बरकट्ठा<br>4. लिंग–महिला , आयु–51 वर्ष , पहचान चिन्ह–बांया हाथ में कटल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 158. | 1. आवेदन क्र0–209/24<br>2. आवेदक–सारो देवी , पति–भोला सिंह<br>3. ग्राम–पेसरा , पोस्ट–गंगपाचो , थाना–बरकट्ठा , प्रखण्ड–बरकट्ठा<br>4. लिंग–महिला , आयु–48 वर्ष , पहचान चिन्ह–बांया हाथ कटा निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 159. | 1. आवेदन क्र0–210/24<br>2. आवेदक–मगीया देवी , पति–विन्देश्वर सिंह<br>3. ग्राम–गोपीडीह , पोस्ट–चलकुशा , थाना–चलकुशा , प्रखण्ड–चलकुशा<br>4. लिंग–महिला , आयु–51 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाएं कान में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी गंगा प्रसाद यादव द्वारा पहचान एवं पार्टी बैठक पंजी में नाम के आधार पर। | |
| 160. | 1. आवेदन क्र0–111/22<br>2. आवेदक–हरी राय , पिता–स्व0 बंधन राय उर्फ कांधो राय<br>3. ग्राम–बंगाखलार , पोस्ट–ढाब , थाना–ढाब , प्रखण्ड–कोडरमा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 161. | 1. आवेदन क्र0–09/22<br>2. आवेदक–रामेश्वर रविदास , पिता–स्व0 फुलचंद रविदास<br>3. ग्राम–बंगाखलार , पोस्ट–ढाब , थाना–ढाब , प्रखण्ड–कोडरमा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–बांये हाथ में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 162. | 1. आवेदन क्र0–113/22<br>2. आवेदक–रामकिशुन राय , पिता–स्व0 जगदीश राय<br>3. ग्राम–बंगाखलार , पोस्ट–ढाब , थाना–ढाब , प्रखण्ड–कोडरमा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–42 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 163. | 1. आवेदन क्र0–211/24<br>2. आवेदक–धनश्याम सिंह, पिता–स्व0 उत्तीम सिंह<br>3. ग्राम–लक्ष्मीपुर , पोस्ट–ढाब , थाना–ढाब , प्रखण्ड–कोडरमा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 164. | 1. आवेदन क्र0–212/24<br>2. आवेदक–उदय सिंह , पिता–स्व0 रामेश्वर सिंह<br>3. ग्राम–मसमोहना , पोस्ट–ढाब , थाना–ढाब , प्रखण्ड–कोडरमा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 165. | 1. आवेदन क्र0–129/22<br>2. आवेदक–ओम प्रकाश प्रसाद , पिता–स्व0 कुशेश्वर प्रसाद<br>3. ग्राम–बच्छेडीह , पोस्ट–ढाब , थाना–ढाब , प्रखण्ड–कोडरमा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 166. | 1. आवेदन क्र0–17/23<br>2. आवेदक–रूथ मंडल , पिता–फिलीप मंडल<br>3. ग्राम–अम्बेदकरनगर झुमरी तिलैया , पोस्ट–ढाब , थाना–ढाब , प्रखण्ड–कोडरमा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 167. | 1. आवेदन क्र0–18/23<br>2. आवेदक–सुदामा दास , पिता–स्व0 भीखो दास<br>3. ग्राम–महुआगढा , पोस्ट–ढाब , थाना–ढाब , प्रखण्ड–कोडरमा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 168. | 1. आवेदन क्र0–114/22<br>2. आवेदक–विष्णु पासवान , पिता–स्व0 सीतल पासवान<br>3. ग्राम–बंगाखलार , पोस्ट–ढाब , थाना–ढाब , प्रखण्ड–कोडरमा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–70 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 169. | 1. आवेदन क्र0–29/23<br>2. आवेदक–महादेव तुरी , पिता–स्व0 किशुन तुरी<br>3. ग्राम–बंगाखलार , पोस्ट–ढाब , थाना–ढाब , प्रखण्ड–कोडरमा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 170. | 1. आवेदन क्र0–30/23<br>2. आवेदक–मीना देवी , पति–स्व0 गोपाल राय<br>3. ग्राम–बंगाखलार , पोस्ट–ढाब , थाना–ढाब , प्रखण्ड–कोडरमा<br>4. लिंग–महिला, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 171. | 1. आवेदन क्र0–112/22<br>2. आवेदक–लालु राय , पिता–स्व0 बाबुलाल राय<br>3. ग्राम–बंगाखलार , पोस्ट–ढाब , थाना–ढाब , प्रखण्ड–कोडरमा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–65 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 172. | 1. आवेदन क्र0–27/23<br>2. आवेदक–सोमर तुरी , पिता–स्व0 किशुन तुरी<br>3. ग्राम–बंगाखलार , पोस्ट–ढाब , थाना–ढाब , प्रखण्ड–कोडरमा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 173. | 1. आवेदन क्र0–213/24<br>2. आवेदक–पंकज भुईया , पिता–स्व0 रामधनी भुईया<br>3. ग्राम–बंगाखलार , पोस्ट–ढाब , थाना–ढाब , प्रखण्ड–कोडरमा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 174. | 1. आवेदन क्र0–73/22<br>2. आवेदक–सबिया देवी , पति–सुखदेव तुरी<br>3. ग्राम–बंगाखलार , पोस्ट–ढाब , थाना–ढाब , प्रखण्ड–कोडरमा<br>4. लिंग–महिला, आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–बांये बाजु पर तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 175. | 1. आवेदन क्र0–05/23<br>2. आवेदक–अनिता देवी , पति–उमेश तुरी<br>3. ग्राम–बंगाखलार , पोस्ट–ढाब , थाना–ढाब , प्रखण्ड–कोडरमा<br>4. लिंग–महिला, आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 176. | 1. आवेदन क्र0–109/22<br>2. आवेदक–कामेश्वर राय , पिता–नेपाल राय<br>3. ग्राम–बंगाखलार , पोस्ट–ढाब , थाना–ढाब , प्रखण्ड–कोडरमा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने बाह पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 177. | 1. आवेदन क्र0–19/23<br>2. आवेदक–रामदेव तुरी , पिता–स्व0 लेखो तुरी<br>3. ग्राम–बंगाखलार , पोस्ट–ढाब , थाना–ढाब , प्रखण्ड–कोडरमा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 178. | 1. आवेदन क्र0–22/23<br>2. आवेदक–चेतलाल तुरी , पिता–स्व0 अमृत तुरी<br>3. ग्राम–बंगाखलार , पोस्ट–ढाब , थाना–ढाब , प्रखण्ड–कोडरमा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 179. | 1. आवेदन क्र0–117/22<br>2. आवेदक–चंदेश्वर भुईया , पिता–स्व0 बंधु भुईया<br>3. ग्राम–बंगाखलार , पोस्ट–ढाब , थाना–ढाब , प्रखण्ड–कोडरमा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–68 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ के बाजु पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 180. | 1. आवेदन क्र0–28/23<br>2. आवेदक–कारू तुरी , पिता–स्व0 किशुन तुरी<br>3. ग्राम–बंगाखलार , पोस्ट–ढाब , थाना–ढाब , प्रखण्ड–कोडरमा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 181. | 1. आवेदन क्र0–38/23<br>2. आवेदक–सुमा देवी , पति–स्व0 एतवारी तुरी<br>3. ग्राम–बंगाखलार , पोस्ट–ढाब , थाना–ढाब , प्रखण्ड–कोडरमा<br>4. लिंग–महिला , आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 182. | 1. आवेदन क्र0–29/20<br>2. आवेदक–सीता देवी , पति–चंदेश्वर भुईया<br>3. ग्राम–बंगाखलार , पोस्ट–ढाब , थाना–ढाब , प्रखण्ड–कोडरमा<br>4. लिंग–महिला, आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने कंधा पर मस्सा। | कंडिका–2(ix) |
| 183. | 1. आवेदन क्र0–80/22<br>2. आवेदक–पोदीना देवी , पति–इन्दु राय<br>3. ग्राम–बंगाखलार , पोस्ट–ढाब , थाना–ढाब , प्रखण्ड–कोडरमा<br>4. लिंग–महिला, आयु–42 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 184. | 1. आवेदन क्र0–110/22<br>2. आवेदक–पवन भुईया , पिता–स्व0 रौशन भुईया<br>3. ग्राम–बंगाखलार , पोस्ट–ढाब , थाना–ढाब , प्रखण्ड–कोडरमा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने कंधा पर दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 185. | 1. आवेदन क्र0–12/23<br>2. आवेदक–बैजनाथ राय, पिता–स्व0 लाली राय<br>3. ग्राम–बंगाखलार , पोस्ट–ढाब , थाना–ढाब , प्रखण्ड–कोडरमा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–65 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने आँख पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 186. | 1. आवेदन क्र0–63/22<br>2. आवेदक–पिन्टु भुईया , पिता–स्व0 रौशन भुईया<br>3. ग्राम–बंगाखलार , पोस्ट–ढाब , थाना–ढाब , प्रखण्ड–कोडरमा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 187. | 1. आवेदन क्र0–64/22<br>2. आवेदक–चिंतामन राय , पिता–स्व0 दोदी राय<br>3. ग्राम–बंगाखलार , पोस्ट–ढाब , थाना–ढाब , प्रखण्ड–कोडरमा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने कंधा पर मस्सा। | कंडिका–2(ix) |

नोट :–
1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
3. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य — PR 322492 (Home) 23-24 (D) — (नरसिंह मुर्मू) सदस्य — (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

# अश्विन आइसीसी टेस्ट रैंकिंग के शीर्ष गेंदबाज बने

एजेंसी

**दुबई।** आइसीसी ने बुधवार को टेस्ट की ताजा रैंकिंग जारी कर दी है। भारत के रविचंद्रन अश्विन दुनिया के नंबर एक गेंदबाज बन गए हैं। धर्मशाला में इंग्लैंड के खिलाफ अपने 100वें टेस्ट में नौ विकेट लेने के बाद वह एक पायदान ऊपर चढ़कर शीर्ष स्थान पर पहुंच गए। वहीं, जसप्रीत बुमराह लुढ़क कर तीसरे स्थान पर आ गए हैं। वहीं, भारत के कुलदीप यादव ने भी लंबी छलांग लगाई है। इसके अलावा बल्लेबाजों में रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल को भी फायदा हुआ है।

### अश्विन बुमराह को हटाकर नंबर एक गेंदबाज बने

37 साल के भारतीय दिग्गज स्पिनर ने धर्मशाला में टीम इंडिया की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने पहली पारी में चार और दूसरी पारी में पांच विकेट झटके थे। दोनों पारियों को मिलाकर अश्विन ने 128 रन देकर नौ विकेट झटके थे। अश्विन ने बुमराह को शीर्ष स्थान से हटाया है। इससे पहले बुमराह भी अश्विन को हटाकर नंबर एक टेस्ट गेंदबाज बने थे। अश्विन के 870 रेटिंग पॉइंट्स हैं। वहीं, दूसरे नंबर पर 847 रेटिंग पॉइंट्स के साथ ऑस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड और तीसरे नंबर पर जसप्रीत बुमराह हैं। कगिसो रबाडा चौथे और पैट कमिंस पांचवें स्थान पर हैं। शीर्ष 10 गेंदबाजों में भारत के रवींद्र जडेजा सातवें स्थान पर बने हुए हैं। वहीं, शीर्ष 20 में कुलदीप यादव की एंट्री हुई है। उन्होंने 15 पायदान की छलांग लगाई और 16वें स्थान पर पहुंच गए। शीर्ष-20 गेंदबाजों में भारत के चार गेंदबाज हैं।

### बल्लेबाजों में रोहित-यशस्वी का जलवा

वहीं, टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में धर्मशाला में शतक लगाने वाले रोहित शर्मा और शुभमन गिल को भी फायदा हुआ है। रोहित ने पांच स्थान की छलांग लगाई और वह छठे स्थान पर पहुंच गए। वहीं, यशस्वी जायसवाल भी दो स्थान की सुधार के साथ आठवें पायदान पर पहुंच गए। विराट कोहली को एक स्थान का नुकसान हुआ है और वह नौवें स्थान पर लुढ़क गए हैं। काफी समय से टीम इंडिया के सेट अप से बाहर चल रहे ऋषभ पंत को भी एक स्थान का नुकसान हुआ और वह 15वें पायदान पर लुढ़क गए हैं। धर्मशाला टेस्ट में शानदार शतक लगाने वाले शुभमन ने 11 स्थानों की छलांग लगाई और 21वें नंबर पर पहुंच गए हैं। बल्लेबाजों में न्यूजीलैंड के केन विलियम्सन शीर्ष पर बने हुए हैं। वहीं, इंग्लैंड के जो रूट दूसरे स्थान पर हैं। पाकिस्तान के बाबर आजम तीसरे और न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल चौथे स्थान पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ पांच स्थान पर हैं। टेस्ट ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में रवींद्र जडेजा शीर्ष पर बने हुए हैं। वहीं, अश्विन दूसरे स्थान पर हैं। बांग्लादेश के शाकिब अल हसन तीसरे और इंग्लैंड के रूट चौथे स्थान पर हैं। पांचवें स्थान पर वेस्टइंडीज के जेसन होल्ड हैं। वहीं, अक्षर पटेल को एक स्थान का नुकसान हुआ और वह छठे स्थान पर लुढ़क गए हैं।



## वही ताव, वही तेवर... 622 दिन बाद एक्शन में आए ऋषभ पंत



**नयी दिल्ली।** खतरनाक कार दुर्घटना में जीवित रहने के 14 महीने बाद ऋषभ पंत जल्द ही मैदान पर वापसी करेंगे और उस क्षण से पहले विकेटकीपर-बल्लेबाज एक बार फिर पदार्पण करने वाले खिलाड़ी की तरह 'घबराए हुए' है। मंगलवार को बीसीसीआइ ने पंत को आइपीएल खेलने की मंजूरी दे दी। उनकी टीम दिल्ली कैपिटल्स 23 मार्च को मोहाली में पंजाब किंग्स के खिलाफ अपने आइपीएल अभियान की शुरूआत करेगी। दिसंबर 2022 में रूड़की में अपने घर जाते समय वह भयानक कार दुर्घटना का शिकार हो गए। उन्हें कई चोटें लगीं और उनके दाहिने घुटने के लिगामेंट की सर्जरी करनी पड़ी। उन्हें टूटी हुई कलाई और टखने की देखभाल के लिए एक वर्ष से अधिक समय तक क्रिकेट से दूर रहना पड़ा। पंत ने दिल्ली कैपिटल्स की विज्ञप्ति में कहा, 'मैं एक ही समय में उत्साहित और घबराया हुआ हूं। ऐसा लग रहा है कि मैं फिर से पदार्पण करने जा रहा हूं। दुर्घटना के बाद 26 वर्षीय खिलाड़ी को राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में व्यापक पुनर्वास और पुनर्प्राप्ति प्रक्रिया से गुजरना पड़ा। पंत ने कहा, 'मैं जो कुछ झेल चुका हूं उसके बाद फिर से क्रिकेट खेलने में सक्षम होना किसी चमत्कार से कम नहीं है। मैं अपने सभी शुभचिंतकों और प्रशंसकों और सबसे महत्वपूर्ण रूप से बीसीसीआइ और एनसीए के कर्मचारियों का आभारी हूं। उनके प्यार और समर्थन मुझे लगातार ताकत दे रहा है। दिल्ली कैपिटल्स प्री-सीजन कैंप में शामिल होने पर पंत ने कहा, 'मैं दिल्ली कैपिटल्स और आईपीएल में वापसी करने के लिए उत्साहित हूं-एक ऐसा टूनार्मेंट जिसका मैं बहुत आनंद लेता हूं। हमारी टीम के मालिक और सहयोगी स्टाफ पूरे समर्थन के साथ मेरे साथ रहे हैं। हर कदम पर मार्गदर्शन और सहयोग मिला, जिसके लिए मैं हृदय से आभारी हूं। मैं अपने डीसी परिवार के साथ फिर से जुड़ने और प्रशंसकों के सामने फिर से खेलने का इंतजार नहीं कर सकता। पंत से बल्लेबाजी के साथ-साथ विकेटकीपिंग की भी उम्मीद की जाएगी क्योंकि बीसीसीआई ने उन्हें विकेटकीपर-बल्लेबाज के रूप में फिट घोषित कर दिया है। पिछले साल आइपीएल नीलामी के दौरान दक्षिणपूर्वी कैपिटल्स टेबल पर मौजूद थे। बिग हिट खिलाड़ी ने भारत के लिए 33 टेस्ट, 30 वनडे और 66 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भाग लिया है।

## **रणजी ट्रॉफी फाइनल :** विदर्भ ने 42वां खिताब जीतने के लिए मुंबई का इंतजार लंबा कराया

एजेंसी

**मुंबई।** करूण नायर (74) और कप्तान अक्षय वाडकर (56 नाबाद) ने जीत के लिए 538 रन के दुरूह लक्ष्य का पीछा करते हुए फाइनल के चौथे दिन पांच विकेट पर 248 रन बनाकर विदर्भ को मैच में बनाए रखा और 42वां रणजी खिताब जीतने के लिए मुंबई को एक दिन और इंतजार करना होगा। पहले ही दिन से दबाव में आई विदर्भ को जीत के लिए असंभव सा लक्ष्य मिला। उसके बल्लेबाजों ने लेकिन चौथे दिन उम्दा खेल दिखाते हुए मेजबान गेंदबाजों को परेशान किया। इस सत्र की शुरूआत में ही विदर्भ से जुड़े नायर ने 220 गेंदों का सामना करके 287 मिनट बल्लेबाजी की। वह मुशीर खान की गेंद पर अपना विकेट गंवा बैठे। मुशीर ने दूसरी पारी में 136 रन बनाने के बाद शानदार गेंदबाजी भी की। कप्तान वाडकर चौथे दिन 56 रन बनाकर और हर्ष दुबे 11 रन बनाकर खेल रहे थे। वाडकर ने 91 गेंद की पारी में छह चौके लगाए। उन्होंने नायर के साथ पांचवें विकेट के लिए 173 गेंद में 90 रन जोड़े। विदर्भ को अभी भी 290 रन चाहिये और उसके पांच विकेट बाकी है। मुंबई ने पहले दो सत्र में दो दो और फिर नायर का विकेट आखिरी सत्र में लिया। वानखेड़े स्टेडियम की सपाट पिच पर मुंबई ने सब कुछ आजमा लिया। मुंबई के तेज गेंदबाजों की तिकड़ी और दोनों स्पिनरों ने बल्लेबाजों को गलती करने पर मजबूर करने की पूरी कोशिश की। विदर्भ के बल्लेबाजों की दाद देनी होगी कि इतने कठिन लक्ष्य के जवाब में भी उन्होंने आसानी से घुटने नहीं टेके। मुशीर ने मुंबई के लिए 17 ओवर में 24 रन देकर दो विकेट लिये और सबसे असरदार रहे। उन्होंने बेहतरीन गेंद पर नायर को आउट किया। तनुष कोटियान ने 55 रन देकर दो विकेट लिए। उन्होंने ध्रुव शोरे (28) और यश राठौड़ (सात) को पवेलियन भेजा।

## बांग्लादेश ने श्रीलंका को छह विकेट से हराया

**चटगांव।** नजमुल शान्तो की नाबाद 122 रनों की शतकीय पारी और मुशफिकुर रहीम की नाबाद 73 रनों की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत बंगलादेश ने तीन एकदिवसीय मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में बुधवार को श्रीलंका को छह विकेट से हरा दिया है। इसी के साथ बांग्लादेश ने सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली हैं। 256 रनों का पीछा करने उतरी बांग्लादेश की शुरूआत अच्छी नहीं रही और उसने 23 रन के स्कोर पर अपने तीन विकेट गंवा दिये थे। लिटन कुमार दास शून्य, सौम्य सरकार तीन रन, मो. तौहीद हृदोय तीन रन और उसके बाद चौथे विकेट रूप में महमुदउल्लाह 37 रन बनाकर आउट हुये। नजमुल शांतो और मुशफिकुर रहीम ने पारी को संभाला और पांचवें विकेट के लिये 165 रनों की साझेदारी की। शांतो ने 129 गेंदों में 13 चौकों और दो छक्कों की मदद से 122 रन की पारी खेली। वहीं मुशफिकुर रहीम ने 84 गेंदों में आठ चौकों की मदद से 73 रन बनाये। बंगलादेश ने 44.4 ओवर में चार विकेट पर 257 रन बनाकर छह विकेट से मुकाबला जीत लिया।

## पाकिस्तान में पांच मैचों की टी20 श्रृंखला खेलेगा न्यूजीलैंड, तारीख और वेन्यू पर डालें नजर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान इस साल जून में अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारियों के तहत अगले महीने पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में न्यूजीलैंड की मेजबानी करेगा। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार को कहा कि पहले तीन मैच 18, 20 और 21 अप्रैल को रावलपिंडी में जबकि बाकी दो मैच 25 और 27 अप्रैल को लाहौर में खेले जाएंगे। न्यूजीलैंड के कई खिलाड़ी इस दौरान इंडियन प्रीमियर लीग में खेलेंगे। उसे जिन खिलाड़ियों की कमी खलेगी उनमें डेरिल मिशेल, मिशेल सेंटनर और लॉकी फर्ग्यूसन भी शामिल हैं। न्यूजीलैंड ने इस साल के शुरू में अपनी घरेलू धरती पर शाहीन शाह अफरीदी की अगुवाई वाली पाकिस्तान की टीम को टी20 श्रृंखला में 4-1 से हराया था।

## रचिन और अमेलिया केर ने जीता न्यूजीलैंड क्रिकेट का सर्वोच्च पुरस्कार

एजेंसी

**वेलिंग्टन।** पिछले वर्ष एकदिवसीय विश्वकप में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले न्यूजीलैंड पुरुष टीम क्रिकेट टीम के बाएं हाथ के बल्लेबाज रचिन रवींद्र और महिला टीम ऑल राउंडर अमेलिया केर ने बुधवार को न्यूजीलैंड क्रिकेट का सर्वाच्च पुरस्कार जीता। रचिन रवींद्र ने विश्वकप में 64 की औसत से 578 रन बनाए। वह चैपियनशिप के चौथे प्रमुख रन-स्कोरर थे। इस दौरान उन्होंने 3 शतक और 2 अर्धशतक बनाए थे। इसमें अहमदाबाद में इंग्लैंड के खिलाफ टूनार्मेंट के शुरूआती मैच में नाबाद 123 रन भी शामिल थे।रचिन ने बाद में टेस्ट क्रिकेट में भी कई बेहतरीन पारियां खेली। महिला ऑलराउंडर केर न 67 की औसत से 541 रन के साथ टीम की प्रमुख वनडे रन-स्कोरर थी, उन्होंने अपने तीसरे और चौथे शतक भी बनाए। उन्होंने 42 के औसत और 118 के स्ट्राइक रेट से 252 रन के साथ टीम की संयुक्त रूप से अग्रणी



टी20 विकेट लेने वाली और दूसरी सबसे ज्यादा टी20 रन स्कोरर भी थीं। वहीं, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज में अपना 32वां टेस्ट शतक लगाने वाले केन विलियमसन को टेस्ट प्लेयर ऑफ द ईयर चुना गया। डेरिल मिचेल ने पुरुष वनडे प्लेयर ऑफ द ईयर का पुरस्कार जीता जबकि मिचेल सेंटनर ने टी-20 प्लेयर ऑफ द ईयर का पुरस्कार जीता। रचिन रवींद्र, रिचर्ड हैडली पदक जीतने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए, जबकि अमेलिया केर ने लगातार दूसरे साल डेबी हॉकले पदक जीता। इसके अलावा, केर ने एकदिवसीय और टी-20 प्लेयर ऑफ द ईयर का पुरस्कार भी जीता। क्रिस ब्राउन को जीजे गाडर्नर होम्स न्यूजीलैंड अंपायर ऑफ द ईयर से सम्मानित किया गया।

## फाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बनी दिल्ली

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** महिला प्रीमियर लीग के आखिरी लीग मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने गुजरात जाएंट्स को हराकर फाइनल में एंट्री कर ली। अब मुंबई और आरसीबी के बीच 15 मार्च को इस टूनार्मेंट का एलिमिनेटर मुकाबला खेला जाएगा। इस मैच में जीतने वाली टीम दिल्ली के खिलाफ 17 मार्च को दूसरे सीजन का फाइनल मैच खेलेगी। बुधवार को खेले गए मुकाबले में गुजरात ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में नौ विकेट खोकर 126 रन बनाए। इसके जवाब में दिल्ली ने 13.1 ओवर में तीन विकेट गंवाकर 129 रन बनाए और सात विकेट से मैच अपने नाम कर लिया।

### शेफाली और जेमिमा के बीच हुई विशाल साझेदारी

गुजरात द्वारा दिए गए 127 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली की दमदार शुरूआत हुई। सलामी बल्लेबाजी के लिए उतरी मेग लैनिंग और शेफाली वर्मा के बीच पहले विकेट के लिए 31 रन की साझेदारी हुई। कप्तान को विकेटकीपर लाउरा ने रन आउट किया। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आई एलिस कैप्सी बिना खाता खोले आउट हो गई। उन्हें तनुजा कंवर ने चौथे ओवर की पांचवीं गेंद पर मन्नत कश्यप के हाथों कैच आउट कराया। तीसरे



विकेट के लिए शेफाली वर्मा और जेमिमा रोड्रिग्स के बीच 55 गेंदों में 94 रन की विशाल साझेदारी हुई। दाएं हाथ की महिला बल्लेबाज ने 37 गेंदों में सात चौकों और पांच छक्कों की मदद से 71 रन बनाए। उन्हें 13वें ओवर की आखिरी गेंद पर तनुजा ने लीचफील्ड के हाथों कैच आउट कराया। इस विस्फोटक प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। गुजरात के खिलाफ जेमिमा (38) और मारिजैन कप (0) नाबाद रही। इस मैच में तनुजा को दो विकेट मिले।

### भारती के अलावा नहीं चली कोई बल्लेबाज

महिला प्रीमियर लीग के आखिरी मैच में गुजरात जाएंट्स के खिलाफ दिल्ली कैपिटल्स ने घातक गेंदबाजी की। गुजरात का बल्लेबाजी क्रम इस मुकाबले संघर्ष करता नजर आया। सलामी बल्लेबाजी के लिए उतरी कप्तान बिना खाता खोले पवेलियन लौट गई। वहीं, तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आई दयालन हेमलता सिर्फ चार रन बना सकी। गुजरात को तीसरा झटका लाउरा वोल्वार्ड्ट के रूप में लगा जो सिर्फ सात रन बना सकी। इस मुकाबले में भारती फुलमाली के अलावा टीम का कोई भी बल्लेबाज दमदार प्रदर्शन नहीं कर पाया। उन्होंने 36 गेंदों में 42 रन की पारी खेली। इस दौरान उनके बल्ले से सात चौके निकले। उनके अलावा कैथराइन ब्राइस ने 28 रन (नाबाद), फीबी लीचफील्ड ने 21 रन, एश्ले गार्डनर ने 12 रन, तनुजा कंवर ने शून्य, शबनम शकील ने एक रन और मन्नत कश्यप बिना कोई रन बनाए नाबाद रही। दिल्ली के लिए मारिजैन कप, शिखा पांडे और मिन्नू मणि ने घातक गेंदबाजी की। दोनों ने दो-दो विकेट चटकाए। वहीं, जेस जोनासन को एक सफलता मिली।

## अल हिलाल ने लगातार 28वीं जीत दर्ज करके बनाया नया विश्व रिकॉर्ड

**जेद्दा (सऊदी अरब)।** सऊदी अरब की टीम अल हिलाल ने लगातार 28वीं जीत दर्ज करके शीर्ष स्तर की फुटबॉल में नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। अल हिलाल ने अल इतिहाद को 2-0 से हराकर यह उपलब्धि हासिल करने के साथ ही एशियाई चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में भी प्रवेश किया। इन दोनों टीम के बीच पहले चरण का मैच भी अल हिलाल ने जीता था और इस तरह से उसने अपने घरेलू प्रतिद्वंदी अल इतिहाद को 4-0 के कुल अंतर से पराजित किया। सऊदी अरब की घरेलू लीग में 18 बार की चैंपियन अल हिलाल ने वेल्स की टीम द न्यू सेंट्स के 2016-17 के सत्र में लगातार 27 जीत दर्ज करने के पिछले विश्व रिकॉर्ड को तोड़ा। अल हिलाल ने इससे पहले आखिरी बार पिछले साल 21 सितंबर को मैच नहीं जीता था।

## मेजर लीग क्रिकेट सीजन दो में धमाल मचाने को तैयार राशिद खान, फाफ डु प्लेसिस

**सैन फ्रांसिस्को।** संयुक्त राज्य अमेरिका में क्रिकेट का बुखार चरम पर है, क्योंकि मेजर लीग क्रिकेट का दूसरा सीजन इस साल जुलाई में आयोजित होने वाला है। अफगानिस्तान के सुपरस्टार राशिद खान (एमआई न्यूयॉर्क), फाफ डु प्लेसिस (टेक्सास सुपर किंग्स), मार्को जानसन (वाशिंगटन फ्रीडम), क्विंटन डी कॉक (सिएटल ओर्कास), हारिस रऊफ (सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न) और सुनील नरेन (एलए नाइट राइडर्स) रोमांचक दूसरे सीजन के लिए वापसी के लिए तैयार हैं। 2023 में एमएलसी के पहले सीजन ने अमेरिकी क्रिकेट के परिदृश्य को बदल दिया, पहली बार संयुक्त राज्य अमेरिका में विश्व स्तरीय घरेलू टी20 का आयोजन किया गया।

## एएफसी ने भट्टाचार्जी से सबूत मांगे, एआइएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे पर लगाये थे भ्रष्टाचार के आरोप

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआइएफएफ) के अपदस्थ प्रमुख कानूनी सलाहकार नीलांजन भट्टाचार्जी से राष्ट्रीय महासंघ के प्रमुख कल्याण चौबे के खिलाफ लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोपों के सबूत सौंपने को कहा है। एआईएफएफ अध्यक्ष चौबे ने इस संबंध में छह मार्च को भट्टाचार्जी को कानूनी नोटिस भेजा था।

### 18 मार्च तक रिपोर्ट पेश करने को कहा

भट्टाचार्जी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखे पत्र में आरोप लगाया था कि चौबे ने निविदा प्रक्रियाओं में पारदर्शिता नहीं बरती और उन्होंने व्यक्तिगत खर्चों के लिए महासंघ से पैसा निकालने का प्रयास किया। एएफसी ने इस मामले में संज्ञान लेते हुए भट्टाचार्जी को 18 मार्च तक पूर्ण लिखित रिपोर्ट पेश करने के लिए कहा।

### एएफसी के लिसाट ने भट्टाचार्जी को लिखा पत्र

एएफसी अनुशासन और नैतिकता समिति के उप सचिव बैरी लिसाट ने मंगलवार को भट्टाचार्जी को संबोधित पत्र में कहा, 'हम संलग्न मीडिया रिपोर्टों के संदर्भ में आपको यह पत्र लिख रहे हैं, जिनसे पता चलता है कि आपने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआइएफएफ) के अध्यक्ष कल्याण चौबे के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा, इस मामले की गंभीरता को देखते हुए हम आपसे आग्रह करते हैं कि आप मामले में अपनी स्थिति स्पष्ट



करते हुए एएफसी को 18 मार्च 2024 तक पूर्ण लिखित रिपोर्ट पेश करें।

### लिसाट ने बिना सबूत आरोप लगाने पर लगाई फटकार

पत्र में कहा गया है, 'ऐसी रिपोर्ट में (बिना किसी सीमा के) आरोपों का संपूर्ण विवरण, ऐसे आरोपों की पुष्टि करने के लिए सबूत, एआइएफएफ (या किसी अन्य निकाय/व्यक्ति) पर आरोपों के मामले में आपके द्वारा उठाए गए कदम और इससे संबंधित कोई अन्य प्रासंगिक जानकारी या दस्तावेज शामिल होने चाहिए।

### चौबे ने भट्टाचार्जी के आरोपों का आधारहीन बताया था

चौबे ने इन आरोपों को आधारहीन करार देकर भट्टाचार्जी पर उनकी छवि खराब करने का आरोप लगाया था। वहीं, भट्टाचार्जी ने एएफसी के पत्र पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि वह निर्धारित समय के अंदर अपना जवाब सौंप देंगे। भट्टाचार्जी ने पीटीआई से कहा, 'मैं खुश हूं क्योंकि कम से कम एएफसी ने मेरे आरोपों पर संज्ञान लिया जबकि एआईएफएफ के भीतर कुछ लोगों को छोड़कर बाकी ने चुप रहना ही उचित समझा। यह शुरूआत हो सकती है। मैं अपने पास मौजूद सभी सबूत निर्धारित समय के भीतर एएफसी को सौंप दूंगा।

### भूटिया ने भी चौबे से मांगा इस्तीफा

पूर्व कप्तान बाइचुंग भूटिया ने भी इस मामले में प्रतिक्रिया करते हुए चौबे से त्यागपत्र देने के लिए कहा। भूटिया ने कहा, 'एआईएफएफ प्रशासन को लेकर कई नकारात्मक बातें कही जा रही हैं। एएफसी ने कल्याण के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों पर संज्ञान लिया है और हो सकता है कि एएफसी जांच शुरू करना चाहता हो। इससे भारतीय फुटबॉल की प्रतिष्ठा को गंभीर नुकसान पहुंच सकता है।' उन्होंने कहा, 'एआईएफएफ प्रशासन में कुछ भी अच्छा नहीं चल रहा है। कल्याण को इसकी जिम्मेदारी लेते हुए त्यागपत्र दे देना चाहिए तथा नए सिरे से चुनाव होने चाहिए।

## मुरझाया चेहरा और आंखों में उदासी सर्जरी के बाद ऐसा है मो शमी का हाल

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पहले इंडियन प्रीमियर लीग और फिर जून में होने वाले टी20 विश्व कप से बाहर होने के बाद तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी निश्चित रूप से काफी निराश होंगे। शमी को आइसीसी वनडे विश्व कप के दौरान चोट लगी थी, जिसके कारण उन्हें सर्जरी करानी पड़ी। चोट के कारण शमी ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान और इंग्लैंड के खिलाफ हाल ही में खत्म हुई पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में नहीं खेल पाए थे। ऐसे में उन्होंने अब अपनी सर्जरी पर एक बड़ा अपडेट दिया है। मोहम्मद शमी ने अपने सोशल मीडिया पर सर्जरी के बाद की कुछ तस्वीर पोस्ट की है, जिसमें वह बेड पर बैठे हुए नजर आ रहे हैं। यह सर्जरी के 15 दिन के बाद की तस्वीर है, जिसमें वह उनका टांका काटा गया है। इस तस्वीर में शमी काफी उदास नजर दिख रहे हैं। शमी ने सोशल मीडिया पर अपनी कुछ तस्वीर को शेयर करते हुए लिखा, सभी को मेरा नमस्कार! मैं अपनी सर्जरी के बाद अपनी रिकवरी पर आप सबको अपडेट देना चाहता हूं। सर्जरी को हुए 15 दिन हो गए हैं और हाल ही में मेरे टांके भी हटा दिए गए हैं। मैंने जिस जो रिकवरी हासिल की है उसके लिए मैं आप सबका आभारी हूं और अपनी अगली हीलिंग प्रोसेस के स्टेज



का इंतजार कर रहा हूं।

### गुजरात टाइटंस को लगा झटका

मोहम्मद शमी के आइपीएल 2024 से बाहर होने के बाद उनकी टीम गुजरात टाइटंस को बड़ा झटका लगा है। शमी गुजरात के सबसे प्रमुख गेंदबाज में से एक थे। लगातार दो बार फाइनल और डेब्यू सीजन में ही टीम को चैंपियन बनाने में शमी का बहुत बड़ा योगदान रहा था। हालांकि दुर्भाग्य से वह गुजरात के लिए आईपीएल 2024 में नहीं खेलेंगे।

स्पीड न्यूज

## फर्जी लाइसेंस मामले में मुख्तार अंसारी को उम्र कैद की सजा



**प्रयागराज।** बांदा जेल में उम्रकैद की सजा काट रहे अंतरराज्यीय गिरोह (आईएस-191) के सरगना मुख्तार अंसारी को गाजीपुर के फर्जी शस्त्र लाइसेंस मामले में एमपी-एमएलए कोर्ट ने उम्र कैद की सजा सुनाई है। साथ ही मुख्तार अंसारी पर 2 लाख 2 हजार रुपये का जुर्माना भी कोर्ट ने लगाया है।

## अमेरिका में एक और भारतीय छात्र की मौत

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में भरतीय छात्रों की मौत का सिलसिला जारी है। रिपोर्ट के अनुसार, एक 27 वर्षीय छात्र, जिसकी पहचान वेंकटरमण पित्तला के रूप में हुई है, जो संयुक्त राज्य अमेरिका में अपनी मास्टर डिग्री की पढ़ाई कर रहा था, 9 मार्च को फ्लोरिडा राज्य में एक जेट स्की दुर्घटना में छात्र की मृत्यु हो गई। वेंकटरमण, जो काजीपेट से हैं, आईयूपीयूआइ में मास्टर्स के छात्र थे और मई में अपनी डिग्री प्राप्त करने वाले थे। जानकारी के अनुसार, दुर्घटना दोपहर करीब 12.30 बजे विस्टेरिया द्वीप के पास फ्यूरी प्लेग्राउंड में हुई। इसके साथ ही एक अन्य जिसकी लड़का जो दूसरा निजी वॉटरक्राफ्ट चला रहा था, वह घायल नहीं हुआ।

## अब अहमदनगर का नाम होगा अहिल्या नगर

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने बुधवार को हुई कैबिनेट की बैठक में कई फैसले किए हैं। शिंदे कैबिनेट ने अहमदगनर जिले का नाम बदलकर अहिल्या नगर कर दिया है।

### भारतीय स्टेट बैंक ने उच्चतम न्यायालय को बताया

# राजनीतिक दलों ने अप्रैल 2019 से 15 फरवरी तक 22,217 चुनावी बांड खरीदे

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआइ) ने बुधवार को उच्चतम न्यायालय को बताया कि इस साल एक अप्रैल 2019 से 15 फरवरी के बीच राजनीतिक दलों ने कुल 22,217 चुनावी बांड खरीदे और 22,030 बांड भुनाए।

शीर्ष अदालत में दायर एक अनुपालन हलफनामे में एसबीआइ ने कहा कि अदालत के निर्देश के अनुसार, उसने 12 मार्च को व्यावसायिक समय बंद होने से पहले भारत के चुनाव आयोग को चुनावी बांड का विवरण उपलब्ध करा दिया है।



### राजनीतिक दलों के नाम और बांड के मूल्यवर्ग जैसे विवरण भी दिये

इसमें कहा गया है कि प्रत्येक चुनावी बांड की खरीद की तारीख, खरीदार के नाम और खरीदे गए बांड के मूल्यवर्ग सहित विवरण प्रस्तुत किए गए हैं। एसबीआइ के चेयरमैन दिनेश कुमार खारा द्वारा दायर हलफनामे में कहा गया है कि बैंक ने चुनाव आयोग को चुनावी बांड के नकदीकरण की तारीख, योगदान प्राप्त करने वाले राजनीतिक दलों के नाम और बांड के मूल्यवर्ग जैसे विवरण भी दिए हैं। 11 मार्च को, मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच-न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने समय बढ़ाने की मांग करने वाली एसबीआई की याचिका को खारिज कर दिया था और उसे 12 मार्च को व्यावसायिक घंटों के अंत तक चुनाव आयोग को चुनावी बांड के विवरण का खुलासा करने का आदेश दिया था।

### चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति विवाद पर सुप्रीम कोर्ट कल करेगा सुनवाई

उच्चतम न्यायालय मुख्य न्यायाधीश के बजाय एक केंद्रीय मंत्री समेत अन्य वाले पैनल की सिफारिश पर चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति करने के दिसंबर 2023 के (संशोधित) कानूनी प्रावधानों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर शुक्रवार को सुनवाई करेगा। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति एम एम सुंद्रेश और बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने बुधवार को याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ताओं को बताया कि सूचीबद्ध करने संबंधी जानकारी सीजेआइ की ओर प्राप्त हुई है और मामले को 15 मार्च के लिए सूचीबद्ध किया जाएगा। वकील प्रशांत भूषण ने न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष एडीआर की ओर से याचिका का उल्लेख किया था।

## पहले राम का नाम लेने पर चल जाती थी लाठी और गोली : योगी

### सीएम बोले, यूपी में अब आस्था और आजीविका का अद्भुत संगम है

एजेंसी



**बरेली।** पहले राम का नाम लेने पर चल जाती थी गोली, अब यूपी में आस्था-आजीविका का संगम उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को बरेली कॉलेज मैदान में जनसभा को संबोधित करते हुए फिर एक बार मोदी सरकार का नारा दिया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश नई पहचान बना चुका है। यूपी ने देश की रफ्तार को बढ़ाने में अपना योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि देश में कहीं भी जाएं, आज लोग आपका सम्मान करते हैं। आशाभरी निगाहों से देखते हैं। यूपी आज युवाओं की आजीविका का केंद्र और भारत की आस्था का केंद्र भी बना है। आस्था और आजीविका का अद्भुत संगम है। नए भारत के नया उत्तर प्रदेश है, जिसमें सुरक्षा के साथ समृद्धि भी है। बेटी और व्यापारी की सुरक्षा की व्यवस्था भी है। सीएम योगी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि सुरक्षा का यह वातावरण क्या समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के लोग दे पाते, क्या आजीविका का प्रबंधन कर पाते! क्या आपकी आस्था का सम्मान कर पाते। ये लोग आस्था का सम्मान के नाम पर क्या करते थे। राम का नाम लेने पर ही लाठी और गोली चल जाती थी। आज आस्था का भरपूर सम्मान हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 500 वर्षों की अयोध्या की समस्या का समाधान हो चुका है। अयोध्या में रामलला विराजमान हुए हैं।



राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने मंगलमूर्ति महादेव में जलाभिषेक किया और पवित्र गंगा तालाब पर पवित्र गंगाजल के साथ पूजा-अर्चना की। इससे पहले राजकीय यात्रा के दौरान उन्होंने घोषणा की थी कि भारत गंगा तालाब परिसर को धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटन केंद्र के रूप में पुनर्विकास करने में मॉरीशस सरकार की सहायता करेगा।

## यूसीसी को मिली राष्ट्रपति की मंजूरी

**नयी दिल्ली।** उत्तराखंड के समान नागरिक संहिता (सीएए) बिल को राष्ट्रपति की मंजूरी मिल गई है। इसके साथ ही अब समान नागरिक संहिता पर कानून बन गया है। उत्तराखंड सरकार ने सामान नागरिक संहिता लागू करने के लिए नियमों/उपनियमों को बनाने के लिए पांच सदस्यीय कमेटी का गठन कर दिया है। नियमावली बनने के बाद उत्तराखंड सरकार द्वारा इसे पूरे राज्य में लागू कर दिया जायेगा। नियम बनाने वाली सदस्यों वाली कमेटी में पूर्व आईएएस शत्रुघ्न सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता मनु गौर, दून विवि की कुलपति सुरेखा डंगवाल, एडीजी अमित सिन्हा और उत्तराखंड के स्थानीय आयुक्त अजय मिश्रा शामिल हैं। यह कमेटी जल्द ही एक मीटिंग कर यूसीसी कानून लागू करने के लिए आवश्यक नियम उप नियम बनाने का काम शुरू करेगी।

## एनसीसी में तीन लाख कैडेटों को शामिल करने के प्रस्ताव को मंजूरी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के विस्तार के लिए तीन लाख कैडेट रिक्तियों को भरने से संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इससे देश भर के शैक्षणिक संस्थानों में एनसीसी की बढ़ती मांग को पूरा करने की उम्मीद है। इस प्रस्ताव की मंजूरी के बाद एनसीसी में अब कैडेटों की स्वीकृत संख्या 20 लाख हो जायेगी, जो इसे दुनिया का सबसे बड़ा वदीर्धारी युवा संगठन बना देगी। वर्ष 1948 में केवल 20,000 कैडेटों के साथ एनसीसी का गठन हुआ था। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार एनसीसी को एक वैकल्पिक विषय के रूप में पेश किए जाने के साथ, एनसीसी का यह विस्तार देश के



भावी मार्गदर्शक के रूप में अहम भूमिका निभाने की युवाओं की आकांक्षाओं को पूरा करने की दिशा में बड़ा कदम होगा। इस विस्तार से सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में रिक्तियों का आनुपातिक वितरण होगा और एनसीसी के इच्छुक शैक्षणिक संस्थानों की प्रतीक्षा सूची में कमी आएगी। इस विस्तार योजना में चार नए समूह मुख्यालयों और दो नई एनसीसी इकाइयों की स्थापना शामिल है। इस विस्तार योजना का एक महत्वपूर्ण पहलू यह है कि इसमें पूर्व सैनिकों को एनसीसी प्रशिक्षकों के रूप में रोजगार देने का प्रस्ताव शामिल है, जिससे उनके कौशल और लंबे अनुभव का लाभ उठाया जा सके।

इस पहल से एनसीसी कैडेटों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण सुनिश्चित हो सकेगा और उनके लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

यह विस्तार अनुशासन, नेतृत्व और सेवा की भावना से ओतप्रोत मार्गदर्शक तैयार करने के प्रति समर्पण का प्रतीक है। एनसीसी का लक्ष्य एक ऐसा वातावरण तैयार करना है, जहां युवा राष्ट्र निर्माण में सार्थक योगदान दें। यह पहल 'अमृतपीढ़ी' के प्रेरित, अनुशासित और देशभक्त युवाओं के आधार का विस्तार करेगी जो 'विकसित भारत' के लक्ष्य को हासिल करने में योगदान देंगे।


भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
NBB

पूर्वी भारत में शहद क्रांति का आगाज
झारखंड में स्थापित होगी अंतरराष्ट्रीय स्तर की अत्याधुनिक शहद टेस्टिंग लैब
हनी हब बनने से शहद उत्पादक हजारों किसानों को मिलेंगे निर्यात के अवसर
झारखंड और आसपास के राज्यों- बिहार, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, ओडिशा की अनूठी शहद किस्मों को मिलेगी अंतरराष्ट्रीय पहचान
एकीकृत मधुमक्खी पालन विकास केन्द्र एवं मधुमक्खी पालन और बांस संवर्धन परियोजना की भी सौगातें

शिलान्यास कार्यक्रम

मुख्य अतिथि
श्री अर्जुन मुंडा
माननीय केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण व जनजातीय कार्य मंत्री, भारत सरकार

गरिमामयी उपस्थिति- श्री संजय सेठ, सांसद रांची लोकसभा
श्री राजेश कच्छप, विधायक, खिजरी विधानसभा



14 मार्च, 2024
दोपहर 2 बजे

स्थान- भाकृअनुप - राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान
नामकुम, रांची, झारखंड



राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन एवं शहद मिशन
कृषि विज्ञान केन्द्र- खूंटी, रांची, गुमला, सिमडेगा, सराईकेला, पश्चिमी सिंहभूम

# जमीन विवाद में पिता पुत्र ने मिलकर एक युवक की टांगी से कर दी हत्या

खबर मन्त्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के झलजमीरा पंचायत अन्तर्गत पतलो ग्राम में जमीन विवाद में टांगी से मार कर एक युवक की हत्या कर दी गई।

जानकारी के अनुसार बताया जाता है की पतलो निवासी दिगम्बर चिक बड़ाइक और उसके 26 वर्षीय पुत्र प्रदीप चिक बड़ाइक दोनो पिता पुत्र ने मिलकर पुराने जमीन विवाद में गाँव के ही हौड़ा चिक बड़ाइक का 30 वर्षीय पुत्र ईश्वर चिक बड़ाइक को टांगी से मार कर हत्या कर दिया।

वही मृतक का गर्दन व सिर में गहरे चोट का निशान है। ग्रामीणों द्वारा प्रशिक्षु डीएसपी अमित कुमार सिंह को सूचना मिलते ही उनके निर्देश पर एसआई मनोज कुमार दल बल के साथ घटना स्थल पँहुच शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिये सदर अस्पताल लोहरदगा भेज दिया गया। तथा हत्यारोपी प्रदीप चिक बड़ाइक और उसके पिता दिगम्बर चिक बड़ाइक को हिरासत में लेकर पुलिस पूछ ताछ कर अग्रतर करवाई जुट गई है।



हत्या के बाद पहुंची पुलिस,रोते बिलखते परिजन

## मरे मजदूर के परिवार को मिशन बदलाव के प्रयास से प्रशासन ने दी मुआवजा राशि



मृतक के परिवार की महिला को चेक प्रदान करते श्रम अधीक्षक

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** मिशन बदलाव टीम के सदस्यों के प्रयास से दिवंगत पलायन मजदूर सुकेश भगत के परिवार के सदस्य को तत्काल 50 हजार का मुआवजा राशि बुधवार को श्रम अधीक्षक के द्वारा प्रदान किया गया। मिशन बदलाव के बिनोद साहू ने बताया कि मरियम टोली कटकाही चैनपुर निवासी सुकेश भगत उम्र कर्नाटक में दिहाड़ी मजदूरी कर जीविकोपार्जन करता था और ड्यूटी में लौटने के दौरान मोटरसाइकिल से धक्का लगने के बाद इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। मजदूर के परिजनों की आर्थिक स्थिति अत्यंत गम्भीर थी और उनके परिजन बहुत चिंतित थे। नगर अध्यक्ष ज्योति वर्मा, ज्योत ग्लोइरिया कुजूर ने बताया कि मंगलवार को उपायुक्त से मुलाकात कर परिजनों की स्थिति से उन्हें अवगत कराया गया था। जिसपर उपायुक्त ने तत्काल कार्रवाई करते हुए श्रम अधीक्षक को मुआवजा देने हेतु निर्देश दिया गया था। जिसके बाद मिशन बदलाव के टीम के साथ श्रम कार्यालय पहुंचे मृतक के परिवार के सदस्य को श्रम अधीक्षक ने मुआवजा राशि दी।

## पशु चिकित्सा जांच शिविर का हुआ आयोजन

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के बिमरला गांव में वन विभाग गुमला के द्वारा बुधवार को पशु चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पशुपालन पदाधिकारी डॉक्टर सीमा एक्का, डॉक्टर विनोद उरांव द्वारा 270 बकरी, बकरा और 180 गाय,बैल के स्वास्थ्य की जांच की गई। वहीं किसानों के बीच निशुल्क दवा का वितरण किया गया। मवेशियों को एफएमडी वैक्सीन, पीपीआर टीका दिया गया। मौके पर पशुपालन पदाधिकारी सीमा एक्का ने कहा कि वन विभाग के द्वारा पशु चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया है। मौके पर अभय गुप्ता, मुखिया चांदनी उराव ,बिजेंदर उरांव, विजय राम, अदीनता किंडो,सचिन सिंह, केसरी जी सहित कई किसान उपस्थित थे।

## दुष्कर्म के आरोपियों को भेजा गया बाल सुधार गृह

**चैनपुर।** डुमरी थाना क्षेत्र की दो नाबालिग स्कूली छात्राओं के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। इस बाबत डुमरी थाना में सोमवार को प्राथमिकी दर्ज हुई। दोनों डुमरी के स्कूल में आठवीं और एक दसवीं की छात्रा हैं। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 3 नाबालिग किशोर को पकड़कर बाल सुधार गृह भेज दिया। जानकारी के अनुसार दोनों छात्राएं 9 मार्च को टांगीनाथ में मेला घूमने गई थी। वहीं एक छात्रा की जान पहचान के लड़के के साथ मुलाकात हुई। लड़के ने कहा कि वह उसे घर पहुंचा देंगे कहकर अपने बाइक पर छात्रा और छात्रा की दोस्त को लेकर जैरागी में बन रहे अपने नए घर में ले गया।

## 52वां सीनियर महिला राष्ट्रीय हैंडबाल प्रतियोगिता में भाग लेने गुमला की तीन बेटियां रवाना

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** हैंडबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा 52वां सीनियर महिला राष्ट्रीय हैंडबाल चैंपियनशिप का आयोजन दादर और नगर हवेली में किया जा रहा है। जिस प्रतियोगिता में देश के सभी राज्य , केंद्रशासित प्रदेश तथा अन्य डिफेंस की टीम भाग लेगी। झारखंड हैंडबॉल फेडरेशन के सह सचिव एवं स्पोर्ट्स अकादमी के निदेशक सैयद जुन्नू रैन ने कहा इस 52 वां राष्ट्रीय सीनियर महिला हैंडबॉल प्रतियोगिता में गुमला के तीन बेटियां गुमला जिला और झारखण्ड राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगी और खेल नगरी से विख्यात गुमला जिला की मान मयार्दा को बनाए रखेगी। जिसमें ज्योति कुमारी , अनामिका कुमारी और आशका कुमारी खेल में भाग लेंगी। प्रतियोगिता 16 मार्च से 20 मार्च तक खेली जाएगी। जिले के तीनों बेटियां का चयन से स्पोर्ट्स अकादमी के सभी खिलाड़ी खुश हैं। साथ ही तीनों खिलाड़ी को फूल माला पहना कर मिठाई खिला कर स्पोर्ट्स अकादमी के निदेशक सैयद जुन्नु रैन ने रवाना किया। स्पोर्ट्स अकादमी के अध्यक्ष हफीजुर रहमान ने कहा कि हर वर्ष यहां से काफी होनहार खिलाड़ी निकलते है और गुमला जिला का प्रतिनिधित्व करत्इस अवसर पर राष्ट्रीय रेफरी दीपक कुमार, विक्रम राज, सीनियर खिलाड़ी अनीश साहू, रवि गुप्ता आदि खिलाड़ी उपस्थित थे।



स्थानीय टावर चौक में खिलाड़ियों को रवाना करने जुटे लोग

## भंडरा पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

**भंडरा।** भंडरा पुलिस ने बुधवार को रांची लोहरदगा मुख्य पथ के मसमानो मोड़ में पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। भंडरा थाना प्रभारी अरबिंद कुमार सिंह के नेत्तृत्व मे एंटी क्राइम एवं सड़क सुरक्षा को लेकर थाना मोड़ के पास दो पहिया वाहन, तीन पहिया वाहन तथा चार पहिया वाहन को रोक कर आवश्यक वाहनों की कागजात एवं डिक्की खुलवा कर डिग्गी की जांच की गई। वहीं हेलमेट नहीं पहनने वाले बाइक चालकों एव सीट बेल्ट नहीं पहनने वाले चालको को फटकार लगाते हुए हेलमेट, सीट बेल्ट लगाकर सड़क पर चलने को निर्देश दिया गया। थाना प्रभारी अरबिंद कुमार सिंह ने बताया कि सड़क सुरक्षा तथा एंटी क्राइम को लेकर लगातार वाहन चेकिंग अभियान चलता रहेगा। दो पहिया वाहन चलाने वाले सभी लोग हेलमेट पहने बिना हेलमेट के दो पहिया वाहन नहीं चलावें नहीं तो कार्रवाई की जाएगी। जांच अभियान जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार चलाया गया जो थाना क्षेत्र में कोई क्राइम की घटना ना हो। वही वाहन जांच अभियान में एसआई पप्पू गुप्ता, राजीव कुमार,सतेंद्र नारायण व पुलिस बल के जवान शामिल थे।

## स्वांग हवाई अड्डे को इको पार्क बनाने के विरोध में स्थानीय लोग आज देगे धरना

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो /तेनुघाट कोर्ट।** गोमिया प्रखंड के स्वांग हजारी मोड़ स्थित सी सी एल का हवाई अड्डा को इको पार्क बनाये जाने के प्रस्ताव को लेकर वहां के स्थानीय लोगो के द्वारा 14 मार्च 24 को एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया जायेगा।

बैठक की अध्यक्षता हजारी मुखिया तारामनी भोकता ने की गई। बैठक के बाद जिसका सुचना सीसीएल महाप्रबंधक कथारा को दी गई। वही आम लोगो से अपील की गई है की इस धरने मे अधिक से अधिक लोग उपस्थित होकर हमारे कंधे को मजबूत करे और क्षेत्र मे बचे हवाई अड्डा को बचाने का काम करें। जबकि ये हवाई अड्डा बेरोजगार लोगो के लिए प्रशिक्षण की जगह है। युवा लोग यहाँ आर्मी, पुलिस, एयर फोर्स के अलावे ड्राइवरिंग आदि की तैयार करते है इस क्षेत्र मे इस तरह का कोई भी जगह नहीं है जिससे युवा वहां जाकर तैयारी कर सके। वही बुजुर्ग लोगो को टहलने, आवश्यकता अनुसार हेलीकाप्टर को उतरने जैसे भी काम इस मैदान मे होता है।

इन्ही सब मुद्दों को लेकर एक दिवसीय धारण का आवाहन किया गया है। इन सभी उक्त बातो की जानकारी सी पी आई के प्रखंड सचिव राकेश कुमार ने दी। वहीं इस धरना मे मुख्य रूप से बेरमो जिला बनाओ संघर्ष समिति के संयोजक संतोष कुमार नायक भी उपस्थित होकर अपना समर्थन देंगें। वहीं इस मौके पर कुलदीप प्रजापति, मंटू यादव, पूर्व मुखिया चंद्रदीप पासवान, केदार यादव, हरी प्रजापति, लोहा सिंह, बरुन प्रजापति, सुजीत गंझु, बबलु यादव, बलराम नायक, श्याम प्रजापति, अमोद प्रजापति, गणेश यादव, मिथुन चंद्रवंसी सहित कई लोग उपस्थित थे।



## स्वीप कार्यक्रम को लेकर बीडीओ ने की बैठक

**भंडरा।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर प्रखंड प्रशासन पूरी तरह तैयार में जुट गई है। बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर बुधवार को बैठक की। बैठक में थाना प्रभारी अरबिंद कुमार सिंह, बीईईओ जयनाथ महतो,सीडीपीओ नंदी रानी मुख्य रूप से मौजूद थे। बैठक में बीडीओ ने चुनाव तैयारियों की समीक्षा करते हुए चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर प्रखंड में स्वीप कार्यक्रम को बेहतर तरीके से संचालित कर ग्रामीणों को मतदान के लिए जागरूक करने का निर्देश दिया। साथ ही चुनाव में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था तथा मतदान केंद्रों पर सभी आवश्यक बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बीडीओ सह प्रखंड निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतदान केंद्रों पर आवश्यक बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित होने से बेहतर परिणाम सामने आएंगे।मतदाता मतदान केंद्र पर ज्यादा से ज्यादा मतदाता पहुंचेंगे, जिससे मतदान प्रतिशत बेहतर हो सकेगा। कहा कि सभी निर्वाचन कर्मी अपने-अपने क्षेत्रों में चल रहे निर्वाचन से संबंधित कार्यों को समय पर पूरा करें। इस मौके पर प्रभा कुमारी, गौरांग कुमार,रविशंकर भगत, रेहान अंसारी सहित कई अन्य निर्वाचन कर्मी मौजूद थे।

## योग आयुर्वेद में बहुत ताकत है ,युवा योग जरूर करें: प्रवीण

**लोहरदगा।** पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान न्यास लोहरदगा के तत्ववावधान में शीला अग्रवाल विद्या मंदिर में आयोजित विशेष योग शिविर में देश में हुए 26/11 के आतंकी हमले में आतंकियों से लड़कर अनेक लोगों की जान की रक्षा करनेवाले मारकुस कमांडो प्रवीण तेवतिया ने उपस्थित लोगों को योगाभ्यास कराया। मौके पर प्रवीण तेवतिया ने कहा कि कभी भी किसी भी विकट परिस्थिति में हार नहीं माननी चाहिए। उन्होंने कहा कि उन्हें फेफड़ा में गोली लगी और आर पार हो गया, एक कान खत्म हो गया, पैर जख्मी हो गया परन्तु मैंने हार नहीं मानी और तीन बार आयरन मैन का पुरस्कार जीता।

## लोकसभा निर्वाचन में मतदान एक महत्वपूर्ण कार्य है: उपायुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर महिला महाविद्यालय पुग्गू में आयोजित पोलिंग पार्टियों के प्रशिक्षण का जायजा लेने उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी बुधवार को पहुंचे। उपायुक्त ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का जायजा लेते हुए प्रशिक्षणार्थियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन में मतदान कार्य एक महत्वपूर्ण कार्य है। जिसको जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करना है। उन्होंने सभी पीठासीन अधिकारी व मतदान अधिकारी को मतदान करवाने की प्रक्रिया को उत्साह और अच्छे से सीखने को कहा। उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्र में पीठासीन अधिकारी और मतदान अधिकारी की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। पीठासीन व मतदान अधिकारी मतदान केन्द्र में लगे अन्य कर्मचारियों को मार्गदर्शन देते हैं। उन्होंने सभी मास्टर ट्रेनर्स को पीठासीन व मतदान अधिकारी की जिम्मेदारियों को बारीकी से समझाने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने मतदान कार्य को निर्बाध संपादित करने के लिए प्रशिक्षण में दी जा रही जानकारियों को बारीकी से समझने कहा। ताकि मतदान के दिन यदि कोई समस्या आई तो तत्काल उसका निराकरण आपके द्वारा किया जा सके। सभी प्रशिक्षणार्थियों को ईवीएम और वीवीपैट मशीन की गतिविधियों को स्वयं संचालित कर देखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने चुनाव प्रक्रिया को सुचारू रूप से और पारदर्शी तरीके से आयोजित करने के लिए कई दिशा निर्देश दिए हैं। सभी मतदान अधिकारियों को उन सभी से पूरी तरह से अवगत होकर उनका पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने निर्देश दिया कि सभी मतदान अधिकारियों को इस बार पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान करना है, अतः सभी वोटर लिस्ट में अपना नाम दर्ज करवाना सुनिश्चित करेंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में चुनाव प्रक्रिया के विभिन्न पहलुओं पर जानकारी दी गई। इसमें मतदान केंद्रों की स्थापना, मतदाताओं की पहचान, मतदान की प्रक्रिया, मतगणना और अन्य संबंधित विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया।



पोलिंग पार्टी को प्रशिक्षण के दौरान जानकारी देते उपायुक्त

स्पीड न्यूज

## बालू घाट में रात्रि को एसडीओ के नेतृत्व में की गई छापामारी

**गुमला।** अनुमण्डल पदाधिकारी गुमला को मिली गुप्त सूचना के आधार मंगलवार की रात्रि लगभग 10 बजे सिसई प्रखण्ड के भरगाँव झुपनाटांड़ बालूघाट पर औचक छापेमारी की गई । छापेमारी के समय अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी गुमला, प्रभारी जिला खनन पदाधिकारी गुमला, अंचलाधिकारी सिसई एवं थाना प्रभारी सिसई उपस्थित थे। छापेमारी के समय भरगाँव झुपनाटांड़ बालुघाट स्थल पर भारी मात्रा में अवैध रूप से बालु डम्प किया हुआ पाया गया। उक्त के आलोक में भरगाँव झुपनाटांड़ बालूघाट स्थल पर भारी मात्रा में डम्प किये हुए बालु को जब्त कर सभी संबंधित व्यक्तियों पर कार्रवाई करने का निर्देश प्रभारी जिला खनन पदाधिकारी गुमला को दिया गया।

## ईएनटी और नेत्र देखभाल को लेकर सहिया को दिया जा रहा प्रशिक्षण

**घाघरा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा के सभागार में कान, नाक एवम गले और नेत्र देखभाल को लेकर स्वास्थ्य सहिया को प्रशिक्षण दिया गया। बीटीटी सह प्रशिक्षक सीमा देवी और बबिता देवी ने संयुक्त रूप से बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा स्वास्थ्य सहियाओ को व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल के अंतर्गत मुंह, कान, आंख, नाक, गला का देखभाल तथा आपातकालीन स्थिति पर जांच संबंधित प्रशिक्षण दी जा रही है। ताकि वैसे मरीजों की पहचान की जा सके और उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुलाकर उसका इलाज कराया जा सके। प्रशिक्षण पांच दिवसीय आयोजित की गई है।

## बेरमो जिला बनाओ संघर्ष समिति की बैठक सम्पन्न

**बेरमो /तेनुघाट कोर्ट।** तेनुघाट अधिवक्ता संघ भवन में अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष सह बेरमो जिला बनाओ संघर्ष समिति के पदेन अध्यक्ष कामेश्वर मिश्रा की अध्यक्षता में एक बैठक संपन्न हुई । बैठक में यह बताया गया कि बेरमो जिला बनाओ संघर्ष समिति का गठन 13 मार्च 2022 को हुआ था । आज 13 मार्च 2024 को बेरमो जिला बनाओ संघर्ष समिति का दूसरा स्थापना दिवस है । जिसे लेकर आज बेरमो जिला बनाओ संघर्ष समिति के द्वारा एक बैठक बुलाया गया । बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि लोकसभा चुनाव के उपरांत अनुमंडल में दीवार लेखन का कार्य करना है। उसके बाद बेरमो जिला बनाने हेतु अनुमंडल अंतर्गत पंचायत स्तरीय जन जागरण अभियान चलाना है । जिसमें प्रत्येक पंचायत में प्रवास के साथ जन जागरण अभियान चलाया जाएगा। उसके बाद 29, 30 और 31जुलाई को तीन दिनों तक पुरे बेरमो अनुमंडल में आर्थिक नाकाबंदी किया जाएगा । पुनः 1 अगस्त को संपूर्ण अनुमंडल बंद किया जाएगा । बैठक में अधिवक्ता संघ के महासचिव सह संघर्ष समिति के पदेन सचिव वकील प्रसाद महतो, संयोजक संतोष नायक, सह संयोजक कुलदीप प्रजापति, पंकज कुमार झा, अरूण महतो, हसीना खातून सहित कई लोग मौजूद थे।

## जमीन विवाद को लेकर ग्रामीण हुए गोलबंद, पहुंचे थाना

**चैनपुर।** चैनपुर मुख्यालय के कुरुमगढ़ ग्राम में बीते कई वर्षों से एक जमीन विवाद में था जिसका निपटारा पूर्व में अंचल उप निरीक्षक, जिप सदस्य एवं पंचायत समिति सदस्य के मौजूदगी में कर जमीन को गामीणो को सौंप दिया गया था। जमीन पर ग्रामीण पूरे ग्राम वासियो के लिए आम बगवानी किए थे। जिससे सभी लाभान्वित हो सके। इसके बाद दूसरे पक्ष के द्वारा जमीन में लगे आम के पेड़ों को काट दिया गया। जिसे एक बार फिर से विवाद गहरा गया। बुधवार को उक्त मामले को लेकर ग्रामीण एकजुट होकर थाना पहुंचे। जहां थाना प्रभारी कुरुमगढ़ के द्वारा अश्वासन दिया गया कि दोनों पक्षों का कागजात देखने के बाद ही कुछ निर्णय लिया जाएगा। वहीं थाना प्रभारी ने पूरे जमीन में 144 लगाने का अश्वासन दिया तथा जल्द से जल्द इसका निपटारा करने की बात कही।

एक नजर में

## डिलीवरी मरीजों के बीच प्रोटीन पावडर व फल का वितरण

**बेरमो।** भारतीय कंटेनर निगम लिमिटेड (रेल मंत्रालय का नवरत्न उपक्रम) सीएसआर गतिविघियो के अंतर्गत और साथ फाउंडेशन बोकारो द्वारा बुघवार को अनुमंडलीय अस्पताल फुसरो - बेरमो मे डिलिवरी मरीजो को प्रोटीन पावडर व फल फ्रुट वितरित किए। इस अवसर पर अनुमंडलीय अस्पताल बेरमो के प्रभारी डा. एन पी सिंह ने अभियान की शुरूआत की। इस अवसर पर डा. गुप्ता ने कहा कि साथ फाउन्डेशन के द्वारा मरीजों को दी जाने वाली प्रोटीन पावडर और फल किट उनके स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होती है। इससे रोग से लड़ने की उनकी आंतरिक शक्ति में वृद्धि होगी और वे शीघ्र स्वस्थ हो जायेंगे। उन्होंने साथ फाउंडेशन को इस नेक कार्य के लिए धन्यवाद दिया। साथ फाउंडेशन बोकारो के अध्यक्ष वाणी पांडेय और सचिव वारिजा प्रसाद ने बताया कि डिलीवरी मरीज सहित अन्य अस्पताल मे भर्ती करीब 100 मरीजो के बीच प्रोटीन पावडर और फल किट का वितरण किया गया। कहा कि हर माह के दूसरे सप्ताह मे इसी तरह के महिला प्रसव,जनरल वार्ड और उनके सेवको के बीच हेल्थ कीट और फल-फ्रुट वितरण किया जायेगा। कहा कि गरीबों एवं असहाय लोगों की सेवा ही मानवता का सबसे बड़ा धर्म है। सेवा भावना के लिए ही साथ फाउंडेशन का गठन हुआ है और संगठन का मुख्य काम सेवा ही है। मौके पर चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर निशा कुमारी किरो, आशा चटर्जी, साधु शरण सिंह, सुनील मंडल, मृत्युंजय पांडेय, लालमोहन महतो, संजय प्रसाद, दीपक सिंह आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## आनलाइन विकसित भारत संबोधन को लेकर के बी कॉलेज बेरमो में कार्यक्रम

**बेरमो।** बुधवार 13 मार्च, 2024 को प्राचार्य लक्ष्मी नारायण की अध्यक्षता में आई क्यू ए सी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वावधान मे विकसित भारत ऑनलाइन कार्यक्रम में के बी कॉलेज बेरमो के शिक्षक गण, कर्मियों व विधार्थियों की उपस्थिति रही। माननीय प्रधानमंत्री सुबह 10 :30 बजे से यूट्यूब चैनल के माध्यम से विकसित भारत की संकल्पना पर अपना वक्तव्य रख रहे थे। मेरा भारत मेरा परिवार विषय पर यूट्यूब के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री जी संबोधन किए। प्रधानमंत्री द्वारा उक्त ऑनलाइन परिचर्चा विकसित भारत में प्राचार्य लक्ष्मी नारायण, वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो गोपाल प्रजापति, डा आर पी पी सिंह, डा अरुण कुमार रॉय महतो, डा अलीशा वंदना लकड़ा, डा नीला पूणीर्मा तिर्की, डा मधुरा केरकेट्टा, डा साजन भारती, डा प्रभाकर कुमार, डा वासुदेव प्रजापति, डा व्यास कुमार, डा वासुदेव प्रजापति, प्रो अमीत कुमार रवि, प्रो पी पी कुशवाहा, प्रो संजय कुमार दास, रविंद्र कुमार दास, सदन राम, रवि यादविंधू, नंदलाल राम, दीपक कुमार, शिव चन्द्र झा, संजय आदि कॉलेज परिवार के सभी सदस्यों व बड़ी मात्रा में विधार्थियों की उपस्थिति रही।

## झाकोमयू का स्वांग वाशरी प्रबंधन के विरुद्ध जोरदार प्रदर्शन, सौपा मांग पत्र

**बेरमो।** गोमिया,झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन स्वांग वाशरी शाखा सचिव मुमताज आलम ने बुधवार को अपने सहयोगियों के साथ वाशरी पहुंचे और अपनी मांगों को लेकर जमकर नारेबाजी किया.इसके उपरांत उन्होंने परियोजना पदाधिकारी को 19सूत्री मांग पत्र सौंपा. पत्र में कहा गया है की वाशरी में कार्यरत मजदूरों को मिलने वाले संडे में कटौती किए बगैर तमाम संडे दिया जाए,वाशरी डिस्पेंसरी में एंबुलेंस की व्यवस्था की जाए,डिस्पेंसरी में पारा मेडिकल स्टाफ की पदस्थापना किया जाए,स्वांग वाशरी के अधिन कितने आवास हैं इसकी जानकारी दी जाए,आवासीय कालोनियों में स्थित नालियों की सफाई कराई जाए और डी डी टी का छिड़काव किया जाए,वाशरी के अधिन आवासों से अवैध कब्जा हटा कर कार्यरत मजदूरों को आवंटित किया जाए, कैंटीन में समुचित व्यवस्था कराई जाए,वाशरी कार्यालय का रंग रोगन कराया जाए,वाशरी अथिति गृह को वाशरी के अधीन रखा जाए सहित कई अन्य मांगे शामिल है.उक्त मांग पत्र में कहा गया है कि आगामी 15दिनों के अन्दर हमारी मांगों पर प्रबंधन द्वारा वार्ता कराई जाए ,अगर निर्धारित समय अवधि के अंदर वार्ता नहीं की जाती है तो परियोजना का कार्य बाधित कर दिया जाएगा,जिसकी सारी जवाबदेही प्रबंधन की होगी.इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष रौशन लाल रवि,उप सचिव अरबिंद सिन्हा,दिलीप भुइयां,मुकुंद दुसाद,बालेश्वर भुइयां, कैला गंझु, महेन्द्र रजक,डिविजन सिंह,अमित कुमार,जाकिर अंसारी,बासुदेव महतो,जानकी महतो,परशुराम एवं गौतम कुमार सहित अनेकों लोग उपस्थित थे।

## शोक सभा का आयोजन

**बेरमो /करगली।** कौटिल्य परिवार के सदस्यों के द्वारा दिनांक 9 मार्च को पंडित रामकुमार पाठक का अचानक निधन हो जाने के कारण से शोक सभा का आयोजन किया गया। कौटिल्य परिवार के सदस्यों द्वारा उनके तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर संवेदना व्यक्त किया गया तथा दो मिनट का मौन रखा गया। उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि स्वर्गीय रामकुमार पाठक बिहार राज्य के गया जिला टेकारी के रहने वाले थे। सन 1990 से अनपति देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में संस्कृत आचार्य के रूप में कार्यरत रहे। सेवानिवृत्ति के पश्चात स्टाफ क्वार्टर ढोरी में रह रहे थे। स्वर्गीय रामकुमार पाठक काफी मृदु और शांत स्वभाव के व्यक्तित्व के साथ एक कुशल पंडित व व्याकरण आचार्य थे। ने कहा कि स्वर्गीय पाठक इस परिवार के लिए अपूरणीय है। हमने एक अच्छे शिक्षक, उत्कृष्ट पंडित के साथ-साथ एक अच्छा इंसान भी खो दिया है। मैं सर्वशक्तिमान ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि उनके परिवार के सदस्यों को इस स्थिति से उबरने के लिए पर्याप्त शक्ति प्रदान करें। उसकी आत्मा को शांति मिलें। श्रद्धांजलि देने वाले में देवता नंद दुबे, अजय कुमार झा, बृज बिहारी पांडे, रामनरेश द्विवेदी, पंकज कुमार मिश्रा, धीरज कुमार पांडे, मुक्तिनाथ सिंह, बसंत कुमार पाठक, शंभू दुबे, रितेश तिवारी, सुनील चंद्र झा, अनिल चंद्र झा,धनंजय तिवारी, नवल किशोर सिंह आदि उपस्थित थे।

## फुसरो मे नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

**बेरमो।** युवा व्यवसायी संघ फुसरो के नवनिर्वाचित अध्यक्ष वैभव चौरसिया, सचिव बैजू मालाकार, कोषाध्यक्ष राकेश मालाकार का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुई। मुख्य चुनाव पदाधिकारी देवीदास व कार्यकारी मुख्य चुनाव पदाधिकारी कृष्ण कुमार ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियो को शपथ दिलाई। कार्यक्रम मे बतौर अतिथि गिरिडीह के पूर्व सांसद रवींद्र कुमार पांडेय, बेरमो के पूर्व विधायक योगेश्वर महतो बाटुल, मजदूर नेता रविंद्र कुमार मिश्रा, भाजपा नेता बिनोद महतो, संत सिंह ,टुनटुन तिवारी, दिनेश यादव, दिनेश सिंह, आजसू नेता संतोष महतो, गिरिराज गिरि सहित दयानन्द वर्णवाल, महेंद्र चौघरी, जावेद खान, जितेंद्र सिंह, बीरन लोहार, अभय विश्वकर्मा, अवघ वर्णवाल, पंकज पांडेय, रामनरेश द्विवेदी, अजय झा, नीरज वर्णवाल ,राजू गिरि आदि मुख्य रूप से उपस्थित हुए।

## 23 मार्च को गुमला में होगा होली मिलन समारोह

**गुमला।** लायंस क्लब ऑफ गुमला की बैठक लायंस भवन में अध्यक्ष एमजेएफ लायन शंकर लाल जाजोदिया की अध्यक्षता में हुई। मौके पर विश्व शांति हेतु एक मिनट का सभी सदस्य ने मौन धारण किया। इस अवसर पर अध्यक्ष श्री जाजोदिया ने आगत सदस्यों का स्वागत किया। सचिव अशोक कुमार ने पिछले प्रस्ताव की संपुष्टि की और कहा कि 15 मार्च 2024 को जिला अधिवेशन हेतु पूरी जाना है। लायंस क्लब ऑफ गुमला से 15 सदस्यों ने स्वीकृति प्रदान पुरी जाने हेतु किया गया। वहीं 23 मार्च 2024 को रात्रि के 7:00 बजे से होली मिलन का आयोजन लायंस भवन में गीत संगीत के साथ करने का निर्णय लिया गया। मौके पर अध्यक्ष ला शंकर लाल जाजोदिया सचिव ला. अशोक कुमार जायसवाल कोषाध्यक्ष गुलाबचंदप्रसाद आदि उपस्थित थी।

# उत्तर प्रदेश में भाजपा के जातीय समीकरण के सामने पस्त विपक्ष

**आशीष वशिष्ठ**



**एक** पुरानी राजनीतिक कहावत है कि दिल्ली का रास्ता लखनऊ से होकर जाता है। कहते हैं यहां पर जिसने जितनी सीटें जीतीं, उसके लिए नई दिल्ली तक पहुंचने का रास्ता उतना ही आसान हुआ। उत्तर प्रदेश में विजय का परचम लहराने के लिए जातियों की समझ ही सब कुछ है। यहां विकास के नाम पर वोट भी तभी मिलता है, जब जातियों को सही तरह से साधा जाए। बात चाहे ओबीसी की हो, मुस्लिम की हो या सवर्ण समाज को साधने की, सभी का उत्तर प्रदेश की सियासत में अहम योगदान रहता है। यहां के बारे में एक कहावत चर्चित है कि यहां वोटर नेता को वोट नहीं देते बल्कि जाति को देते हैं।

जाहिर है कि सबसे ज्यादा 80 लोकसभा सीट वाले उत्तर प्रदेश पर हर पार्टी की नजर है। यहां भारतीय जनता पार्टी से लेकर सपा, कांग्रेस और बसपा भी अपना जनाधार मजबूत करने में पूरी ताकत के साथ जुट गई है। जाति, धर्म और वर्ग के आधार पर अपने-अपने वोट बैंक को दुरुस्त करने के लिए खास रणनीति बनाई जा रही है। इस मद्देनजर जो एक कम्युनिटी प्रदेश की हर राजनीतिक पार्टी की नजर में है, वो ओबीसी समुदाय है। प्रदेश में मतदाताओं का एक बड़ा हिस्सा ओबीसी से आता है और जिसकी ओर उनका झुकाव होता है, वही पार्टी यहां सबसे मजबूत स्थिति में मानी जाती है। ऐसे में इन्हें लुभाने के लिए हर पार्टी अपने-अपने स्तर पर अपनी-अपनी रणनीति के अनुसार कोशिश कर रही है।

उत्तर प्रदेश में ओबीसी वोट का प्रतिशत 52 फीसदी है। ये ओबीसी वोट, यादव और गैर यादव में बंटा हुआ है। यादव वोट 11 फीसदी है तो गैर यादव 43 फीसदी है। ओबीसी वोट में यादव जाति के बाद सबसे ज्यादा संख्या कुर्मी मतदाताओं की है। इसके बाद मौर्य और कुशवाहा और चौथे नंबर पर लोध जाति है। पिछड़ा वर्ग में पांचवीं सबसे बड़ी जाति के रूप में मल्लाह (निषाद) हैं। ओबीसी वोट बैंक में राजभर बिरादरी की आबादी दो फीसदी से कम है। राज्य में दलित वोट बैंक, जाटव और गैर जाटव में बंटा हुआ है। दलितों में जाटव जाति की संख्या कुल वोट का 54 फीसदी है। दलितों में 16 फीसदी पासी और 15 फीसदी वाल्मीकि जाति है। राज्य में सवर्ण मतदाता की आबादी 23 फीसदी है। इसमें सबसे ज्यादा 11 फीसदी ब्राह्मण, आठ फीसदी राजपूत और दो फीसदी कायस्थ है। देश में उत्तर प्रदेश मुस्लिम जनसंख्या के हिसाब लिहाज से चौथा सबसे बड़ा राज्य है। यहां पर लगभग 20 प्रतिशत मुस्लिम रहते हैं।

2019 के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)-अपना दल गठबंधन को 50.76 फीसदी वोट मिले थे। भाजपा ने 62 और अपना दल ने दो सीट जीती थीं। सपा-बसपा और आरएलडी गठबंधन को 38.89 फीसदी वोट मिले थे। सपा ने पांच और बसपा ने 10 सीटें जीती थीं। 2019 का लोकसभा चुनाव कांग्रेस के लिए सबसे शर्मनाक रहा। उसे 6.31 प्रतिशत वोट शेयर के साथ सिर्फ एक सीट पर जीत मिली। अगर साल 2014 के लोकसभा चुनाव की बात करें तो उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी को प्रचंड बहुमत के साथ 71 सीट मिलीं और पार्टी के खाते में 42.3 फीसदी वोट गए। इस चुनाव में बहुजन समाज पार्टी और आरएलडी का खाता भी नहीं खुला। बसपा को 19.6 फीसदी वोट मिले। सपा ने पांच ही लोकसभा सीट जीती। उसे कुल 22.2 फीसदी वोट मिले। कांग्रेस ने दो सीटें जीती और उसका वोट फीसदी 7.5 रहा।

थिंक टैंक सीएसडीएस और लोकनीति के एक सर्वे के मुताबिक 2019 के चुनाव में 82 फीसदी ब्राह्मणों ने भाजपा और उसके सहयोगियों के लिए वोट किया। 89 फीसदी राजपूतों ने भाजपा को वोट दिया। वैश्यों का 70 फीसदी वोट भाजपा के खाते में गया। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में निर्णायक माने जाने वाले जाटों का 91 फीसदी वोट भाजपा को मिला। वर्ण व्यवस्था की अन्य जातियों में से 5 फीसदी ने कांग्रेस, 84 फीसदी ने भाजपा गठबंधन और 10 फीसदी ने सपा-बसपा गठबंधन को वोट किया। ओबीसी की दूसरी बड़ी जाति कोइरी-कुर्मी का 80 फीसदी वोट भाजपा, 14 फीसदी वोट सपा-बसपा, कांग्रेस को 5 फीसद और अन्य दलों को 1 फीसदी वोट मिला। यादव-कोइरी-कुर्मी के अलावा ओबीसी की अन्य जातियों में से 72 फीसदी ने भाजपा, 18 फीसदी ने सपा-बसपा, 5 फीसदी ने कांग्रेस और 5 फीसदी ने अन्य दलों को वोट किया।

अनुसूचित जाति की बड़ी जातियों में से एक जाटव है। इस जाति का 75 फीसद वोट सपा-बसपा, 17 फीसद भाजपा, 1 फीसद कांग्रेस और अन्य दलों को 7 फीसद वोट मिल। एससी की अन्य जातियों के वोटों में से भाजपा गठबंधन को 48 फीसद, सपा-बसपा गठबंधन को 42 फीसद, कांग्रेस को 7 फीसद और 3 फीसद ने अन्य दलों को वोट किया। उत्तर प्रदेश के 73 फीसद मुसलमानों ने सपा-बसपा गठबंधन, 14 फीसद ने कांग्रेस, 8 फीसद ने भाजपा गठबंधन और पांच फीसद ने अन्य दलों को वोट किया। अन्य जातियों में से 50 फीसद ने भाजपा गठबंधन, 35 फीसद ने सपा-बसपा, 1 फीसद ने कांग्रेस और 14 फीसद ने अन्य दलों को वोट किया। वास्तव में, सामान्य, गैर यादव ओबीसी, अन्य अति पिछड़े, और गैर जाटव दलित पर भारतीय जनता पार्टी की अच्छी पकड़ है।

भारतीय जनता पार्टी को साल 2014, 2019 के लोकसभा चुनाव में और साल 2017 तथा 2022 के विधानसभा में अच्छी-खासी संख्या में ओबीसी वोटर्स का साथ मिला। सपा की नीतियों से असंतुष्ट ओबीसी समुदाय ने भाजपा का दामन थामा। भाजपा अपने इस समर्थन को आने वाली लोकसभा चुनाव में बरकरार रखना चाहती है। भारतीय जनता पार्टी ओबीसी वोटर्स में अपना जनाधार बढ़ाने के लिए तमाम तरह के जतन कर रही है। इसका मकसद गैर-यादव पिछड़ी जाति के लोगों को लामबंद करना है। इसके अलावा ओम प्रकाश राजभर को एनडीए में लाना भाजपा की ओबीसी नीति का ही नतीजा है। संजय निषाद और अनुप्रिया पटेल पहले से ही भाजपा के साथ हैं। आरएलडी के एनडीए का हिस्सा बनने से यह वोट बैंक और मजबूत होगा।

ओबीसी को समाजवादी पार्टी का कोर वोटर माना जाता है। इनमें भी यादव वोटर्स सपा के समर्पित समर्थक हैं। सत्ता पर काबिज भाजपा ने अपनी योजनाओं और राजनीतिक रणनीति की मदद से सपा के इस वोट बैंक में सेंधमारी की है। भाजपा की वजह से ही तमाम गैर-यादव ओबीसी कम्युनिटी सपा से दूर हो गए। ऐसे में सपा के सामने लोकसभा चुनाव में इन वोटर्स को वापस पाने की चुनौती है। अखिलेश यादव ने पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक (पीडीए) का नारा भी दिया है। गौरतलब है कि बीते साल पांच राज्यों के चुनाव में पीडीए का फामूर्ला विफल हो चुका है।

आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा हिंदुत्व-राष्ट्रवाद के साथ सामाजिक समीकरण साधने पर भी पूरा जोर दे रही। 2019 में भाजपा और अपना दल गठबंधन ने चुनाव लड़ा था। इस बार भाजपा के साथ अपना दल (एस), सुभासपा, निषाद पार्टी और राष्ट्रीय लोकदल हैं। सामाजिक समीकरणों के लिहाज से एनडीए उत्तर प्रदेश में पहले से ज्यादा मजबूत हुआ है। इंडी अलांयस में सपा और कांग्रेस का गठबंधन है। अभी तक बहुजन समाज पार्टी किसी गठबंधन में शामिल नहीं है।

उत्तर प्रदेश में इस बार आम चुनाव में लड़ाई त्रिकोणीय नजर आ रही है। ओबीसी, दलित, ब्राह्मण, ठाकुर, कायस्थ और अन्य जातियों का झुकाव साफ तौर पर भाजपा की ओर दिखाई दे रहा है। अल्पसंख्यक समुदाय खासकर मुस्लिम वोटर्स की संख्या भले ही कम हो, उसका झुकाव भाजपा की ओर बढ़ा है। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, भाजपा ने उत्तर में जो जातीय समीकरण साधे हैं, उससे वो 2014 के अपने 71 सीट के रिकार्ड तोड़ती दिखाई दे रही है।

लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

# अपूर्णता में भी है जीवन की खूबसूरती अंतर्मन

**रेनू सैनी**



**हमारे** हृदय और आसपास जिज्ञासाओं का बने रहना बहुत जरूरी है। जिज्ञासाएं भी तभी मन में उमड़ती हैं, जब अपूर्णता शेष रहती है। यदि कहीं कमी या अपूर्णता न रहे तो कुछ जानने को बचता ही नहीं है। हर जगह और हर क्षण परिवर्तनशील है। जो अभी है, कुछ देर में वह दृश्य बदल जाएगा। नया दृश्य और नई परिस्थितियां व्यक्ति के अनुभव में एक और टांका जोड़ेंगी। अधिकतर व्यक्ति अपना जीवन अप्रसन्नता में सिर्फ इसलिए काट देते हैं क्योंकि वे उस पूर्णता की तलाश में रहते हैं जो कभी होती ही नहीं है। प्रसन्न रहने का सबसे अच्छा तरीका यह है कि जो कमी है, उसी के साथ खुश रहने का प्रयास किया जाए और उनमें निरंतर सुधार किया जाए। निम्न सत्य घटना प्रत्येक व्यक्ति को यही सिखाती है।

डिक होइट एक अमेरिकी सिपाही थे। वर्ष 1962 में उनके बेटे रिक का जन्म हुआ। वह सेरिब्रल रोग के साथ पैदा हुआ था। वह बोल और चल नहीं सकता था। इससे डिक और उनकी पत्नी जूडी बुरी तरह टूट गए। कुछ समय बाद डिक और जूडी सामान्य हुए। दोनों ने ठान लिया कि वे रिक के सामने सदैव ऐसा व्यवहार करेंगे कि कुछ भी असंभव नहीं होता। कुछ भी पूर्ण नहीं होता। प्रत्येक व्यक्ति के अंदर अपूर्णता विद्यमान होती ही है, बस उस के रूप बदल जाते हैं। उन्होंने रिक को यही सब समझाया और बताया।

जब रिक बारह साल का हुआ तो उसने एक कंप्यूटर प्रोग्राम की सहायता से अपनी भावनाओं को व्यक्त करना शुरू किया। कंप्यूटर रिक के सिर की गतिविधियों को शब्दों और वाक्यों में बदलता था। रिक ने पहली बार अपने सिस्टम पर ह्यगो ब्रूइंसह्न शब्द कहे। इससे डिक और जूडी को लगा कि रिक को खेलों में रुचि है। बस फिर क्या था? डिक ने डॉक्टर की हर बात को अनुसना करते हुए रिक के साथ एक टीम बनाने की सोची। यह टीम थी-टीम होइट। इस टीम में देश के सबसे कठिन मैराथन और ट्राइथैलन के लिए प्रशिक्षण लिया जा सकता था। वर्ष 1977 में डिक और रिक की पहली दौड़ के साथ ही टीम होइट प्रसिद्ध हो गई। दर्शकों ने जब यह देखा कि डिक अपने डेढ़ सौ पाउंड के बेटे रिक को अपनी बाइक की अगली सीट पर बिठाकर ले जाते हैं तो उन्होंने दांतों तले अंगुली दबा ली। डिक तैरते हुए उसे अपने पीछे आ रही नाव में खींचते थे और मैराथन प्रसंगों में उसकी व्हीलचेयर को धकेलते थे। इन दोनों पिता-पुत्र ने मिलकर हजार से अधिक प्रतियोगिताओं में भाग लिया।

इन प्रतियोगिताओं में दो पचास ट्राइथैलन और छह आयरनमैन इवेंट्स भी शामिल थे। यह सब कुल मिलाकर मैराथन के 26.2 मील, साइकिलिंग के 112 मील और तैराकी के 2.4 मील रहे। सभी जानते हैं कि ये अत्यंत कठिन प्रतियोगिताएं हैं। डिक ने रिक को बचपन से कठिन कार्यों के लिए प्रशिक्षित कर यह साबित कर दिया कि अपूर्णता में ही आनंद है। अपूर्णता को पूर्णता की ओर ले जाने का प्रयास करने वाला व्यक्ति पूरी दुनिया के लिए मिसाल बन जाता है। आज भी इनकी कहानी पूरी दुनिया को राह दिखाती है। यह कहानी बताती है कि किस प्रकार अपूर्ण होते हुए भी जीवन को श्रेष्ठ और आनंदमय तरीके से जिया जा सकता है।

एक बहुत सीधी सरल बात है कि जब तक व्यक्ति का जन्म नहीं होता, तब तक भी सब कुछ विधिवत चल रहा होता है। उसकी मृत्यु के बाद भी चीजें अनवरत होती रहती हैं। अगर व्यक्ति अपने आप में पूर्ण होता तो उसके रहने या न रहने से चीजें पलट जातीं। इस धरती पर सम्राट हो या फकीर, प्रत्येक व्यक्ति अपनी जीवन यात्रा पूर्ण कर मृत्यु को प्राप्त होता है। व्यक्ति की इच्छाएं अंत तक अपूर्ण ही रहती हैं, कुछ और करने की चाह, कुछ और पाने की आकांक्षा। सोचिए जब जीवन के इतने बड़े सच को हम सहजता

# अपनी प्रतिभा और शोहरत का लोहा मनाते भारतवंशी

**डॉ. प्रभात ओझा**



इन दिनों दुनिया के विभिन्न हिस्सों से कम से कम चार ऐसी खबरें आईं हैं, जिनसे पढ़े-लिखे भारतीय जुड़ाव महसूस कर सकते हैं। हालांकि यह पहली बार नहीं हुआ है, फिर भी हमेशा की तरह विचारणीय है। पहले खबरों की चर्चा कर ली जाए। विज्ञान की दुनिया भले मानव मात्र के कल्याण की दृष्टि से शिखर पर हो, परन्तु खेल सर्वाधिक चर्चित है। हम भी पहले खेल के उस समाचार से शुरू कर सकते हैं, जिसने भारतीय चैनलों पर टीआरपी के मानक बनाए। पहली खबर यह है कि वर्ल्ड कप के पहले ही मैच में भारतीय मूल वाले न्यूजीलैंड के खिलाड़ी रचिन रविंद्र का बल्ला इंग्लैंड के खिलाफ जमकर चला। रचिन ने मात्र 82 गेंदो पर शतक बना डाला। उन्होंने 4 छक्के और 9 चौके लगाए। गेंदबाजी करते हुए भी उन्होंने एक विकेट लिया। रचिन रविंद्र न्यूजीलैंड के वेलिंग्टन में पैदा हुए हैं, लेकिन उनके माता-पिता भारतीय हैं। सॉफ्टवेयर इंजीनियर पिता रवि कृष्णमूर्ती भी न्यूजीलैंड आने से पहले बेंगलुरु के लिए क्लब स्तर के क्रिकेट खेला करते थे। रोचक यह है कि उन्होंने दो मशहूर भारतीय खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर और राहुल द्रविड़ के नाम में से एक-एक अंश लेकर बेटे का नाम रचिन रविंद्र रखा।

भारतीयों के लिए हाल की दूसरी बड़ी खबर अमेरिकी आतंरिक्ष एजेंसी नेशनल एरोनॉटिक्स ऐंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन यानी नासा के वैज्ञानिक अरोह बड़जात्या ने दी है। अरोह भारतीय मूल के हैं। वे इसी 14 अक्टूबर को विशेष तरह के सूर्य ग्रहण के दौरान तीन रॉकेट लॉन्च करने वाले हैं। वैज्ञानिक बताते हैं कि इस तरह के सूर्यग्रहण के आसपास वायुमंडलीय बदलाव देखा जाता है। इसी दौरान रॉकेट लॉन्च करने का यह मिशन विशेष अध्ययन वाला होगा। अब साथ ही तीसरे समाचार में भारतीय मूल की वैज्ञानिक डॉ. जोइता गुप्ता की चर्चा करें। प्रोफेसर जोइता को जलवायु परिवर्तन के क्षेत्र में उनकी उपलब्धियों के लिए प्रतिष्ठित डच पुरस्कार मिला है। एम्स्टर्डम यूनिवर्सिटी के ह्यएम्स्टर्डम इंस्टीट्यूट फॉर सोशल साइंस रिसर्चह्न में ग्लोबल साउथ में इनवायरोमेंट ऐंड डेवलपमेंट और विकास और आईएचई डेल्फ्ट इंस्टीट्यूट फॉर वॉटर एजुकेशन की इस प्रोफेसर को मिला यह पुरस्कार स्पिनोजा पुरस्कार के नाम से चर्चित है। इसे डच नोबेल के नाम से भी पहचाना जाता है। प्रश्न यह नहीं है कि नोबेल के समानांतर दुनिया में कितने पुरस्कार और कहा-कहां हैं। मूल बात यह है कि यह एक भारतीय मूल की वैज्ञानिक को दिया गया है।

ये तीनों नाम भारतीय मूल के विशिष्ट लोगों की सूची में ताजा की तरह ही है। आज हम नाम गिनाने को बैठें तो यह सूची हजार में पहुंच सकती है। अकेले अमेरिका और कनाडा का ही उदाहरण लें तो वहां की राजनीति, व्यवसाय सहित विभिन्न क्षेत्रों में भारत से पहुंचे व्यक्ति अथवा उनकी अगली पीढ़ी खासा असर रखते हैं।

इस समय अमेरिकी राष्ट्रपति पद के लिए निर्वाचन की पूर्व प्रक्रिया चल रही है। उम्मीदवारी की होड़ में दो प्रमुख नाम ऐसे हैं, जो भारतीयों का ध्यान खींचते हैं। इनमें एक नाम तो निकी हेली का है। वे बहुत चर्चित हैं। वहीं लेखक, करोड़ों के मालिक उद्यमी विवेक रामास्वामी ने अपनी उम्मीदवारी की घोषणा कर लोगों को चौंकाया। उनका दावा है कि वे एक ऐसा सांस्कृतिक आंदोलन खड़ा करना चाहते हैं, जो विविधता में एकता को दर्शाएगा।

अमेरिका से आने वाली खबरों में चौथा समाचार हिंदू, बौद्ध, सिख और जैन धर्मों के लोगों को एक मंच पर लाने के लिए एक गुट बनाने का है। करीब एक सप्ताह पहले ही इस गुट को शुरू करने की घोषणा के समय भारतीय मूल के सांसद श्री थानेदार ने इसे 12 अन्य सांसदों के समर्थन का दावा किया। फिर से वही मूल प्रश्न कि इस तरह की खबरों से हम भारतीयों को मिलता क्या है? क्या इसके पीछे हम अपने देश की प्रतिभा पलायन नहीं देखते? जवाब की शुरूआत दूसरे प्रश्न से। सच यह है कि हर मामले में प्रतिभा पलायन नहीं है। कई लोग इन देशों में दूसरी-तीसरी पीढ़ी के हैं। उनके पूर्वज ने वहां अपने को स्थापित किया, फिर यह प्रतिभाएं सामने आईं। हां यह जरूर है कि 22 से 35 वर्ष के प्रोफेशनल्स भी बड़ी संख्या में विदेशों की ओर आकृष्ट हो रहे हैं। अंत में पहले सवाल का जवाब हम सभी अपने दिल से समझ सकते हैं। भारतीय चिंतन पूरे विश्व को अपने परिवार की तरह देखता है। हाल में जी-20 के सम्मेलन में हमने फिर से इस तरह के संकल्प को दोहराया है। इस अर्थ में हर भारतीय अथवा उसके वंशज का योगदान मानव मात्र के लिए हो, यह कामना रहती है। फिर वृहत परिवार से आए इस तरह के समाचार अपनों को, अपनी नई पीढ़ी को प्रेरणा तो देते ही हैं। इससे सीखें तो मेड इन इंडिया को ताकत मिलेगी।

# भारत में उच्च शिक्षा और विकास का दशक

**प्रो.हिमांशु राय**



"शिक्षा सबसे शक्तिशाली हथियार है, जिसका उपयोग आप दुनिया को बदलने में कर सकते हैं।"

-नेल्सन मंडेला

भारत की प्रगति के चित्रपट में, बीता दशक उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बदलाव की कहानी का जीवंत सूत्रधार रहा है। यह अवधि बदलाव को दशार्ती है, जहां शैक्षणिक संस्थान केवल ज्ञान के मंदिर भर नहीं रहे, बल्कि शिक्षण और समाज को समान रूप से आकार देते हुए नवाचार की आजमाइश बन गए। वैश्विकस्तर पर हो रहे परिवर्तनों के बीच, भारत का उच्च शिक्षा क्षेत्र उत्तरोत्तर विकसित हो रहा है। धूप में कमल की तरह खिल रहा है। यह केवल संख्या में वृद्धि का ही नहीं, बल्कि क्षमता की जागृति का भी प्रतीक है, जो भविष्य को ज्ञान, कौशल और विजन के सूत्र से बुन रहा है। अब जबकि भारत विश्व के लिए मानव संसाधनों का सबसे बड़ा उत्पादक बनने की दिशा में क्रमिक रूप से आगे बढ़ रहा है, हम भविष्य के संभावित घटनाक्रमों का अनुमान लगाते हुए बीते दशक में उच्च शिक्षा के परिदृश्य में भारत द्वारा की गई प्रगति पर विचार करते हैं।

संभावनाओं से भरपूर दशक की शुरूआतः भारतीय उच्च शिक्षा परिदृश्य वर्ष 2013-14 में बड़े बदलाव की ओर अग्रसर होने के कारण एक अहम पड़ाव पर था। हालांकि उसकी प्रगति स्पष्ट थी, लेकिन पहुंच बढ़ाने, गुणवत्ता सुनिश्चित करने और समावेशिता को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण चुनौतियां यथावत थीं।18-23 वर्ष आयु वर्ग के लिए लगभग 23 प्रतिशत सकल नामांकन अनुपात (जीईआर) के साथ पहुंच और नामांकन सीमित थे, जिनसे नितांत क्षेत्रीय असमानताएं एवं सामाजिक-आर्थिक बाधाएं प्रकट होती थीं। 723 विश्वविद्यालयों और 36,634 कॉलेजों सहित संस्थागत परिदृश्य, बुनियादी ढांचे की बाधाओं से विशेष कर ग्रामीण क्षेत्रों में जूझ रहा था। वित्त पोषण एक और महत्वपूर्ण मुद्दा था। जीडीपी के 3.84 प्रतिशत के कुल शैक्षिक व्यय में से उच्च शिक्षा को सीमित आवंटन प्राप्त हो रहा था।

यद्यपि एमओओसी जैसी डिजिटल पहल (एनपीटीईएल के एक प्रमुख उपलब्धि होने के नाते) उभर चुकी थी लेकिन असमान इंटरनेट कनेक्टिविटी और ढांचागत चुनौतियों के कारण उसकी पहुंच सीमित थी। ऑनलाइन शिक्षा, हालांकि संभावनाएं दर्शा रही थी, लेकिन मुख्यधारा के शिक्षण अनुभवों में पूर्ण एकीकरण के सामर्थ्य के साथ वह अपनी प्रारंभिक अवस्था में थी। इन चुनौतियों के बावजूद, वर्ष 2013-14 आत्मनिरीक्षण और सुधार का दौर भी रहा। इसने भविष्य में आगे बढ़ने की महत्वपूर्ण प्रेरणा का कार्य किया, जहां भारतीय उच्च शिक्षा पहुंच के अंतर को पाटने, गुणवत्ता बढ़ाने और परिवर्तनकारी प्रौद्योगिकियों को अपनाने का प्रयास करेगी।

प्रमुख सुधार और पहलः 2014 के बाद के वर्ष भारतीय उच्च शिक्षा को परिवर्तनकारी पथ पर आगे बढ़ाने की दिशा में हुए ठोस प्रयासों के साक्षी रहे। शिक्षा तक पहुंच को व्यापक बनाने, उसकी गुणवत्ता बढ़ाने और तकनीकी प्रगति को अपनाने के प्रति लक्षित सुधारों और पहलों ने इस परिदृश्य को नया आकार दिया।

नए विश्वविद्यालयों और कॉलेजों की विशेषकर वंचित क्षेत्रों में स्थापना से संस्थागत नेटवर्क में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई। साथ ही श्रेयस योजना, प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा योजना, सब्सिडी के माध्यम से छात्र ऋण को किफायती बनाने के प्रयास (केंद्रीय क्षेत्र ब्याज सब्सिडी योजना 2009 को मजबूत करना) और क्रेडिट गारंटी फंड आवंटन (सीसीएफ योजना 2015) करने आदि जैसे लक्षित छात्रवृत्ति कार्यक्रमों के साथ हाशिये पर मौजूद समुदायों तक इस पहुंच का विस्तार हुआ और देश भर में महत्वकांक्षाओं को प्रेरणा मिली।

एआईएसएचई वर्ष 2021-22 के अनुसार, उच्च शिक्षा में नामांकन वर्ष 2014-15 में 3.42 करोड़ से बढ़कर वर्ष 2021-22 में 4.33 करोड़ हो गया। जीईआर वर्ष 2014-15 में 23.7 से बढ़कर वर्ष 2021-22 में 28.4 हो गया, महिला जीईआर वर्ष 2014-15 में 22.4 से बढ़कर वर्ष 2021-22 में 28.5 हो गया। इस विस्तार के परिणामस्वरूप लाखों युवा उच्च शिक्षा में प्रवेश कर रहे हैं, जिसमें पहले से कम प्रतिनिधित्व वाले समूहों के प्रतिनिधित्व में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 एक परिवर्तनकारी रोडमैप के रूप में उभरी है, जिसमें बहु-विषयक शिक्षा, कौशल विकास और उद्योग भागीदारी पर जोर दिया गया है। इस मूलभूत बदलाव का उद्देश्य स्नातकों को उपयुक्त कौशल से लैस करना और तेजी से विकसित हो रहे नौकरी बाजार में रोजगार क्षमता को बढ़ावा देना है। केवल मेट्रिक्स के संदर्भ में ही नहीं, बल्कि एनईपी ने, भारत में शिक्षा परिदृश्य को मौलिक रूप से फिर से परिभाषित करने के अपने प्रयासों की बदौलत इस क्षेत्र में हितधारकों के भीतर प्रेरणा और उत्थान की भावना जगाई है।

विश्वविद्यालयों ने पाठ्यक्रम में संशोधन को अपनाया, लचीली क्रेडिट प्रणाली, पसंद-आधारित पाठ्यक्रम और उद्योग के अनुरूप विशेषज्ञता की शुरूआत की। घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों प्रकार के अग्रणी संस्थानों के साथ सहयोगपूर्ण अनुसंधान संबंधी पहल समृद्ध हुई, जिससे वैश्विक मंच पर भारत के अनुसंधान आउटपुट को बढ़ावा मिला। शिक्षक एवं शिक्षण पर पंडित मदन मोहन मालवीय राष्ट्रीय मिशन, गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम, नेशनल मिशन ऑन मेंटरिंग, अटल एफडीपी आदि जैसे शिक्षक प्रशिक्षण प्रयासों का संकाय विकास में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। स्वयं (जिसे वर्ष 2016 में पाठ्यक्रमों के संदर्भ में विस्तारित और समृद्ध किया गया) और एमओओसी जैसे डिजिटल शिक्षा प्लेटफार्मों के उदय ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच में क्रांति ला दी। ऑनलाइन डिग्री कार्यक्रमों ने विकल्पों का और अधिक विस्तार किया। राष्ट्रीय डिजिटल विश्वविद्यालय की स्थापना परिवर्तनकारी हो सकती है। देश भर में इंटरनेट कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने पर केंद्रित "डिजिटल इंडिया" और "भारतनेट" जैसी पहल ने डिजिटल शिक्षण उपकरणों को व्यापक रूप से अपनाने का मार्ग प्रशस्त किया।

उच्च शिक्षा के क्षेत्र में भारत की प्रगति उसके प्रभावशाली अनुसंधान आउटपुट और नवाचार से भी जाहिर होती है। जैसा कि यूएस नेशनल साइंस फाउंडेशन की 2022 की रिपोर्ट में कहा गया है कि वैज्ञानिक प्रकाशनों के क्षेत्र में भारत 2010 में वैश्विक स्तर पर सातवें स्थान से लंबी छलांग लगाते हुए वर्ष 2020 में तीसरे स्थान पर रहा। वर्ष 2017 और वर्ष 2022 के बीच अनुसंधान आउटपुट में 54 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो वैश्विक औसत से अधिक रही। इस अवधि में 1.3 मिलियन अकादमिक पेपर और 8.9 मिलियन उद्धरण देखे गए। नवाचार में वर्ष 2016-17 से वर्ष 2020-21 तक पेटेंट फाइलिंग में 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई।